100 प्रमुखस्वामी महाराज शताब्दी महोत्सव

वर्ष : 3 अंक : 269 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

रविवार, 29 मई 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## मातृभूमि की सेवा में नहीं छोड़ी कसर इन 8 सालों में नहीं झुकने दिया सिर: पीएम मोदी



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजकोट के एटकोट में नवनिर्मित माटुश्री के.डी.पी. मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने कहा, ह्लमुझे खुशी है कि आज यहां माटुश्री मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ हुआ। ये अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएगा। जब सरकार के प्रयास में जनता का प्रयास जुड़ जाता है तो सेवा करने की हमारी शक्ति भी बढ़ जाती है, राजकोट में बना ये अस्पताल इसका बड़ा उदाहरण है। गुजरात की धरती पर आया हूं तो मैं सिर झुकाकर गुजरात के सभी नागरिकों का आदर करना चाहता हूं। आपने मुझे जो संस्कार और शिक्षा दी, समाज के लिए जीने की बातें सिखाई, उसकी की बदौलत मैंने मातृभूमि की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास इस मंत्र पर चल कर हमने देश के विकास को एक नई गति दी है। इन 8 सालों में हमने पूज्य बापू और सरदार पटेल के सपनों का भारत बनाने के लिए ईमानदार प्रयास किए हैं।ह्व मोदी ने कहा, ह्लगरीबों की सरकार होती है तो कैसे उसकी सेवा करती है, उन्हें सशक्त करने के लिए काम करती है, ये आज पूरा देश देख रहा है।100 साल के सबसे बड़े संकट काल में भी देश ने ये लगातार अनुभव किया है। महामारी शुरू हुई तो गरीब के सामने खाने-पीने की समस्या हुई, तो हमने देश के अन्न भंडार खोल दिए। हमारी माताएं-बहनें सम्मान से जी सके इसके लिए हमने उनके जन धन बैंक खाते में सीधे पैसे जमा किए। किसानों और मजदूरों के बैंक खाते में पैसे जमा किए। हमने मुफ्त गैस सिलेंडरों की भी व्यवस्था की ताकि गरीब के घर की रसोई हमेशा चलती रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार राष्ट्रीय सेवा के 8 साल पूरे कर रही है। इन वर्षों में हमने गरीब की सेवा, सुशासन और गरीब के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए हमने देश के विकास को नई गति दी है। हमारी सरकार सुविधाओं को शत प्रतिशत नागरिकों तक पहुंचाने के लिए अभियान चला रही है। जब हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य होता है तो भेदभाव भी खत्म होता है, भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी नहीं होती। पीएम मोदी ने कहा, ह्लजब हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य होता है तो भेदभाव भी खत्म होता है, भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी नहीं रहती, ना भाई-भतीजावाद रहता है ना जात-पात का भेद रहता है। इसलिए हमारी सरकार मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को नागरिकों तक पहुंचाने में जी जान से जुटी हुई है।

## द्वारकाधीश की शरण में पहुंचे अमित शाह, पत्नी के साथ पूजा-अर्चना की



अमित शाह ने सपत्नीक भगवान की पूजा-अर्चना की भगवान द्वारकाधीश के दर्शन के बाद अमित शाह ने नेशनल कोस्टल पुलिस एकेडमी (एनएसीपी) का दौरा किया और तालीमार्थियों के साथ चर्चा की बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी आज गुजरात में हैं राजकोट के आटकोट में मल्टीस्पेशियालिटी अस्पताल का लोकार्पण करने के बाद पीएम मोदी के साथ अमित शाह आज ही गांधीनगर के

देवभूमि द्वारका, एजेंसी केन्द्रीय गृह एवं सहकारी मंत्री अमित शाह गुजरात दौरे पर हैं शनिवार को अमित शाह ने अपनी धर्मपत्नी के साथ भगवान द्वारकाधीश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की आज सुबह जामनगर एयरपोर्ट पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सीधे भगवान द्वारकाधीश मंदिर के रवाना हो गए द्वारकाधीश मंदिर में महात्मा मंदिर में आयोजित सहकार सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम मोदी शनिवार को दिल्ली के रवाना हो जाएंगे जबकि अमित शाह रविवार को भी गुजरात में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे रविवार को अमित शाह अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होनेवाले आईपीएल का फाइनल मैच देखेंगे

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री ने सावरकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हिंदुत्ववादी नेता विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सावरकर का जन्म वर्ष 1883 में 28 मई को महाराष्ट्र में हुआ था। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि मां भारती के कर्मठ सपूत वीर सावरकर को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। प्रधानमंत्री ने सावरकर से जुड़े चित्रों को मिलाकर तैयार की गई एक तस्वीर भी साझा की। इस तस्वीर में एक वॉइसओवर भी शामिल किया गया है, जिसमें मोदी और पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी सावरकर की खूबियों और योगदान के बारे में बता रहे हैं।

### चीन की चेतावनी को नजरअंदाज कर अमेरिका ताइवान से बढ़ा रहा कारोबार

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक आपूर्ति श्रंखला में आ रहे परिवर्तनों के मद्देनजर दुनिया के प्रमुख देश बचाव की मुद्रा में हैं। भारत देश में ही सेमीकंडक्टर हब बनाने की तैयारी में है, तो अमेरिका ताइवान के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए अमेरिका ने तय कर लिया है कि वह चीन की तमाम चेतावनी की परवाह नहीं करेगा, बल्कि उन्हें नजरअंदाज करेगा। खबरों के अनुसार, अमेरिका और ताइवान आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए जल्दी ही बातचीत शुरू करने वाले हैं। यह बातचीत ऐसे समय शुरू हो रही है, जब चीन ने अमेरिका को ताइवान के साथ संबंध नहीं बढ़ाने को कहा है। हाल ही में जापान में संपन्न क्वॉड समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ताइवान को लेकर खुलकर टिप्पणी की थी। बाइडेन ने तो यहां तक कह दिया था कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो अमेरिका खुलकर ताइवान का साथ देगा। बाइडेन की हालिया जापान यात्रा के दौरान ही इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क का ऐलान किया गया था। इस फ्रेमवर्क में भी अमेरिका ने ताइवान के साथ आर्थिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की बात की थी। अब बताया जा रहा है कि दोनों देश प्रस्तावित बातचीत में न सिर्फ आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर जोर देंगे, बल्कि ट्रेड फैसिलिटेशन, सप्लाई चेन वर्क और एग्री कमॉडिटीज के व्यापार को बढ़ाने की डील भी कर सकते हैं। अमेरिका इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क में ताइवान को शामिल करना चाहता है। हालांकि कुछ देश चीन की नाराजगी के कारण इसके पक्ष में नहीं हैं। अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स के अनुसार, ताइवान अभी अमेरिका का 9वां सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। आंकड़ों के अनुसार, साल 2020 में दोनों देशों के बीच 105.9 बिलियन डॉलर के सामानों व सेवाओं का व्यापार हुआ। इनमें से ताइवान ने अमेरिका से 39.1 बिलियन डॉलर के सामान व सेवाओं की खरीदारी की, जबकि अमेरिका ने ताइवान से 66.7 बिलियन डॉलर का आयात किया।

## कर्नाटक विधान परिषद के लिए निर्विरोध चुने गए 7 उम्मीदवार, राज्य के उच्च सदन में भाजपा बहुमत के करीब



बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव में सभी 7 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। विधान परिषद चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी और कर्नाटक विधानसभा की सचिव एमके विशालाक्षी ने बताया कि इन 7 सीटों के लिए 3 जून को चुनाव होना प्रस्तावित था, लेकिन शुक्रवार को नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन केवल 7 उम्मीदवार मैदान में बचे।

इसलिए सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। इन 7 में से भाजपा के 4, कांग्रेस के 2 और जद (एस) के 1 उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित किया गया है। इसके साथ ही कर्नाटक के उच्च सदन में भाजपा के बहुमत हासिल करने का रास्ता साफ हो गया है। निर्वाचित उम्मीदवारों में भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी, पार्टी की राज्य इकाई की सचिव हेमलता नायक व एस केशवप्रसाद और अनुसूचित जाति मोर्चे की राज्य इकाई के अध्यक्ष सी नारायणस्वामी शामिल हैं।

कांग्रेस की तरफ से बेंगलुरु महानगर परिवहन निगम (बीएमटीसी) के पूर्व अध्यक्ष एम नागराजू यादव और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व पूर्व एमएलसी अब्दुल जब्बार को निर्वाचित घोषित किया गया है। वहीं जद(एस) की ओर से पूर्व एमएलसी टीए श्रवण निर्वाचित हुए हैं। आगामी 14 जून को 7 मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल खत्म होने जा रहा है, जिसके चलते इन सीट पर चुनाव कराए जाने की जरूरत पड़ी।

कर्नाटक विधानपरिषद के जिन सदस्यों का कार्यकाल अगले महीने समाप्त होने जा रहा है उनमें भाजपा के लक्ष्मण सावदी और लहर सिंह सिरोया, कांग्रेस के रामप्पा तिम्मापुर, अल्लुम वीरभद्रप्पा तथा वीणा अचैया एस और जनता दल (एस) के एचएम रमेश गौड़ा और नारायणस्वामी केवी शामिल हैं। भाजपा ने लक्ष्मण सावदी को फिर से विधानपरिषद भेजा है, जबकि अन्य तीन सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया है। मतदान होने की स्थिति में प्रत्येक उम्मीदवार को जीत के लिए न्यूतम 29 मतों की जरूरत होती।

## पंजाब के सीएम भगवंत मान ने 424 वीआईपी लोगों की सुरक्षा वापस ली



चंडीगढ़, एजेंसी। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य में 424 लोगों को दी गई सुरक्षा वापस ले ली है। जिन लोगों की सुरक्षा हटाई गई है, उनमें कई सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, धर्मगुरु और राजनीतिक हस्तियां शामिल हैं। इससे पहले अप्रैल में पंजाब सरकार ने पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों और अन्य नेताओं सहित 184 लोगों की सुरक्षा वापस लेने का आदेश दिया था।

गौरतलब है कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, कैप्टन अमरिंदर सिंह के बेटे रनिंदर सिंह और कांग्रेस विधायक प्रताप सिंह बाजवारे की पत्नी के परिवार की सुरक्षा पिछले महीने वापस ले ली गई है। सुरक्षा को वापस लिए जाने का एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि पंजाब पुलिस पहले से ही कर्मचारियों की कमी से जूझ रही है। ऐसे में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आम स्थानों पर सुरक्षा कर्मियों की कमी को पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

पंजाब में सुरक्षा और पुख्ता करने के लिए लगभग 2,000 अतिरिक्त अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया जाएगा, क्योंकि नियमित तौर पर ऐसी जानकारी मिल रही है कि कुछ तत्व राज्य में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक के बाद यह बात कही, जिन्होंने उन्हें केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। मान ने कहा कि गृहमंत्री ने उनसे कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, यह दलगत राजनीति से ऊपर है और केंद्र सरकार पंजाब सरकार को हर संभव मदद मुहैया कराएगी।

## 'वीजा के बदले रिश्वत' केस में सीबीआई ने लगातार तीसरे दिन की कार्ति से पूछताछ

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2011 में तलवंडी साबो बिजली परियोजना के निर्माण में शामिल चीनी कर्मचारियों को 263 वीजा जारी करने के बदले कथित तौर पर रिश्वत लेने के मामले में सांसद कार्ति चिदंबरम से शनिवार को लगातार तीसरे दिन पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कार्ति शनिवार सुबह सीबीआई मुख्यालय पहुंचे और उनसे पूरे दिन पूछताछ जारी रहने की संभावना है। अधिकारियों के मुताबिक, सीबीआई गुरुवार से कार्ति से 11 साल पुराने मामले में पूछताछ कर रही है, जिसे कांग्रेस नेता ने फर्जी और राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम बताया है। यह मामला 2011 का है, जब कार्ति के पिता पी चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। सीबीआई ने कार्ति और अन्य के खिलाफ वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष अधिकारी द्वारा उन्हें और उनके करीबी एस भास्कररमन को कथित तौर पर 50 लाख रुपए की रिश्वत दिए जाने के मामले में 14 मई को प्राथमिकी दर्ज की थी।

सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है कि रिश्वत लेकर 263 चीनी कामगारों के लिए परियोजना वीजा जारी किया गया। टीएसपीएल पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि परियोजना वीजा 2010 में बिजली और इस्पात क्षेत्र के लिए पेश किए गए एक विशेष प्रकार के वीजा थे, जिसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में पी चिदंबरम के कार्यकाल के दौरान जारी किए गए थे। हालांकि, इन्हें फिर से जारी करने का कोई प्रावधान नहीं था।

## लद्दाख सड़क दुर्घटना में 7 सेना के जवानों की मौत, पीएम मोदी ने शोक जताया

लद्दाख, एजेंसी। लद्दाख में हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में सेना के 7 जवानों ने दम तोड़ दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर शोक जताते हुए ट्वीट कर लिखा कि, ह्यमैं लद्दाख में हुए बस हादसे से आहत हूं, जिसमें हमने अपने वीर सेना के जवानों को खो दिया है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि जो घायल हुए हैं वे जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्रभावितों को हर संभव सहायता दी जा रही है। बता दें कि, थल सेना के कर्मियों को ले जा रहा एक वाहन आज लद्दाख के तुकतुक सेक्टर में सड़क से फिसल कर श्योक नदी में गिर गया, जिससे 7 सैनिकों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गये। सेना के अधिकारियों ने बताया कि थोइसे से करीब 25 किमी दूर एक स्थान पर सुबह करीब नौ बजे यह दुर्घटना हुई।

सैनिक जिस वाहन में सवार थे, वह सड़क से फिसल कर श्योक नदी में जा गिरा। करीब 26 सैनिकों के एक दल को लेकर वाहन परतापुर ट्रांजिट कैम्प से हनीफ सब-सेक्टर में स्थित एक अग्रिम स्थान पर जा रहा था। एक अधिकारी ने बताया, ह्यअब तक सात सैनिकों को मृत घोषित किया गया है। अन्य को गंभीर चोटें भी आई हैं। घायलों की सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।'

,वाहन सड़क से करीब 50-60 फुट की गहराई में श्योक नदी में गिर गया। सभी घायलों को शुरूआत में परतापुर स्थित 403 फील्ड हॉस्पिटल ले जाया गया। कुछ घंटों बाद, सभी 19 घायल सैनिकों को हरियाणा के पंचकुला जिले में चंडीमंदिर स्थित सेना के पश्चिमी कमान अस्पताल ले जाया गया।

वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख सड़क हादसे पर शोक जताया है। रक्षा मंत्री ने कहा लद्दाख में एक बस त्रासदी के कारण हमारे बहादुर भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से गहरा दुख हुआ। हम अपने देश के लिए उनकी अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना। सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे से बात की, जिन्होंने मुझे स्थिति से अवगत कराया और घायल सैनिकों की जान बचाने के लिए सेना द्वारा उठाए गए कदमों से अवगत कराया। सेना घायल जवानों की हर संभव मदद कर रही है।

## भारत सहित 11 अन्य देशों को जेट सहित घातक रक्षा उपकरण निर्यात करेगा जापान



नई दिल्ली, एजेंसी। जापान की राजधानी टोक्यो में क्वाड लीडर्स समिट के दौरान एक बैठक के दौरान रक्षा निर्माण सहित द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर आपसी सहमति जताई थी। जापान ने भारत और 11 अन्य देशों को मिसाइल और जेट सहित घातक सैन्य उपकरणों के निर्यात की अनुमति देने की योजना बनाई है। यह एक ऐसा कदम जो नई दिल्ली और टोक्यो द्वारा रक्षा निर्माण में सहयोग करने की कोशिश को बढ़ावा दे सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत, ऑस्ट्रेलिया और कुछ यूरोपीय एवं दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को निर्यात की अनुमति देने के लिए अगले साल मार्च तक नियमों में ढील दी जाएगी। दरअसल, जापान ने रक्षा उपकरणों के हस्तांतरण के लिए एक सिद्धांत बनाया और फिर नियमों में ढील दी जिसने 2014 में देश के हथियार निर्यात करने पर प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि, यह नियम अब भी घातक हथियारों के निर्यात पर प्रतिबंध को जारी रखता है।

जापान की ओर से यह फैसला ऐसे समय में आया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा ने बीते मंगलवार को टोक्यो में क्वाड लीडर्स समिट के दौरान एक बैठक के दौरान रक्षा निर्माण सहित द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर आपसी सहमति जताई थी। भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जिनके साथ जापान ने अपने रक्षा बलों के बीच आपूर्ति और सेवाओं के पारस्परिक प्रावधान के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं ताकि ना सिर्फ दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा मिले, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा में भी योगदान दिया जा सके। जापान के सैन्य बलों और भारत की सेना के बीच क्रॉस-सर्विसिंग समझौते (एसीएसए) पर सितंबर 2020 में हस्ताक्षर किए गए थे।

निक्केई की रिपोर्ट में कहा गया है कि जापानी सरकार का लक्ष्य ह्यटोक्यो संग व्यक्तिगत सुरक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर करने वाले देशों के साथ सहयोग करके चीन के खिलाफ अपनी क्षमता को बढ़ानाह्ल है। इन देशों में वियतनाम, थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और इटली शामिल हैं। 2014 के नियम के अनुसार, जापान के साथ संयुक्त रूप से हथियार विकसित नहीं करने वाले देशों को रक्षा निर्यात बचाव, परिवहन, चेतावनी, निगरानी और माइनस्वीपिंग मिशन के लिए उपकरणों तक सीमित है। रक्षा निर्यात पर नए नियम जापान सरकार की आर्थिक, वित्तीय प्रबंधन और सुधार पर नीति का हिस्सा होंगे, जिसे जून में अंतिम रूप दिया जाएगा।

## भाजपा जॉइन करने वाले हैं हार्दिक पटेल तारीख भी हो गई फिक्स

नई दिल्ली, एजेंसी। गुजरात के पाटीदार नेता हार्दिक पटेल कांग्रेस छोड़ जल्द ही भाजपा का दामन थाम सकते हैं। मीडिया सूत्रों का कहना है कि हार्दिक की भाजपा में जॉइनिंग की तारीख भी फिक्स हो गई है। अगले तीन से चार दिनों में हार्दिक पटेल भाजपा में शामिल हो जाएंगे। कांग्रेस से बाहर निकलने के बाद पाटीदार नेता हार्दिक पटेल तमाम विरोधी स्वरों के बीच भाजपा में शामिल हो सकते हैं। गुजरात के अन्य पाटीदार नेता जो भाजपा में पहले से हैं, वे हार्दिक की भाजपा में एंट्री को लेकर खुश नहीं हैं लेकिन, उन नेताओं के विरोध स्वरों के बीच हार्दिक पटेल ने खुद दावा किया है कि वो 30 या 31 मई को भाजपा के साथ जुड़ जाएंगे। हार्दिक पटेल जून महीने की शुरूआत से पहले ही भाजपा में शामिल हो जाएंगे। गुजरात विधानसभा चुनाव में हार्दिक की भाजपा में एंट्री पार्टी के लिए कितनी फलदायी या नुकसान देही होगी ये तो भविष्य बताएगा लेकिन इस पशोपेश में कांग्रेस की राहें मुश्किल जरूर हुई हैं। हार्दिक पटेल ने हाल ही में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। वो गुजरात में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष का पद संभाल रहे थे। गुजरात पार्टी नेताओं पर सवाल उठाते हुए हार्दिक ने कई तीर छोड़े। यहां तक कि राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष हमला बोलते हुए ये तक कह डाला कि दिल्ली के एक वरिष्ठ नेता के चिकन सैंडविच के लिए पार्टी कार्यकर्ता का घनचक्कर बन गया। हार्दिक पटेल ने बातों ही बातों में यह भी कहा है कि भाजपा में शामिल होने के बाद वो विधानसभा चुनाव लड़ेंगे या नहीं और किस विधानसभा से लड़ेंगे। ये सभी बातें पार्टी ही तय करेगी। हार्दिक ने यह भी कहा कि वह सोमनाथ मंदिर से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक एकता यात्रा निकालने वाले हैं।





# धोखाधड़ी का एक अंधा मामला 48 घंटे में सुलझाया गया ; अमृता गुगुलोथ आईपीएस

» विजय गौड़ ब्यूरो चीफ




पुलिस स्टेशन मंदिर मार्ग, नई दिल्ली जिला ने एक आरोपी विक्रम भगत पुत्र बाल्मीकि भगत निवासी नंद नगरी, शाहदरा, दिल्ली मामले में प्राथमिकी संख्या 98/22, दिनांक 20.05.2022, धारा 420/34 आईपीसी के तहत गिरफ्तार किया है। 48 घंटे के भीतर ठगी का एक अंध▪ मामला सुलझाया, जिसमें आरोपितों ने शिकायतकर्ता के जेवर धोखे से ले लिए। हुआ यह कि 20.05.2022 को, सुश्री बसंती ६/ङ्ग लीलाधर निवासी/मंदिर मार्ग, नई दिल्ली ने बताया कि दो व्यक्ति उनके घर आए और ज्वैलरी क्लीनर होने का नाटक किया। शिकायतकर्ता ने उन पर विश्वास किया और सफाई के लिए दो सोने की बालियां और एक अंगूठी दी। हालांकि, जब वे सफाई कर रहे थे, वह थोड़ी देर के लिए बेहोश हो गई। होश में आने पर, उसने पाया कि लोग घर से निकल गए थे और उसके सोने के आभूषण ले गए थे। तदनुसार, एफआईआर संख्या 98/22, दिनांक 20.05.2022, धारा 420/34 आईपीसी के तहत पुलिस स्टेशन मंदिर मार्ग पर मामला दर्ज किया गया और जांच की गई। विनय माथुर, एसीपी/कनॉट प्लेस के समग्र पर्यवेक्षण में और इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह, एसएचओ / मंदिर मार्ग के मार्गदर्शन में एक टीम का गठन किया गया जिसमें सब इंस्पेक्टर सुखबीर एवं कांस्टेबल मक्खन को शामिल किया गया जांच के दौरान, परिसर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों सहित 40 से अधिक सीसीटीवी के फुटेज प्राप्त किए गए और उनका विश्लेषण किया गया। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण पर, यह पाया गया कि आरोपी व्यक्तियों ने पीड़ित के घर तक पहुंचने के लिए एक टीएसआर का इस्तेमाल किया है। टीएसआर के पंजीकरण विवरण प्राप्त किए गए और टीएसआर के चालक का पता लगाया गया और जांच की गई। चालक ने बताया कि दो व्यक्तियों ने दिल्ली के मंडोली से अपना टीएसआर किराए पर लिया। इस महत्वपूर्ण सूचना पर कार्रवाई करते हुए, आरोपी व्यक्तियों द्वारा टीएसआर को किराए पर लेने के लिए उपयोग किए जाने वाले स्थान के निकट रणनीतिक बिंदुओं पर कई टीमों को तैनात किया गया था। टीमों ने निकट समन्वय में काम किया और आरोपी व्यक्तियों की पहचान करने के लिए टीएसआर चालक की मदद का उपयोग किया। उसी दिन, एक आरोपी विक्रम भगत पुत्र बाल्मीकि भगत निवासी नंद नगरी, शाहदरा, दिल्ली (उम्र - 36 वर्ष) को टीएसआर चालक के कहने पर गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। अमृता गुगुलोथ आईपीएस पुलिस उपायुक्त नई दिल्ली जिला ने बताया कि आगे की जांच जारी है और सह-आरोपी को गिरफ्तार करने और चोरी के सामान को बरामद करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# थाना मंदिर मार्ग ने किया दो घोषित भगोड़े अपराधियों को गिरफ्तार





पुलिस थाना मंदिर मार्ग, नई दिल्ली जिला ने दो घोषित अपराधी मदन लाल (पीओ) एवं नाजिम (पीओ) को गिरफ्तार किया दोनों मथुरा उत्तर प्रदेश के रहने वाले है। वी एस मूर्ति की शिकायत पर मदन लाल पुत्र हुकम सिंह @ देवी लाल पर पीएस कनॉट प्लेस में एफआईआर संख्या 119/2002, धारा 420/468/471/120-बी आईपीसी के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। कोर्ट की सुनवाई के दौरान, आरोपी मदन लाल अदालत में उपस्थित नहीं हुए और जानबूझकर न्यायिक कार्यवाही से परहेज किया। इसके बाद, उन्हें 15.03.2005 को जी.पी. सिंह, माननीय एमएम, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। दूसरे आरोपी नाजिम के खिलाफ कुलबीर कुमार की शिकायत पर प्राथमिकी संख्या 548/1999, धारा 379/411/482/471 आईपीसी के तहत पीएस तिलक मार्ग पर चोरी का मामला दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान, आरोपी नाजिम अदालत में उपस्थित नहीं हुआ और जानबूझकर न्यायिक कार्यवाही से परहेज किया। इसके बाद, उन्हें 22.07.2006 को संजय बंसल, माननीय . एमएम, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह, एसएचओ / पीएस मंदिर मार्ग के मार्गदर्शन में एवं विनय माथुर, एसीपी/कनॉट प्लेस के समग्र पर्यवेक्षण में एक टीम का गठन किया गया जिसमें एसआई जय सिंह, एएसआई इंदर सिंह, एचसी सरवनदीप और एचसी रविंदर कुमार को शामिल किया गया अमृता गुगुलोथ आईपीएस पुलिस उपायुक्त नई दिल्ली जिला ने ब्यूरो चीफ विजय गौड़ को बताया कि घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए टीम ने कड़ी मशक्कत की और गोपनीय जानकारियां जुटाईं। गुप्त सूचना के मिलान और नियमित अनुवर्ती कार्रवाई के आधार पर, टीम ने मदन लाल पुत्र हुकम सिंह उर्फ देवी लाल को उनके निवास जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया। उसी दिन, टीम ने एक अन्य भगोड़ा अपराधी नाजिम पुत्र समीम उर्फ सलीम को उसके जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार नयी नौकरियां देने में नहीं , बल्कि बची हुई नौकरियां छीनने में सक्षम - राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय रेल में गैर संरक्षा श्रेणी के 91 हजार से अधिक पदों पर भविष्य में कभी भर्ती नहीं होने के दावे वाली खबर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार नयी नौकरियां देने में नहीं, बल्कि बची हुई नौकरियां छीनने में सक्षम है। राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में कहा, ह्यह्यमोदी सरकार नई नौकरियां देने में तो नहीं ,लेकिन बची हुई नौकरियां छीनने में जरूर सक्षम है। याद रहे, यही युवा आपके सत्ता के घमंड को तोड़ेगा। इनके भविष्य को बर्बाद करना, इस सरकार को महंगा पड़ेगा।

### राजेंद्र नगर विधानसभा उप-चुनाव में आम आदमी पार्टी की लहर चलने जा रही है- संदीप तंवर

नई दिल्ली, एजेंसी। केजरीवाल सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, महिला सुरक्षा, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और मुफ्त वाईफाई समेत तमाम क्षेत्रों में किए जा रहे ऐतिहासिक कार्यों से प्रभावित होकर लगातार लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में ह्यआपह्न राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज कांग्रेस नेता संदीप तंवर समेत अन्य सैंकड़ों साथियों का आम आदमी पार्टी में स्वागत किया। ह्यआपह्न एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने टोपी और पटका पहनाकर सभी को पार्टी में शामिल किया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल मॉडल और आम आदमी पार्टी की काम की राजनीति से प्रभावित होकर न सिर्फ दिल्ली से बल्कि पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रों और अलग-अलग पार्टियों से लगातार लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज कांग्रेस नेता संदीप तंवर आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उनके साथ-साथ सैंकड़ों साथियों ने आज आम आदमी पार्टी का दामन थामा है। मैं सभी का आम आदमी पार्टी में हार्दिक स्वागत करता हूं।

### एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने नए अध्यक्ष का स्वागत किया और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की

नई दिल्ली , एजेंसी। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने आज एनडीएमसी मुख्यालय में भूपिंदर सिंह भल्ला को एनडीएमसी के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने पर फूलों से उनका स्वागत किया और बधाई दी। स्वागत के बाद श्री उपाध्याय ने एनडीएमसी क्षेत्र विकास कार्य योजनाओं, परियोजनाओं और लंबे समय लंबित कर्मचारी कल्याण के मुद्दों पर चर्चा की। श्री उपाध्याय ने अगले वर्ष दिल्ली में होने वाले आगामी जी20 शिखर सम्मेलन पर भी चर्चा की। उन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन के प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए नई दिल्ली क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने के लिए विकास परियोजनाओं के लिए एनडीएमसी टीम को तैयार करने पर जोर दिया। उपाध्याय ने आश्वासन दिया कि हम देश भर से और विदेशों से भी नागरिकों और आगंतुकों को प्रदान करने के लिए बेहतर नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

# जम्मू कश्मीर में प्रीपेड मोबाइल क्यों चालू नहीं है नेशनल पैंथर्स पार्टी

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर मदरलैंड संवाददाता




नेशनल पैंथर्स पार्टी दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष राजीव जोली खोसला ने आज पैंथर्स पार्टी मुख्यालय एक प्रेस वार्ता में जम्मू कश्मीर में 7 जवानों के शहीद होने पर श्रद्धांजलि दी और कहां की पैंथर्स परिवार ने प्रधानमंत्री जी को 18 मई को एक पत्र लिखा जिसमें मांग की जम्मू एंड कश्मीर में प्रीपेड मोबाइल सेवा चालू करने के लिए भारत के अन्य सभी राज्यों में प्रीपेड मोबाइल सेवा चालू है सिर्फ जम्मू कश्मीर को छोड़कर ! क्या जम्मू कश्मीर भारत का अंग नहीं है !पैंथर्स पार्टी प्रधानमंत्री से पूछना चाहती है !क्योंकि आज पूरे हिंदुस्तान की जनता के पास पोस्टपेड की जगह प्रीपेड मोबाइल ही है पोस्ट पेड़ इतने महंगे पड़ते हैं कि आज के महंगाई के जमाने में उनका खर्चा भर पाना बहुत मुश्किल है पार्टी मांग करती है कि श्री अमरनाथ जी यात्रा आरंभ होने से पहले प्रीपेड मोबाइल सेवा आरंभ की जाए यह कोई सिक्योरिटी रीजन का मकसद नहीं है जिसने जो करना है वह कर रहा है चाहे प्रीपेड हो या पोस्टपेड हो ! पार्टी अन्यथा मंत्रियों का घेराव करेगी

प्रेस वार्ता में मौजूद स्वर्ण सिंह यादव मजदूर नेता, पवन कुमार जिलाध्यक्ष शाहदरा ,समाज सेवक चमन नागर और हितेश शर्मा , आर्यन उनियाल कृष्ण मोहन भारद्वाज , सुरेंद्र पुष्करणा और समर्पण सोशल वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्षा शैल पासवान मंजू सुखवाल , आरती ने भी अपना पूरा समर्थन दिया कि जम्मू-कश्मीर में प्रीपेड मोबाइल सेवाएं शीघ्र लागू की जानी चाहिए।

# समाज सेवा ईश्वर की सच्ची पूजा ; डॉ0 चंद्रमोहन प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर




भारती विद्यापीठ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, नई दिल्ली में एनएसएस इकाई की तरफ से आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। जिसका संचालन मई 25 से 27, 2022 के बीच किया गया। जिसमें अलग-अलग तरह की एक्टिविटीज को दशार्या गया। जिसका थीम योगा व सांस्कृतिक कार्यक्रम था । वहीं सामाजिक मुद्दों पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी इसके अंतर्गत दर्शाए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ0 चंद्रमोहन को आमंत्रित किया गया। प्रोग्राम अफसर डॉ0 चन्दर मोहन ने कहा कि एन एस एस युवा एवं खेल मंत्रालय का वो प्लेटफार्म है जो युवाओं को समाज से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है हर युवा को समाज से जुड़कर समाज एवं राष्ट्र के हित में अपना योगदान देना चाहिए समाज से जुड़कर हमें जीवन की सच्चाइयों का पता चलता है उन्होंने कहा कि समाज सेवा ईश्वर की सच्ची पूजा है तीन दिवसीय कार्यक्रम मैं एनएसएस के वॉलिंटियर व कॉलेज के अन्य छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, और समाज के विभिन्न वर्गों को एक रहने और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने के लिए संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज प्रिंसिपल डॉ धर्मेंद्र सैनी दीप प्रज्वलित करके किया गया। एनएसएस के प्रोग्राम में वॉलिंटियर्स आर्यन जैन, अदिति शर्मा, शिवम कपूर व अन्य ने बहुत ही बड़ा योगदान दिया।

# हरियाणा शहरी निकाय चुनाव 2022 भारतीय जनता पार्टी अकेले लड़ेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा शहरी निकाय चुनाव 2022 अकेले लड़ेगी। पार्टी की चुनाव समिति ने ये तय किया है कि 18 नगर परिषद और 28 नगर पालिका में गठबंधन के बजाय पार्टी अकेले मैदान में उतरेगी। इस संबंध में बताते हुए हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष ओपी धनखड़ ने कहा कि पार्टी निकाय चुनाव गठबंधन के तहत नहीं लड़ेगी। नगर परिषद का चुनाव बीजेपी अपने सिंबल पर लड़ेगी। जबकि पालिका का फैसला बीजेपी की जिला ईकाई करेगी। पालिका में जो उम्मीदवार सिंबल पर लड़ेंगे, उसका फैसला बीजेपी जिला इकाई करेगी।

धनखड़ ने कहा कि चुनाव को लेकर एक जून को पंचकुला में बैठक होगी। चर्चा थी कि बीजेपी और जननायक जनता पार्टी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। लेकिन दोनों पार्टियों के बीच बात नहीं बनी। बता दें कि बीते 23 मई को राज्य निर्वाचन आयोग ने शहरी निकाय चुनाव के तारीखों की घोषणा कर दी है। आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी धनपत सिंह ने चंडीगढ़ में पीसी के दौरान तारीखों की घोषणा करते हुए बताया था कि चुनाव के बाबत 24 मई नोटिफिकेशन जारी होगा। वहीं, 30 मई से चार जून तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। 6 जून को स्क्रूटनी होगी। 7 जून को विड्रॉल की तिथि रहेगी। इसी दिन इलेक्शन सिंबल भी दिए जाएंगे।

अधिकारी ने बताया था कि सात जून को इलेक्शन सिंबल देने के साथ ही उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। 19 जून को वोटिंग होगी, जो सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक चलेगी। अगर जरूरत महसूस हुई तो 21 जून को रिपोल होगा, इसके बाद 22 जून को मतों की गिनती होगी। बता दें कि चुनाव के लिए नोटिफिकेश जारी होने के बाद से ही क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। गौरतलब है कि हरियाणा में कुल 93 शहरी निकाय हैं। लेकिन आयोग ने 46 में ही चुनाव की घोषणा की है

# सेवा , सुशासन एवं गरीब कल्याण पखवाड़ा मनाया जाएगा मोदी के 8 साल पूरे होने पर



नई दिल्ली, एजेंसी। मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण पखवाड़ा मनाएगी।बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद अरूण सिंह ने केन्द्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के दिशा निर्देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पखवाड़ा मनाया जायेगा, जिसमें सभी केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश-जिले एवं मंडल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इन 15 दिनों की अवधि में 75 घंटे जनसंपर्क कार्यक्रम में अपना योगदान देंगे।

अरूण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 8 साल पूरे हुए हैं और उनके नेतृत्व में समाज के गरीब-शोषित-वंचित, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए अनेक काम हुए हैं। अरूण सिंह ने 30 मई से 14 जून 2022 तक मनाए जाने वाले सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण पखवाड़ा का विस्तृत ब्यौरा देते हुए कहा, ह्यइस पखवाड़े का पहला दिन अर्थात 30 मई को पीएम केयर फंड के माध्यम से कोविड-19 की वजह से अनाथ हुए बच्चों के लिए स्कॉलरशीप की भी घोषणा की जाएगी।

अरूण सिंह ने 30 मई से 14 जून 2022 तक मनाए जाने वाले सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण पखवाड़ा का विस्तृत ब्यौरा देते हुए कहा, ह्यइस पखवाड़े का पहला दिन अर्थात 30 मई को पीएम केयर फंड के माध्यम से कोविड-19 की वजह से अनाथ हुए बच्चों के लिए स्कॉलरशीप की भी घोषणा की जाएगी।ह्न बीजेपी नेता ने कहा कि गांवों एवं शहरों में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यों की चर्चा करने पर सकारात्मक रेस्पोंस मिलता रहा है। सभी मानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके कल्याण के लिए अनवरत काम कर रहे हैं, इस वजह से देश की जनता का केंद्र सरकार के प्रति भरोसा बढ़ा है।

# पांच साल में तेल की कीमतें 150 प्रतिशत बढ़ी, पम्प डीलर्स का कमीशन नहीं बढ़ा: अनिल यादव

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

गुरुग्राम। ऑल हरियाणा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने शनिवार को यहां पत्रकार वार्ता करके कहा कि सरकार और तेल कंपनियों की मनमानी से पम्प डीलर्स को करोड़ों का घाटा हो रहा है। वर्ष 2017 के बाद अब तक पिछले पांच साल में पम्प डीलर्स का कमीशन तेल कंपनियों ने नहीं बढ़ाया है, जबकि नियम यह है कि हर छह महीने के बाद डीलर कमीशन बढ़ाया जाना चाहिए। यह तेल कंपनियों ने खुद भी लिखित में स्वीकार किया हुआ है। एसोसिएशन के प्रधान अनिल यादव ने कहा कि पिछले पांच साल में पेट्रोल की कीमत 160 प्रतिशत और डीजल की 150 प्रतिशत बढ़ चुकी है, लेकिन इस समय अंतराल में पंप डीलर्स का कमीशन एक बार भी रिवाइज नहीं किया गया है। भारत सरकार की ओर से गठित अपूर्व चंद्रा कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में भी यह कहा है कि पम्प डीलर्स को जो कमीशन मिलता है, उसका 90 फीसदी हिस्सा तो पम्प संचालित करने में ही खर्च हो जाता है। उनका जो खर्चा बढ़ा है, उसकी पूर्ति आज के दिन कमीशन से नहीं हो पा रही। एसोसिएशन के महसचिव एमसी गुप्ता ने कहा कि पम्प डीलर्स को एक्साइज के घटने-बढने से बाहर रखना चाहिए। डीलर को एक्साइज ड्यूटी का पूरा भुगतान करने पर ही पेट्रोल, डीजल की पूरी सप्लाई दी जाती है। ऐसे में उनके बिक्री मूल्य में से एक्साइज ड्यूटी की राशि वापस कम करना ज्यादगी है। अनिल यादव ने कहा कि इन सब विषयों, समस्याओं को लेकर एसोसिएशन की ओर से तेल कंपनियों के चेयरमैन व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित में अनुरोध किया जा चुका है, लेकिन डीलर्स की समस्याओं का कोई हल नहीं हुआ है। उन्होंने सीमावर्ती राज्यों की तर्ज पर हरियाणा में भी बेसिक रेट कम करने की मांग की है।

ऐसे में पंप डीलर्स को निर्णय लेना पड़ा है कि आगामी 31 मई 2022 को हरियाणा राज्य में सभी तेल कंपनियों का कोई भी डीलर पेट्रोल व डीजल की सप्लाई नहीं लेगा। यानी पेट्रोल, डीजल नहीं खरीदा जाएगा। इसे नो पर्चेज नाम दिया गया है। जो पहले से स्टॉक में होगा, वही बेचा जाएगा। अगर सरकार ने तेल की खरीद पर से वेट कम नहीं किया तो आगामी समय में सरकारी वाहनों में उधार में तेल देना बंद किया जाएगा। जो भी समस्या उत्पन्न होगी, उसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। क्योंकि अपनी मांगों को लेकर एसोसिएशन ने कई बार मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा है, लेकिन मुख्यमंत्री नहीं मिल रहे। खुद प्रधानमंत्री प्रदेश सरकारों से वैट कम करने का आग्रह कर चुके हैं, लेकिन हरियाणा सरकार ने पीएम के निर्देशों की भी अनदेखी की है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राहुल जैन, पवन गोयल, महासचिव नकुल अग्रवाल, खजांची अशोक जैन, गुडगांव अध्यक्ष मनीष यादव के अलावा राकेश जैन, पवन गुप्ता, राज यादव, अनिल आदि मौजूद रहे।

**हिमाचल के बराबर लिया जाए वैट**

एसोसिएशन की ओर से जानकारी दी गई कि हरियाणा में डीजल पर वैट 16.80 फीसदी, चंडीगढ़ में 6.66 फीसदी, पंजाब में 10.912 फीसदी है। हिमाचल प्रदेश में डीजल पर वैट 4.40 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह पेट्रोल पर हरियाणा में वैट 19.11 फीसदी, चंडीगढ़ में 15.24 फीसदी, पंजाब में 15.147 फीसदी है। हिमाचल में 12.59 रुपये वैट प्रति लीटर पर लिया जाता है। मांग है कि हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर हरियाणा में वैट लिया जाए।

# उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए डॉ. रेखा बंका राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन ब्रह्मकुमारी द्वारा सम्मानित

» मदरलैंड संवाददाता







नई दिल्ली। राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन ब्रह्मकुमारी द्वारा मानेसर, गुरुग्राम में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान गैर सरकारी संस्थाओं के उन महान विभूतियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने समाज की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित कर रखा है। इन्हीं महान समाजसेवियों में उपकार फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. रेखा बंका भी हैं, जिन्हें हरियाणा की सोशल जस्टिस एंड एंपावरमेंट मिनिस्टर प्रतिमा भौमिक तथा ब्रह्मकुमारी सेंटर मानेसर के डायरेक्टर दीदी बी. के. आशा के हाथों सम्मानित किया गया। राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाऊंडेशन ब्रह्मकुमारी द्वारा इन विभूतियों को सम्मानित कर उन्हें उचित महत्त्व दिया गया है। वहीं समाज में एक प्रेरणादायक संदेश भी भेजा गया की समाज सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। इस अवसर पर महरौली विधानसभा के कर्मठ युवा विधायक नरेश यादव भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा डॉ बंका के इस सम्मान का गवाह बने। डॉ बंका का पूरा जीवन समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा में बीता है। एक शिक्षाविद, पत्रकार, समाजसेवी, के रूप में वह समाज की सेवा में अनवरत लगी रही हैं। यही कारण है उन्हें लगातार नामी-गिरामी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जाता रहा है, जिसकी वह वास्तविक हकदार भी हैं। डॉक्टर बंका उपकार फाउंडेशन के अन्य सदस्यों के पूर्ण सहयोग से लगातार मानवता की सेवा में लगी हैं। गरीब असहाय एवं बीमार आरती को उपकार फाउंडेशन की तरफ से प्रति माह आर्थिक सहायता दी जा रही है। कोरोना काल के दौरान उपकार फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंदों के भोजन की व्यवस्था की गई, वही कीट तथा मास्क वितरित किए गए। कोरोना काल के दौरान उनकी अमूल्य सेवा के लिए त्रयंबकम विश्व ज्योति परिषद ने उन्हें कोरोना वारियर के रूप में सम्मानित किया। न्यूमरोलॉजी एवं एस्ट्रोलॉजी का भी उन्हें गहरा ज्ञान है और इस नाते भी समाज से उनका एक गहरा लगाव है। गरीब यतीम बच्चों की शिक्षा परित्यक्त एवं विधवाओं को आर्थिक मदद, सर्दी के समय में गरीबों को कंबल वितरण इस तरह के कार्य हैं जिस माध्यम से वह समाज की यथासंभव सहयोग एवं जरूरतमंदों का सहारा बनती रही हैं । कोरोना काल में भी डॉक्टर बंका अपनी जान की परवाह किए बगैर लोगों की सेवा एवं सहायता में लगी रही। जो काफी प्रेरणादाई एवं उनके सहृदय मानव जीवन का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

## संक्षिप्त समाचार

### कमला डांगा जंगल में शव बरामद

मदरलैंड संवाददाता, आसनसोल : रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के कमला डांगा जंगल में शनिवार की सुबह एक व्यक्ति का झूलता शव पुलिस ने बरामद किया। आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया सदर अस्पताल भेज दिया गया। सूत्रानुसार शनिवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे स्थानीय लोगों ने व्यक्ति का झूलता शव देखकर पुलिस को सूचना दी। स्थानीय रघुनाथपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान रघुनाथपुर नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 निवासी बिपिन सेन (45) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बिपिन पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव से पीड़ित था। इसलिए उन्होंने आत्महत्या कर ली।

### दलित की पुश्तैनी जमीन पर दबंगों ने किया कब्जा




मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/एलाऊ। थाना एलाऊ क्षेत्र के गांव में भावत निवासी जितेंद्र सिंह, प्रभुदयाल सिंह, धन सिंह पुत्रगढ़ राजाराम आदि लोगों के द्वारा पूर्व मे एससी एसटी आयोग एवं जिलाधिकारी के यहां गाटा संख्या 863 रकबा 0709 मेरी पुश्तैनी जमीन है। जिस पर गांव के ही निवासी मनोज दुबे, अमित दुबे उर्फ चिंति पुत्रगढ़ किशनचंद आदि ने मेरे खेत की मेड़ तोड़कर पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा जमा लिया है। यह लोग काफी रसूख वाले हैं। इन लोगों ने चकबंदी कार्यालय मैनपुरी में पुराने अभिलेखों में हेराफेरी की है। जबकि 1994 में 2क की नकल के अनुसार अशोक कुमार, किशन चंद, राजबहादुर पुत्रगढ़ मुक्ता प्रसाद के नाम पुरानी गाटा संख्या 2637 में कहीं नाम दर्ज नहीं है। उक्त लोग काफी रसूख वाले लोग हैं, थाना पुलिस व क्षेत्रीय लेखपाल की सांठगांठ के चलते मेरी जमीन कब्जा मुक्त नहीं हो सकी। प्रार्थी कई माह से तहसील कार्यालय भोगांव व थाना एलाऊ के चक्कर लगा रहा है। उक्त लोग खुद को बीजेपी का सक्रिय कार्यकर्ता बताते हैं। जबकि यह लोग बहुजन समाज पार्टी के सक्रिय सदस्य है। पीड़ित ने समस्या के संबंध में थाना दिवस के अवसर पर शिकायती पत्र जिलाधिकारी को सौंपा पुश्तैनी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की।

### राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय पढ़ेनी में पर्यावरण शुद्धि के लिए हवन किया गया



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय पढ़ेनी में पर्यावरण शुद्धि के लिए हवन किया गया। हवन में डाला हुआ पदार्थ कभी नष्ट नहीं होता स्थूल को सूक्ष्म बना करके ब्राह्मण्ड में फैल जाता है, और आकाश, अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी में मिलकर हमको ऑक्सीजन प्रदान करता है। इस मौके पर स्कूल के हेड मास्टर नवीन कुमार, रहाडी स्कूल के प्रिंसिपल आनंद कुमार, हेडमास्टर जोगेंद्र कुमार ने कक्षा की बालिका सना, ईशा, तनीषा एनएमएमएस में चयन होने सभी ने स्कूल के स्टाफ एवं गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई। इस अवसर पर श्रीमती सुनीता चौहान, श्रीमती निशा, सरोज बाला, कुलदीप शास्त्री झामुवास, राजेंद्र सिंह रेवाड़ी, आचार्य राजेश ने भी हवन में आहुति लगाई।

### स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन होते रहना चाहिए- महंत नरेशगिरि महाराज



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। मेदांता-एवं लंगोटिया यार सेवा समिति द्वारा श्री सिद्ध शिव शानिदेव मंदिर डिढारा, तावडू के सौजन्य से शनिवार को मंदिर प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिकित्सीय टीम द्वारा ईसीजी, बीपी, रैंडम ब्लड शुगर एवं एक्स-रे किया गया। इसके अलावा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत नरेशगिरि महाराज ने कहा कि जन स्वास्थ्य के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि निःशुल्क जांच व दवा से हर आम व खास को लाभ पहुंच सके।

### तहसील अकराबाद में होगें तीन ब्लाक व पांच थाना क्षेत्रों के 152 गांव शामिल

अलीगढ़, एजेंसी। अकराबाद को जिले की छठवीं तहसील बनाने के प्रस्ताव को जिला प्रशासन ने संस्तुति के साथ शासन में भेज दिया है। इस तहसील में कोल व अतरौली तहसील के तीन ब्लाक व पांच थाना क्षेत्रों में आने वाले 152 गांव को शामिल किया गया है। इनकी कुल आबादी 4.32 लाख है। प्रस्तावित नई तहसील में एसडीएम के साथ एसडीएम न्यायिक, एक तहसीलदार व दो नायाब तहसीलदार के भी पद होंगे। अब इस प्रस्ताव पर शासन को अंतिम फैसला करना है। जिले में कोल, अतरौली, खैर, इगलास व गभाना समेत पांच तहसील हैं। इसमें कोल तहसील सबसे अधिक गांवों का भार है। इस तहसील क्षेत्र में 393 गांव, एक नगर निगम व पांच नगर पंचायतें आती हैं। इस तरह एक तिहाई से अधिक जनसंख्या इसी तहसील क्षेत्र में है। ऐसे में लोग काफी समय से अकराबाद को अलग तहसील बनाने की मांग कर रहे हैं। जनता की इसी मांग को देखते हुए छर्रा विधायक रवेंद्र पाल सिंह ने बीते दिनों राजस्व परिषद में इसका मांग पत्र दिया था।

# चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ मरीजों की सेवा-भाव से करें देखभाल, किसी के जीवन से खिलवाड़ न करें, मरीजों को बेहतर उपचार मुहैया करायें-अविनाश

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। स्वास्थ्य विभाग की संचालित अधिकांश योजनाओं, कायक्रमों यथा नियमित टीकाकरण, गभर्वती महिलाओं के टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु देखभाल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरावली की प्रगति बेहद खराब पाए जाने पर प्र. चिकित्साधिकारी कुरावली डॉ. मुनेंद्र सिंह को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने, एक माह में सुधार न होने पर विभागीय कायवाही की संस्तुति किए जाने, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हिन्दपुरम की प्रगति खराब पाए जाने, हिंदपुरम के चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज को बैठक से अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही अग्रिम आदेशों तक उनका वेतन आहरित न किए जाने, आशाओं की ट्रेनिंग में लापरवाही बरतने पर प्र. चिकित्साधिकारी सुल्तानगंज डॉ. जय प्रकाश को चेतावनी जारी किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक के दौरान दिए।

श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ प्र. चिकित्साधिकारियों, चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निवर्हन में लापरवाही बरती जा रही है, स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़ी कई योजनाओं, कायक्रमों में जनपद के कई सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की प्रगति बेहद निराशाजनक है, एंबुलेंस सेवा 108 का रिस्पांस टाइम भी अन्य जनपदों के मुकाबले अधिक है, आशा फॉलो-अप विजिट में मैनपुरी अबर्न, कुचेला, जागीर की प्रगति भी ठीक नहीं है, 02 साल से छोटे बच्चे, जो टीकाकरण से वंचित हैं के टीकाकरण में मैनपुरी अबर्न की प्रगति बेहद निराशाजनक है, कुछ स्वास्थ्य केंद्रों पर उपकरण, किट, ओ.आर.एस., जिंक टेबलेट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है, परिवार नियोजन में स्वास्थ्य केंद्र बरनाहल, बेवर, करहल, जागीर, घिरोर की स्थिति खराब है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, प्र. चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 15 दिन में सभी योजनाओं की प्रगति सुधारी जाए, नोडल अधिकारी एंबुलेंस डॉ. अनिल कुमार को हिदायत देते हुए कहा कि एंबुलेंस के संचालन की स्थिति सुधारें, मरीज तक कम से कम समय में एंबुलेंस पहुंचे, प्रसव के उपरांत डिस्चार्ज होने पर प्रसूता को उसके घर तक एंबुलेंस-102 से भेजा जाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित प्र. चिकित्साधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों, जिला कायक्रम अधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र का कोई बैड किसी भी दिन खाली न रहे, प्रत्येक विकास खंड से कम से कम 02-02 सेम बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जाए ताकि उनकी सेहत सुधरे और वह जल्द से जल्द कुपोषण से सुपोषण की श्रेणी में आ सकें।



● सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कैंप आयोजित कर महिला-पुरुष नसबंदी की प्रगति सुधारें, स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में लापरवाही अक्षम्य होगी-जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रत्येक पात्र महिला को योजना का लाभ मिले, योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराए जाने वाली धनराशि उसके बैंक खाते में शासनादेश के अनुसार उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि योजना में बेवर, करहल, मैनपुरी अबर्न की प्रगति ठीक नहीं है, मैनपुरी अबर्न की प्रगति मात्र 53 प्रतिशत है, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कायक्रम में सुल्तानगंज, किशनी, जागीर द्वारा लापरवाही बरती गई है, इन स्वास्थ्य केंद्रों के अधीन संचालित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण नहीं किया है, बच्चों की सेहत के साथ इस प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। उन्होंने प्र. चिकित्साधिकारियों से कहा कि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर विद्यालयों के खुलने के उपरांत विद्यालयों का भ्रमण कायक्रम बनाकर सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करें। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, क्षय रोग नियत्रंण कायक्रम, पीसीपीएनडीटी आदि की बिन्दुवार गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. अरविंद गर्ग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमल सिंह, जिला कायक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, यूनिसेफ से संजीव पांडेय, डब्ल्यूएचओ से डॉ. बी.पी. सिंह, आईएमए प्रतिनिधि डॉ. संजय अग्रवाल, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव राय बहादुर, राजीव राय, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आर.पी. सिंह सहित समस्त प्र. चिकित्साधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी रविंद्र गौर, मलेरिया अधिकारी एस.एन. सिंह, डॉ. अनिल यादव आदि उपस्थित रहे।

## डॉ.भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। डॉ.भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय औडन्य पडरिया मैनपुरी में सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी प्राचार्य डॉ. पुष्पा कश्यप के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव एवं सड़क सुरक्षा प्रभारी श्री प्रमोद कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा करहल रोड पर सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु लोगों को जागरुक एवं प्रेरित करते हुए जीवन रक्षा के लिए हेलमेट का प्रयोग, सीट बेल्ट का प्रयोग, यातायात के नियमों का पालन आदि करने पर जागरूक एवं प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पुष्पा कश्यप ने छात्र-छात्राओं एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों से आवाहन करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा के प्रति सभी जागरूक हो, एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करें, जिससे कि परिवार, समाज सुरक्षित हो। कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि जब भी गाड़ी चलाएं ईयर फोन का इस्तेमाल ना करें, मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें, नशे में गाड़ी ना चलाएं, रेड लाइट, ग्रीन लाइट आदि का पालन करें। प्रमोद कुमार ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। जागरूक होने की आवश्यकता पर बल दिया। विनायक दामोदर सावरकर जयंती के अवसर वीर सावरकर के योगदान विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राध्यापकों ने बताया कि भारत के क्रांतिकारी आंदोलन के विकास में वीर सावरकर ने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने अभिनव भारत समाज नामक क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की। इसके अतिरिक्त उन्होंने 1857 का भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम नामक पुस्तक की रचना की। उन्होंने इंग्लैंड में एक क्रांतिकारी समूह इंडिया हाउस की स्थापना की। जितेंद्र पाठक ने विस्तार से दामोदर सावरकर के विषय में जानकारी देते हुए उनके योगदान के विषय में बताया। इस अवसर पर डॉ. एस पी सिंह, श्री वेद प्रकाश सिंह, श्री जितेंद्र पाठक कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव श्री जगजीवन राम, श्री प्रमोद कुमार, श्री विजय आनंद गौतम, डॉक्टर गीता देवी डॉक्टर रेनू जैन, विजेंद्र कुमार, शिवनंदन सिंह यादव, अजीत कुमार एवं अन्य छात्र छात्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मौजूद रहे।




## मेवात इंजीनियरिंग कालेज पल्ला में मेवात स्कॉलरशिप प्रोग्राम का आयोजन




» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। मेवात इंजीनियरिंग कालेज पल्ला में मेवात स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तत्वाधान में सामूहिक मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें स्कॉलरशिप के लिए चयनित बच्चों और उनके स्पॉन्सर, माता पिता और प्रोग्राम के आयोजक एक साथ एक मंच पर दिखाई दिए। समाजसेवी व इतिहासकार सिद्दीक अहमद मेव ने प्रोग्राम की अध्यक्षता की और प्रोग्राम की खूबसूरती रही कि चयनित बच्चो और उनके डोनर्स को एक साथ मंच पर जगह दी गई। सभी मापदंडों को ध्यान में रखते जतिन कुमार तावडू, अबरार हुसैन पुन्हाना, मोहम्मद कैफ हथीन, इनामुल हसन झिरका, आसिफ खान पुन्हाना का चयन किया गया।

इस मौके पर प्रो सिद्दीक अहमद गुलालता, मीनाक्षी सिंह, रमजान चौधरी, डॉ अब्दुल रहमान, ऋषि दांगी जॉइंट डायरेक्टर पंचायत राज हरियाणा, सरपंच जतनवीर राघव, सरफराज नवाज, प्रो वसीम अहमद, मास्टर असरफ आदि भी मौजूद रहे।


## लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षवाद भाजपा के लोगों को दोबारा पढ़ना चाहिए-अखिलेश यादव

लखनऊ, एजेंसी। समाजवादी पार्टी के मुखिया और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के लोग समाजवाद समझ नहीं पा रहे हैं और अगली बार जब वह सदन में आएंगे तो उनके लिए एक किताब जरूर लाएंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षवाद भाजपा के लोगों को दोबारा पढ़ना चाहिए।

विधानसभा के बाहर सपा प्रमुख अखिलेश यादव से पत्रकारों ने पूछा कि भाजपा को असली समाजवाद शिवपाल जी (अखिलेश के चाचा शिवपाल सिंह यादव) में दिखता है, तो इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, इसीलिए कहता हूं कि लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षवाद भाजपा के लोगों को दोबारा पढ़ना चाहिए और मैं अगली बार जब सदन में आऊंगा तो जो लोग समाजवाद नहीं समझ पा रहे हैं, उनके लिए एक किताब जरूर लाऊंगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार आंकड़ों से खेल रही है, आंकड़ों से विकास नहीं होता है, जमीन पर चीजें होती हैं तब विकास होता है।

गौरतलब है कि विधानसभा सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को लक्ष्य करते हुए कहा था कि आप खुद को कितना भी समाजवादी बोल लें, लेकिन समाजवाद को आपने एक मृगतृष्णा बना दिया है और मुझे लगता है जब समाजवाद की बात होती थी तो डॉक्टर लोहिया की चर्चा होती थी, जयप्रकाश नारायण की चर्चा होती थी, संघर्षशील नेताओं की चर्चा होती है। नेता सदन ने शिवपाल सिंह यादव की सराहना करते हुए कहा, आजकल कभी-कभी डॉक्टर लोहिया पर शिवपाल जी की लेखनी देखता हूं। उनका लेख देखने को मिलता है। आपको सही मायने में लोहिया जी को पढ़ना चाहिए।

## 10 वर्षीय बच्चे को मात्र 13 घंटे में तत्परता दिखाते हुए बरामद किया, 3 अपहरणकर्ता दबौचे, अन्य लूट व हत्या का मामला भी सुलझा



» मयंक मोहन, मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। अपराध जांच शाखा व एन्टी नारकोटिक्स सैल तावडू को मिली बडी सफलता, 10 वर्षीय बच्चे को मात्र 13 घंटे में तत्परता दिखाते हुए बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस कप्तान वरूण सिंगला ने जानकारी दी कि 27.05.2022 को विजय नगर तावडू निवासी करीब 10 वर्षीय लड़का इमरान उर्फ दानिश को समय करीब 03.00 बजे दोपहर हासम पुत्र रिशाल निवासी भंगोह हालाबाद वार्ड नं0 2, विजय नगर तावडू (नूंह) के लड़का इमरान उर्फ दानिश उम्र करीब 10 वर्ष को तावडू में साईकल पर खेलते समय 3 अज्ञात युवक वैगनार कार में अपहरण करके ले गये व कुछ समय बाद अपहरणकर्ताओं द्वारा बच्चे के पिता हासम के फोन पर फोन करके 25 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। फिरौती ना देने पर अपहरणकर्ताओं ने बच्चे को जान से मार देने की धमकी दी। जिस संबन्ध में हासम द्वारा थाना शहर तावडू में एक दरखास्त दी। जिसके संबन्ध में हालातों से उच्च अधिकारियों को तुरंत अवगत कराया गया। जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुये थाना शहर तावडू में मुकदमा दर्ज किया। सूचना प्राप्त होने पर तुरन्त मेरे द्वारा नूंह पुलिस की सी0आई0ए0 नूंह, सी0आई0ए0 तावडू, प्रबन्धक थाना शहर तावडू, प्रबन्धक थाना सदर तावडू व उप-पुलिस अधीक्षक तावडू के साथ मौका मुआना किया व आस-पास के ऐरिया की छानबीन तथा मौके पर मौजूद लोगो से पूछताछ की गई।

उसके बाद तफ्तीश आरम्भ की गई। साथ ही साथ एस0टी0एफ0 हरियाणा से भी संपर्क किया गया व सहायता के लिये मांग की गई। तत्पश्चात एस0टी0एफ0 हरियाणा से बी0 सतीश बालान, पुलिस महानिरीक्षक, एस0टी0एफ0 हरियाणा के नेतृत्व में 5 टीमे मौका घटना स्थल हुडा सैक्टर भूमि तावडू शहर जिला नूंह में भेजी गई। उसके पश्चात एस0टी0एफ0 हरियाणा एवं नूंह पुलिस की सभी ईकाईयां संगठित रुप से अपहरत बच्चे की तलाश में जुट गई। जांच के दौरान बच्चे की सुरक्षा को अहम मानते हुये साक्ष्यों के आधार पर रात भर चले ओप्रेशन के दौरान अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मात्र 13 घंटे में अपहरत बच्चे को सह-कुशल छुडाकर 3 अपहरणकर्ताओं को सीलखों व मंडारका के बीच से गिरफ्तार करने में विशेष सफलता हासिल की। गिरफ्तार किये गये आरोपियों की पहचान अजय पुत्र नरेश निवासी मंडारका, मोहिन पुत्र अली मोहम्मद निवासी विजय नगर तावडू व हरीश पुत्र जय भगवान निवासी गुरनावट थाना सदर तावडू के रुप में हुई। अपहरकर्ताओं के कब्जा से वारदात में प्रयोग की गई वैगनार गाडी, 2 अवैध देशी कट्टा, 2 जिंदा रौंद व फिरौती के रुप में ली गई रकम में से 16.5 लाख रुपये बरामद किये। आरोपियों द्वारा प्राथमिक जांच में पैसों के लालच में आकर बच्चे का अपहरण करना पाया गया। मुकदमा के संबन्ध में सभी उपरोक्त आरोपियों से गहनता से पुछताछ की जा रही है। प्रथम पूछताछ पर अपहरणकर्ताओं ने दिनांक 15.02.2022 को भारत फाईनेंस के कर्मचारी सिकन्दर की लूट के दौरान तावडू क्षेत्र में चाकू मारकर हत्या करने की वारदात का भी खुलासा किया। आरोपियों को कल पेश अदालत करके और अधिक गहनता से पूछताछ के लिये पुलिस रिमांड पर लिया जायेगा। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से और भी वारदातों के खुलासा होने की संभावना है।

## एक ही इलाके में दो हत्यायें, बुजुर्ग को पीट-पीटकर तो महिला की गला कसकर हत्या

गोरखपुर, एजेंसी। जिले में शनिवार को एक ही इलाके में हत्या की दो वारदातें हुईं। मृतकों में एक 60 साल का बुजुर्ग और 40 साल की महिला शामिल है। बेलघाट के जिवतापुर गांव में भोला को पीट-पीटकर मार डाला गया। वहीं एकौना बुजुर्ग गांव में बिंदु गुप्ता की गला कसकर हत्या की गई। बुजुर्ग का शव खेत में पड़ा मिला तो महिला का शव कमरे में मिला। घटनाओं की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

जानकारी के मुताबिक बेलघाट के जिवतापुर गांव निवासी भोला (60) शनिवार की भोर में करीब तीन बजे घर के बरामदे में सो रहे थे। इस दौरान गांव के ही कुछ लोग पहुंचे और लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी। उनके शव को पास के एक खेत में ले जाकर फेंक दिया और फरार हो गए। सुबह सात बजे जब उनके बेटे संजय ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। संजय की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि गांव के सुरेंद्र, उनकी पत्नी बसंती, सुरेंद्र के दोनों बेटों और राजकुमार के बेटे ने धावा बोलकर हत्या की है। संजय ने पुलिस को बताया कि आरोपी सुरेंद्र उसके पिता यानि मृतक भोला पर अपनी पत्नी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा रहा था। इसी रंजिश में भोला की उन लोगों ने हत्या कर दी।

वहीं दूसरी ओर बेलघाट के एकौना बुजुर्ग गांव निवासी बिंदु गुप्ता (40) पत्नी झीनक गुप्ता की गला कसकर हत्या कर दी गई। बिंदु का शव शनिवार की सुबह कमरे में फर्श पर पड़ा था। शव के पास में ही नायलान की एक रस्सी भी पड़ी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### चम्पावत में भाजपाइयों ने किया डोर-टू-डोर प्रचार




मदरलैंड संवाददाता, देहरादून ! चम्पावत विधानसभा उप चुनाव जीतने के लिए बृहस्पतिवार को भी भाजपा कार्यकताओं ने कई स्थानों पर प्रचार किया । इसमें भाजपा के कई बड़े मंत्रियों से लेकर विधायक भी शामिल रहे, रुड़की निवासी ठाकुर मोहित ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के साथ चम्पावत के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार किया । उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को बताकर सीएम को भारी मतों से जीताने की अपील की, ठाकुर मोहित ने कहा कि हर तरफ सीएम की जीत के लिए लोग जुटे हैं, पुष्कर धामी एकतरफा चुनाव जीत रहे हैं । उन्होंने कहा मुख्यमंत्री धामी एक आम मतदाता की जरूरत और उनकी आकांक्षा को समझकर वे उनसे जुड़े मुद्दों पर बात करते हैं और सीएम की जीत के बाद आम जनमानस की समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया । मुख्यमंत्री धामी ने चम्पावत के खलखड़िया गांव में जनसभा को सम्बोधित किया और जनता से मिल रहे अपार स्नेह और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद किया ।

### बिझौली में रैली निकाल कर किया तम्बाकू का सेवन न करने को जागरूक




रुड़की ! राजकीय जूनियर हाईस्कूल बिझौली में शनिवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रक दिवस पर छात्रों को नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई ! साथ ही नशा न करने की शपथ दिलाई गई ! गांव में रैली निकाल कर युवाओं को नशा न करने के प्रति जागरूक किया गया ! प्रधानाचार्य नीरज नैथानी और नोडल अधिकारी शिक्षक अशोक पाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ! विद्यालय से शुरू हुई रैली पूरे गांव में घुमी ! आओ गांव की ओर चले, उत्तराखंड को तम्बाकू मुक्त करें---के स्लोगन लिखे नारों के साथ छात्रों ने गांव में नशा न करने का संदेश दिया ! नोडल अधिकारी शिक्षक अशोक पाल ने कहा कि बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू है कैंसर का कारण है ! साथ ही यह धन की बबार्दी का भी कारण है ! अशोक पाल ने कहा कि स्वस्थ रहना है नशे से दूर रहना होगा ! उन्होंने छात्रों को दूसरों को भी नशा न करने के प्रति जागरूक करने की बात कही ! रैली वापस विद्यालय में पहुंच कर सम्पन्न हुई ! इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीरज नैथानी, डॉ. कमलकांत बरूआ, इसराना, शिक्षक सुधीर सैनी, छात्र अतुल, अमन, नरेंद्र, जतिन, राजा, निकिता, अर्चना, झनकार, नितिका, वंदना, सोनाक्षी, तन्नु एवं स्वयंसेवी पिंकी तथा कुसुम आदि भी मौजूद रहे !

### अतिक्रमण पर फिर गरजी नगर निगम की जेसीबी, भारी पुलिस बल रहा मौजूद

मदरलैंड संवाददाता , रुड़की ! शहर में अतिक्रमण पर शुक्रवार को भी नगर निगम की कार्रवाई जारी रही ! टीम ने सड़क किनारे बने अतिक्रमण पर जेसीबी चलाते हुए उसे गिरा दिया ! इसे लेकर टीम को कुछ लोगों का विरोध भी झेलना पड़ा, निगम प्रशासन की सख्ती के चलते यह सफल नहीं हो पाया ! शहर में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसके चलते बृहस्पतिवार को भी रुड़की में मछली चौक से लेकर सपना टॉकीज तक अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई थी लेकिन हंगामा होने के बाद अतिक्रमण अभियान बीच में ही रोक दिया गया था क्योंकि इस दौरान एक युवक टीन सेट खोलता हुआ नीचे गिर गया था जिसका पब्लिक द्वारा विरोध करते हुए जेसीबी पर पथराव भी किया गया था ! आज फिर से नगर निगम की टीम मछली मोहल्ला पहुंच गई ! जहां टीम ने भारी पुलिस बल के साथ अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू कर दी ! मुख्य नगर अधिकारी विजय नाथ शुक्ल ने बताया कि अतिक्रमण अभियान रामपुर चुंगी तक चलाया गया है और आगे भी यह अभियान समय-समय पर जारी रहेगा

### शहरी विकास मंत्री ने किया पर्यावरण मित्रों का सम्मान



मदरलैंड संवाददाता, ऋषिकेश ! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 8 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण करने के उपलक्ष में बृहस्पतिवार को शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा ऋषिकेश में अपने कैम्प कार्यालय पर बुके देकर एवं शाल ओढ़ाकर पर्यावरण मित्रो को सम्मानित किया गया ! काबिना मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में मजबूती से आगे बढ़ रहा है ! पूरी दुनिया में भारत की पकड़ मजबूत हुई है ! शहरी विकास मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रही है ! इस अवसर पर धर्मेंद्र, रविन्द्र, कमलेश सिंह, बिमलेश, शिव कुमार, गौतम, कविता शाह, सुरेश कुमार, दीपक बिष्ट, दुर्गेश कुमार, जेशन कुमार, दिगम्बर सिंह नेगी, विक्रम सिंह रावत, गंगा सिंह बिष्ट, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सतीश नेगी आदि मौजूद रहे !

# हर्ष पीजी कॉलेज में हुई भौगोलिक मॉडल प्रतियोगिता

» मदरलैंड संवाददाता




लक्सर ! हर्ष विद्या मन्दिर पीजी कॉलेज रायसी में भूगोल विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं में भूगोल विषय से संबंधित समझ विकसित करने हेतु एक भौगोलिक मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने मिट्टी परिच्छेदिका, वैश्विक उष्मन पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण प्रदूषण विषय से संबंधित मॉडल बनाये। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. केपी सिंह, सचिव डॉ. हर्ष कुमार दौलत ने छात्राओं द्वारा बनाए गए भौगोलिक मॉडलों का निरीक्षण किया तथा कहा कि हमें मिट्टी के महत्व को समझना चाहिए। यह अनेक जीवो के आवास के साथ-साथ महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों में से एक है। प्राचार्य डॉ राजेश चन्द्र पालीवाल ने कहा कि बढ़ती मानवीय गतिविधियों के कारण वातावरण में कार्बन-डाइ-ऑक्साइड की मात्रा बढ़ रही है जो वैश्वीकरण पर्यावरण प्रदूषण लिए सबसे अधिक उत्तरदायी है। एक व्यक्ति 1 वर्ष में 4.8 टन कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण में छोड़ता है जो वातावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है। यदि हम इस पर नियंत्रण कर ले तो प्रकृति की सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भूगोल विभाग की सहायक आचार्या डॉ सरला भारद्वाज ने पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के महत्व को समझाते हुए कहा कि मानव जीवन में बढ़ते आधुनिकीकरण से अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही है। जिसका सीधा प्रभाव हमारे पर्यावरण पर पड़ रहा है। मनुष्य के स्वस्थ जीवन मे स्वच्छ पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पर्यावरणीय समस्याओं का निराकरण पर्यावरणीय ज्ञान के द्वारा ही संभव हो सकता है। सहायक आचार्य डॉ मुरली सिंह ने छात्रों को वर्षा जल संचयन के तरीकों और फायदों से अवगत कराते हुए कहा की वर्षा जल का संचय और संग्रह करके बढ़ते जल संकट को कम किया जा सकता है। डॉ अतुल कुमार दुबे ने छात्रों के कार्यों की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में इस प्रकार के कार्य हेतु प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता मूल्यांकन समिति में डॉ अजीत कुमार राव, डॉ प्रशांत कुमार, डॉ स्मृति कुकशाल, डॉ परिक्षित कुमार रहे। प्रतियोगिता में अरुण कुमार को प्रथम स्थान, पॉपीन को द्वितीय स्थान एवं कुंवर सिंह एवं निप्पी को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। छात्रों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापकों द्वारा की गई।

## मारवाड़ कन्या पाठशाला में हुई विज्ञान प्रदर्शनी, मोनिका, अनिशा रही विजेता




» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की ! श्री मारवाड़ कन्या पाठशाला में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ! इसमें विद्यालय की समस्त छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ! विद्यालय के अध्यक्ष ललित मोहन अग्रवाल, शिक्षा राज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दीपक शर्मा, राजकीय इंटर कॉलेज सिकंदरपुर भैंसवाल के प्रवक्ता सुशील कुमार सैनी श्री मारवाड़ी सभा के सचिव सुरेश कुमार अग्रवाल तथा विद्यालय की प्रधानाचार्य भारती अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया ! प्रतियोगिता में प्राइमरी वर्ग में कक्षा एक से पांच, जूनियर वर्ग में कक्षा छह से आठ तथा सीनियर वर्ग में कक्षा नौ से बारह तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया ! प्राइमरी वर्ग में कक्षा पांच की अंजनी, जूनियर वर्ग में कक्षा दस की मोनिका तथा सीनियर वर्ग में कक्षा बारह की अनिशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ! अतिथियों ने छात्राओं का हौसला बढ़ाया और छात्राओं द्वारा बनाए गए चार्ट तथा माडल की सराहना की ! कहा कि विद्यालय की छात्राएं भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में बहुत तरक्की करेंगी ! विज्ञान प्रदर्शनी को सफल बनाने में प्रिया अग्रवाल, आकांक्षा भाटिया, कनुप्रिया राठौर, शिवानी परमार, अनु शर्मा, बबीता त्यागी, निधी शर्मा, नीरजा सखूजा, रूचि गर्ग आदि अध्यापिकाओं का सहयोग रहा !

## मेयर प्रतिनिधि ने कराई निर्धन युवती की शादी ,मेयर गौरव गोयल ने दिया अपना आशीर्वाद




» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। मेयर प्रतिनिधि अविनाश त्यागी ने समाज सेवा के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए एक और गरीब,बेसहारा युवती की शादी में अपना योगदान कर पुण्य कमाने का कार्य किया है। मेयर प्रतिनिधि अविनाश त्यागी ने बताया कि पार्षद चंद्र चारू तथा अन्य कई नागरिकों ने भी अपना सहयोग देकर इस युवती की शादी कराने में सहायता प्रदान की है। रामनगर स्थित एक होटल में धार्मिक रीति-रिवाज से हुई शादी में बड़ी संख्या में लोगों ने आकर वर-वधु को आशीर्वाद दिया तथा भोजन किया।मेयर गौरव गोयल ने भी शादी में पहुंचकर वर-वधु को अपना आशीर्वाद दिया। प्रतिनिधि अविनाश त्यागी ने बताया कि उनके द्वारा समय-समय पर समाज सेवा के क्षेत्र में ऐसे कार्य किए जाते रहते हैं, जिसमें निर्धन लड़कियों की शादियां कराना, गरीबों की मदद करना तथा अनाथ बच्चों की सहायता करना शामिल है। उनका कहना है कि समाज सेवा के कार्य करने से जहां पुण्य की प्राप्ति होती है, वहीं उन्हें आत्मिक संतुष्टि आभास भी मिलता है।

## बावन दरे पर लगाए गए चेतावनी बोर्ड को दरकिनार कर जायरीन लगा रहे मौत की छलांग

» मदरलैंड संवाददाता

रुडकी। पिरान कलियर क्षेत्र के बावन दरे पर स्नान करने को लेकर उमड़ा जायरीनो का जनसैलाब और लगाई गई जलेबी पकौड़ी वं फल फ्रूट की ठैलिया। उच्च अधिकारियों के द्वारा लगाए गए चेतावनी बोर्ड को दरकिनार कर जलेबी व पकौड़ी फल फ्रूट दुकानदार ठैलीयो पर दुकान लगा कर पैसे कमाने की धुन में चूर। तो वही जायरीन भी लगा रहे है मौत की छलागं। आपको बताते चलें कि विश्व प्रसिद्ध दरगाह पिरान कलियर साबिर ए पाक की दरगाह पर मई जून के महीने में अन्य राज्यों से जायरीनो का भारी तादाद में आना जाना लगा रहता है। जिसमें अन्य राज्य आए हूऐ जायरीनो को स्नान करने के लिए घोड़ा गाड़ी धारक व ई रिक्शा चालक ले जाकर विश्व प्रसिद्ध दरगाह साबिर ए पाक की दरगाह से कुछ ही दूरी पर पढ़ने वाला पिरान कलियर क्षेत्र के बावन दरे पर ले जाकर छोड़ देते हैं वही बाहर से आए हुए जायरीन बढ़ती हुई गर्मी के तापमान को देखते हुए और गर्मी से राहत पाने के लिए चलते हुए बावन दरे के पानी में गर्मी से राहत पाने के चक्कर में मौत की छलांग लगाने लग जाते हैं जब कि बाहर से आए हुए इन जायरीनो को ये तक पता नहीं है कि इससे पहले भी इस बावन दरे मे ना जाने कितने जायरीन स्नान के दौरान मौत की नींद सौ गए है। इन सभी घटनाओं को देखते हुए और प्रतिबंध लगाते हुए सिंचाई विभाग व पिरान कलियर पुलिस प्रशासन ने चेतावनी बोर्ड लगाकर बाहर से आने वाले जायरीनो के स्नान करने के लिए सख्ती से मना किया हुआ है।लेकिन सिंचाई विभाग व पुलिस प्रशासन के चेतावनी बोर्ड को दरकिनार कर अन्य राज्यों से आए हुए जायरीन अपनी मौत को गले लगा कर गिरते हुए बावन दरे के झरने मे स्नान कर रहे हैं। वही थाना पिरान कलियर क्षेत्र की धनौरी चौकी पुलिस प्रशासन के मना करने पर भी जायरीन स्नान करने से बाज नहीं आ रहे हैं। और लगातार मौत को गले लगाने का काम कर रहे हैं अब देखना ये है कि कब सिंचाई विभाग व थाना पिरान कलियर पुलिस प्रशासन बावन दरे पर आए अन्य राज्यों से जायरीनो को लेकर किस प्रकार से कानूनी कार्रवाई करती है ! या फिर अन्य राज्यों से आने वाले जायरीन बावन दरे पर लगे चेतावनी बोर्ड को दरकिनार कर बावन दरे मे मौत की छलांग लगाते हुए नजर आएंगे !

## श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह की तैयारियां जोरों पर, ऐतिहासिक होगा समारोहः प्रो. ध्यानी

» मदरलैंड संवाददाता




देहरादून ! आगामी जून माह के तृतीय, चतुर्थ सप्ताह में श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षान्त समारोह आयोजित करने जा रहा है, कोविड महामारी के कारण लम्बे समयान्तराल के बाद आयोजित होने वाले दीक्षान्त समारोह की तैयारियों हेतु कुलपति प्रो. पीताम्बर प्रसाद ध्यानी के नेतृत्व में अलग-अलग समितियों का गठन किया गया था। कुलपति स्वयं विभिन्न समितियों का मार्ग दर्शन कर रहे हैं। आयोजन समिति की कोर कमेटी की 27 मई को महत्वपूर्ण बैठक पिस्टलवीड कॉलेज ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी देहरादून में आयोजित हुई जिसमें दीक्षान्त समारोह आयोजन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण कार्य योजना का मूर्त रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. पीताम्बर प्रसाद ध्यानी ने बताया कि दीक्षान्त समारोह छात्रों के लिए महत्वपूर्ण आयोजन होता है, जिसे भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा उन्होने बताया कि स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर लगभग 70 से अधिक विषयों में छात्रों को उपाधियां प्रदान की जायेगी, उन्होने बताया कि स्नातक व परास्नातक छात्र/छात्राओं की संख्या के साथ ही पाठ्यक्रमों की संख्या अधिक होने के बावजूद भी विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्ण पदक विजेता छात्र/छात्राओं का रिकार्ड तैयार किया जा रहा है। सम्बन्धित समितियों को निर्देश दिये गये हैं कि 10 जून तक किसी भी दशा में आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। कुलपति प्रो. पीताम्बर प्रसाद ध्यानी ने बताया कि विश्वविद्यालय के मुख्यालय तथा परिसर ऋषिकेश में कार्यरत सभी कार्मिकों के साथ ही विश्वविद्यालय के अधिकारियों के समस्त अवकाश निरस्त कर दिये गये हैं। दीक्षान्त समारोह के बाद ही अधिकारियों के अवकाश पर गौर किया जायेगा। आज की बैठक में निर्णय हुआ कि दीक्षांत समारोह का आयोजन हिन्दी में किया जाय। विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री खेमराज भट्ट ने बताया कि दीक्षान्त समारोह में वर्ष 2019, 2020 तथा 2021 के स्नातक व स्नातकोत्तर छात्रों का सम्पूर्ण रिकार्ड तैयार कर लिया गया है। सर्वोच्च स्थान प्राप्त छात्रों को जल्द ही तिथि निर्धारण होने पर आमन्त्रण पत्र प्रेषित कर दिये जायेंगे, उन्होने कहा कि श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से लगभग 168 से अधिक सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थान हैं तथा दीक्षान्त समारोह के आयोजन से छात्र समूहों में उत्साह है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियन्त्रक प्रो. एमएस रावत ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेताओं का सम्पूर्ण रिकार्ड तैयार किया जा चुका है जिसे जल्द ही कुलपति के सम्मुख रख दिया जायेगा। सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के मेडल तैयार किये जा रहे हैं। उन्होने बताया कि श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह हेतु वर्ष 2019, 2020 तथा 2021 तक के छात्रों की समस्त उपाधियां 5 जून तक हर हाल में तैयार कर दी जायेंगी, जिसके लिए डाटा सेन्टर के साथ सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समस्त उपाधि के साथ ही अन्य प्रमाण पत्र तैयार किये जाने के उद्देश्य से अतिरिक्त समय में कार्य करने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक में कुलपति प्रो.ध्यानी ने पिस्टलवीड कॉलेज संस्थापक अध्यक्ष डा. प्रेम कश्यप का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने दीक्षान्त समारोह के आयोजन स्थल हेतु पिस्टलवीड कॉलेज हेतु अपनी संस्तुति दी। बैठक में अन्य अधिकारियों के अलावा विश्वविद्यालय के सहायक परीक्षा नियन्त्रक डॉ हेमन्त बिष्ट, सुनील नौटियाल, सन्दीप रावत के साथ ही प्रो. सतपाल सिंह साहनी, प्रो.डीसी नैनवाल, प्रो. एके तिवारी, प्रो. एचसी पुरोहित, प्रो. केएल तलवाड, प्रो. जानकी पंवार, प्रो. विजय अग्रवाल, प्रो. एसपी सती, समीर सब्बरवाल, प्रो. आरके गुप्ता, डॉ. निशा वर्मा पिस्टलवीड कालेज और पिस्टलवीड कालेज के संस्थापक अध्यक्ष डा. प्रेम कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता को जागरूक

» मदरलैंड संवाददाता

लक्सर ! महिलाओं और किशोरियों में मासिक धर्म के कारण सामना की जाने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता प्रसारित करने तथा चिहिनत समस्याओं के समाधान को उजागर करने के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत मासिक धर्म स्वच्छता दिवस आयोजित किया गया है। नेशनल कन्या इण्टर कालेज, खानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शनिवार को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें आरके एसके काउंसलर प्रियंका गरकोटि ने विधालय की छात्राओं को इस दिवस की उपयोगिता बताते हुये कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्धेश्य ऐसे विश्व का निर्माण करना है जिसमें हर महिला और लड़की जिस भी समय अपनी निजता, सुरक्षा एव गरिमा के साथ है, अपने मासिक धर्म को स्वस्थ तरीके से प्रबंधित कर सकती है। कालेज प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का उद्धेश्य मौन तोड़ना और मूलभूत भूमिका के बारे में जागरूकता पैदा करना है, जिसमें महिलाओं और लड़कियों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने में सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत में मासिक धर्म अभी भी एक अमान्य कार्य है तथा समाज के लोगों के लिये इस विषय के बारे में असहज महसूस करना समान्य बात है। ग्राम प्रधान सरोज देवी ने कहा कि मासिक धर्म के दौरान महिलाओं व लड़कियों को स्वच्छता का खास ध्यान रखना चाहिये। उन्होंने कहा कि कई गाँवों व छोटे शहरों में आज भी महिलाऐं मासिक धर्म में पुराने व गन्दे कपड़े का इस्तेमाल करती है जिसे धोकर और छुपाकर सुखाने के चक्कर में खुली हवा व धूप तक नहीं लगने देती है, साथ ही बार-बार इसी का इस्तेमाल करती है जो कि इन्फैक्शन को न्यौता देता है। लम्बे समय तक एक ही पैड को लगाने से पसीने व गुप्तांगो के जीवों के कारण वह पैड नम रहता है तथा लम्बे समय तक नम व गर्म स्थान पर रहने से गुप्तांगों में इन जीवों की संख्या बढ़ जाती है जिससे कई प्रकार के संक्रमण हो सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी सुलता देवी सिकदार ने कहा कि महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान गुप्तांगों को पानी से धोते रहना चाहिये तथा साबुन का प्रयोग नहीं करना चाहिये। इस्तेमाल किये गये पैड को पेपर या नैपकिन में लपेटकर कूड़ेदान में डाले। इस अवसर पर विधालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया जिसमें शिवानी सैनी, वैशाली, नंदनी सैनी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि वंशिका तथा मांघी देवी को सान्त्वना पुरस्कार से नवाजा गया। इससे पूर्व छात्राओं ने ब्लाक मुख्यालय पर मासिक धर्म स्वच्छता दिवस जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम में आशा, गीता, सोनिया, आशा फैसीलिटेटर पिंकी देवी, सुरेशचन्द कवटियाल, बलराम गुप्ता, रविन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, मीनू यादव, सविता धारीवाल, पकंज कुमार, मिनाक्षी, पारस कुमार, विजय कुमार, गायत्री, सुलता देवी सिकदार, अंजुली गुप्ता, बबीता देवी, सुधा रानी, कुशमणि चौहान, डॉ. रजंना, नूतन, रूबी, अमित कुमार, बृजपाल, अशोक कुमार, सुन्दर आदि उपस्थित रहें।

## श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन किया श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। आवास विकास स्थित शिव पार्क में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन कथावाचक आचार्य पंडित सुधीर भारद्वाज ने चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या से उपस्थित भक्तों का श्रवण किया। पिछले चार दिनों तक भगवान श्री कृष्ण के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए सभी भक्तों को प्रेरित किया ! धार्मिक अनुष्ठान के पांचवें दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरि लीला श्री रासलीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंस वध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया। इस दौरान भजनों से उपस्थित भक्तों को नृत्य करने पर विवश कर दिया।आचार्य पंडित सुधीर भारद्वाज ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम से स्वयं को उस अनुरूप आचरण करने को कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता ।समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों का सदैव चिर स्मरणीय होता है। इतिहास इसका साक्षी है। कथा में पहुंचे मेयर गौरव गोयल ने पूजा-अर्चना कर आचार्य जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।आचार्य पंडित सुधीर भारद्वाज ने माला एवं प्रसाद भेंट कर उन्हें आशीर्वाद अपना दिया। इस अवसर पर आशा शर्मा, शैलबाला गोयल, आशुतोष वशिष्ट, कविता शर्मा, राजेंद्र वर्मा, प्रभा वर्मा, तुषार गोयल, मोनिका चौधरी, जबर सिंह, अनुराधा शर्मा, अमित शर्मा, राहुल शर्मा, मनोज कुमार, सुमित शर्मा, विमलेश शर्मा, मीनाक्षी गोयल आदि मौजूद रहे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति पर कार्य करने के उद्देश्य से टोल फ्री नंबर 1800-180-202 जारी , 1064 पर भी कर सकते हैं डायल

संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता, नारनौल । आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस नीति पर कार्य करने के उद्देश्य से टोल फ्री नंबर 1800-180-2022 और चार अंकों का 1064 नंबर जारी किए हैं । सरकार के निदेर्शानुसार सभी सरकारी कार्यालयों में प्रदर्शित करना अनिवार्य है । इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ जेके आभीर ने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने कार्यालय परिसर में उक्त नंबर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्य सतर्कता ब्यूरो के पास शिकायत दर्ज कराने में कठिनाई का सामना न करना पड़े । उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष इन नंबरों को अपने कार्यालयों में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करें ताकि आम जनता बिना किसी कठिनाई के अपनी भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत सतर्कता ब्यूरो, हरियाणा में दर्ज करा सके । ये दोनों नंबर वर्तमान में भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए राज्य सतर्कता ब्यूरो मुख्यालय, पंचकुला में संचालित हैं । अधिकारी-कर्मचारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपना कार्य करें ताकि आमजन को भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन दिया जा सके और लोगों के बीच प्रशासन की अच्छी साख बनें । हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ आम लोगों को जिला व तहसील स्तर पर भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी, जिम्मेदार, जवाबदेह और आसान पहुंच वाला प्रशासन देने के लिए कृतसंकल्प है ।

### बूचावास में विद्यार्थियों को वितरित किए ब्यूटी एंड वैलनेस टूल किट

मदरलैंड संवाददाता,कनीना । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूचावास में हरियाणा सरकार की महत्वपूर्ण योजना अर्न व्हाइल लर्न प्रोग्राम के तहत ब्यूटी एंड वैलनेस टूल किट का वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी रामकिशन, विशिष्ट अतिथि कमल सिंह, रविंद्र सिंह व कमलकांत शर्मा रहे । विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रजेश चन्द्र शर्मा के निर्देशन में किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के भौतिकी प्रवक्ता सूबे सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप इस टूल किट का प्रयोग करते हुए दक्षता हासिल करके अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं । विद्यार्थी चाहे तो एक नया स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि व्यवसायिक शिक्षा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 का एक महत्वपूर्ण अंग है । अंग्रेजी प्रवक्ता राजेश कुमार ने सफलतापूर्वक मंच का संचालन किया । ब्यूटी एंड वैलनेस की अध्यापिका दीपिका ने विद्यार्थियों को इस टूल किट के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया । इस अवसर पर सुरेश शर्मा, राजकुमार, सरला, रेणु, नरेन्द्र सैनी , रमेश सैनी, सतेंदर आदि समस्त स्टाफ सदस्य व अभिभावक मौजूद रहे ।

### पोता में पीसीए किट वितरित किया

मदरलैंड संवाददाता,कनीना । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोता के प्रांगण में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना पंचकूला के द्वारा समग्र शिक्षा नारनौल के अंतर्गत एनएसक्यूएफ वोकेशनल एजूकेशन का सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें पीसीए पेशेंट केयर असिस्टेंट छात्र-छात्राओं को फर्स्ट एड किट का वितरण किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा विक्रम सिंह एपीसी व विशिष्ट अतिथि जितेंद्र सिंह डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रामर जिला महेंद्रगढ़ नारनौल विशेष रूप से अपनी उपस्थिति प्रदान की. प्राचार्य महोदय डा विजय सिंह ने अपने अतिथियों को सम्मानित करने के साथ ही बच्चों को पीसीए के बारे में बच्चों को भविष्य में होने वाले लाभ की जानकारी दी । गांव की तरफ से इस सेमिनार में एसएमसी प्रधान शक्ति सिंह, सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप सिंह व शिक्षाविद धर्मवीर सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे । इनके साथ साथ मा. हिम्मत सिंह, धर्मवीर प्रवक्ता, मोनिका पीसीए अध्यापिका ममता एबीआरसी विक्रम सिंह, प्रवक्ता बलवान सिंह पीटीआई आदि ने भाग लिया ।

### खंड शिक्षा अधिकारी कनीना ने खेड़ी में बांटे टूल किट

मदरलैंड संवाददाता,कनीना । शिक्षा विभाग हरियाणा के एनएसक्यूएफ कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में टूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना में 32 विद्यार्थियों को पेशेंट केयर असिस्टेंट प्रशिक्षण के टूल किट वितरित किए गए । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के बतौर खंड शिक्षा अधिकारी राज सिंह यादव ने कहा कि सरकार कि यह बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को शिक्षण के साथ-साथ प्रशिक्षण की व्यवस्था भी उपलब्ध करवाई गई है ताकि विद्यार्थी दसवीं कक्षा से ही व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने जीवन को सफल बना सके । उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विद्यालयों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिससे छात्र अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ स्वावलंबी भी बन सके । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर सिंह यादव ने कहा कि विद्यालय के 32 विद्यार्थियों को पीसीए के टूल किट वितरित किए गए हैं जिनमें ऑक्सीमीटर ब्लड प्रेशर नापने की मशीन के साथ-साथ तमाम मूलभूत जरूरतों वाले उपकरण सम्मिलित हैं । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटना के प्राचार्य ओमप्रकाश सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे । कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता विजयपाल यादव, नरेश कौशिक एसएमसी प्रधान, आनंद सिंह प्रवक्ता, राजेश कुमार, प्रवीन शास्त्री, मिडिल हेड रीटा वधवा सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित थे ।

## सरकार द्वारा प्रदेश के राजकीय स्कूलों के बच्चों के कल्याण के लिए चलाई जा रही हैं कई योजनाएं : वीरेंद्र ऐलावादी



- डॉ सीमा पाहवा ने विद्यार्थियों को बढिया खानपान की सलाह देते हुए खुद को फिट रखने के लिए किया प्रेरित

» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

हांसी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाटला में नैशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क (एन एस क्यू एफ) के अंतर्गत व्यवसायिक विषय ब्यूटी एंड वैलनेस व पेशंट केयर एप्लीकेशन के विद्यार्थियों को व्यवसायिक टूल किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र ऐलावादी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए व संजीवनी अस्पताल हिसार से प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा पाहवा व डॉ सुशीला मलिक भी विशेष रूप से शामिल हुईं।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र ऐलावादी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश के राजकीय स्कूलों के बच्चों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं । सरकार की मंशा है कि इन योजनाओं का लाभ हर पात्र विद्यार्थी तक पहुंचे । उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में बड़ा लक्ष्य लेकर चलें और उसे पूरा करने के लिए बगैर किसी भटकाव के कड़ी मेहनत करें । उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एन एस क्यू एफ के तहत विभिन्न व्यवसायिक विषयों की टूल किट वितरित की जा रही हैं।

इस अवसर पर प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा पाहवा ने विद्यार्थियों को बढिया खानपान की सलाह देते हुए खुद को फिट रखने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि अगर हम फिट रहेंगे तो ही पढ़ाई में मन लगेगा और हम उन्नति कर पाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस समय उनका काम पढ[illegible]ा है और वे पढ़ाई की तरफ ध्यान देकर अपने भविष्य को निखारें । इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या मंजू मित्रा ने अतिथियों का धन्यवाद एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं को स्कूल में अच्छे तरीके से चलाया जा रहा है । इस मौके पर अतिथियों ने बच्चों को टूल किट वितरित की और बच्चे प्रसन्नचित दिखे । इस मौके पर विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे ।

## दुगरी में बिजली चोरी करते 11 उपभोक्तों को लाखों रूपए का जुर्माना

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना। बिजली चोरी को जड़ से उखाड़ फैं कने के मकसद से इन्फोरसमैंट पावरकॉम की टीमों ने गुड मोर्निंग कहते हुए पावरकॉम की साहनेवाल डवीजन अधीन पड़ते अलग अलग इलाको से संबधित 150 उपभोक्तों के बिजली कनैक्शनों की चैकिंग की। यह जानकारी देते हुए डिप्टी चीफ इंजीनियर इन्फोरसमैंट लुधियाना पुर्नदीप सिंह बराड़ ने बताया कि इस चैकिंग के दौरान 20 ऐसे उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गए जो सीधी कुंडी व यूयूई के तहत बिजली चोरी कर रहे थें। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी करने वाले उपभोक्तों को 9 लाख रूपए जब कि यूयूई के मामलों में 60 हजार रूपए की पैनलटी के नोटिस भेजे गए है । इसी के साथ ही एंटी पावर थैफट पुलिस को भी बिजली चोरी करने वाले उपभोक्तों के खिलाफ बिजली चोरी करने के मामले दर्ज करने की सिफारश की गई है । उन्होंने बताया कि इस मुहिम को लगातार जारी रखा जाएगा और बिजली चोरी करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

दुगरी में बिजली चोरी करते 11 उपभोक्तों को लाखों रूपए का जुमार्ना

पावरकॉम केन्द्रीय जोन के चीफ इंजीनियर हरजीत सिंह गिल के दिशां निदेर्शो तहत पावरकॉम की मॉडल टाऊन डवीजन के एक्सियन एम पी सिंह ने बिजली चोरी को रोकने हेतु 6 टीमों का गठन किया। एसडीऔ जसविंदर सिंह की अगवाई में इन टीमों ने आज सुबह दुगरी इलाके में 100 से अधिक बिजली कनैक्शनों की चैकिंग की। इस चैकिंग दौरान टीमों ने 11 ऐसे उपभोक्तों को बेनकाब किया जो सीधी कुंडी या फिर मीटर से छेड़छाड़ करके बिजली चोरी करते आ रहे थें। एसडीऔ जसविंदर सिंह ने बताया कि बिजली चोरी करने वाले उपभोक्तों को सोमवार को लाखों रूपए के जुमार्ने के नोटिस भेज दिए जाएगे और एंटी पावर थैफट पुलिस को बिजली चोरी के केस दर्ज करने को भी कहा जाएगा।

## गांव ढाणी किरारोद में छबील लगाकर राहगीरों को पिलाई ठंडाई



» अशोक सैनी, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। जनपद के गांव ढाणी किरारोद के ग्रामीणों ने ठंडाई व शरबत की छबील लगाकर राहगीरों को ठंडाई पिलाई गयी। गांव के मुख्य रोड पर ज्येष्ठ माह में बाबा खेतानाथ पॉलोटैक्निकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल जवाहर लाल यादव की अगुवाई में ठंडाई की छबील लगाई गई। जिसमें दर्जनभर सेवादारों ने दिनभर सडक से गुजरने वाले वाहनों को रोककर ठंडे व मीठा पानी राहगीरों को पिलाया गया। छबील को शनिवार सुबह से प्रारंभ कर सांय तक लगाया गया। जिसमें दिनभर सैंकडों लोगों की प्यास बुझाई गई। जवाहर लाल यादव ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल जीव को पानी पिलाना, उसे नया जीवन देने के समान है। एक दशक पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं चौपालों व बैठकों में पूरे ज्येष्ठ माह पुण्य प्राप्ति हेतु मिट्टी के नए घडों में पानी भरकर रखती थी,ताकि उन्हें गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने का कई गुणा फल प्राप्त हो सके। इस मौके पर मनीष सैनी, सचिन सैनी एसेसिएट इंजीनियर बिजली बोर्ड, राजवीर जांगिड़, सुभाष बोहरा, महेन्द्र कबाडी, अरूण यादव, निखिल सैनी, कृष्ण जांगिड़, कै लाश यादव, पंकज यादव, दीपू यादव समेत अनेक गणमान्यों ने राहगीरों को ठंडाई पिलाकर धर्मलाभ कमाया।

## जनहित की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ेगी कांग्रेसः श्रुति चौधरी

» मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों की लड़ाई सड़क से लेकर संसद एवं विधानसभा तक लड़ेगी तथा सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर जनता की आवाज उठाएंगे। यह विचार कांग्रेस की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्रुति चौधरी ने हुडा सेक्टर एक में स्थित अपने आवास पर कार्यकताओं की बैठक लेते हुए व्यक्त किए। कार्यकारी अध्यक्ष बनने उपरांत जिले में पहली बार आगमन होने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका फूल बरसाकर जोरदार स्वागत किया तथा डीजे बजाते हुए उन्हें मीटिंग स्थल तक लेकर गए।

पूर्व सांसद ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा-जजपा पार्टी महज घोषणाओं की पार्टी है और इसके नेता कहीं भी ग्रास रूट पर काम करते नजर नहीं आते। चाहे वह इलाके के सांसद हों या कोई और नेता हों। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में मेहनती एवं कर्मठ कार्यकताओं को पूरी तवज्जो दी जाएगी और जो कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनके सुख-दुख में काम आएंगे और पार्टी का जनाधार बढ़ाएंगे, ऐसे कार्यकताओं को संगठन में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी एकजुटता का पाठ पढ़ाया है और जनता के बीच जाकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि राजनीति में जनसेवा का माध्यम है तथा जनसेवा के कार्य करने में वह कभी पीछे नहीं हटेंगी।

इस मौके पर चौ. सुरेंद्र सिंह मैमोरियल क्लब के जिला प्रधान देवेंद्र हुडीना ने कार्यकताओं समेत उनका भरपूर स्वागत किया। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश एडवोकेट, कैलाश सोनी, राजाराम गोलवा, राजकुमार नीरपुर, अजित जाट गुवाना, रिंकू नीरपुरिया, प्रदीप मंडलाना, नरेंद्र खटोटी, रायसिंह सरपंच, विजय लांबा, डा. हिम्मत, चंद्रभान सरपंच, राजेंद्र सरपंच, होशियार रावत, संदीप नूनीवाल, धर्मबीर कोजिंदा, होशियार सैनी, पवन बबल, अजय, कृष्ण सैनी व ओपी सैनी आदि मौजूद थे।

## जिला में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन 30 मई से

### 19 जून को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा मतदान

» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. जय कृष्ण आभीर ने बताया कि जिला महेन्द्रगढ में नगर पालिकाओं और नगर परिषदों के आम चुनाव महेन्द्रगढ, नांगल चौधरी व नारनौल में चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार 19 जून को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता सहित संपन्न करवाए जाएंगे और 22 जून को परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनावों की घोषणा के साथ ही सम्बन्धित नगर पालिकाओं और नगर परिषद में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है।

उपायुक्त डा. जय कृष्ण आभीर ने बताया कि उम्मीदवारों द्वारा 30 मई से 4 जून तक केवल 2 जून (अवकाश होने के कारण) को छोडकर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे जिनकी जांच 6 जून को होगी। उम्मीदवारों द्वारा 7 जून, 2022 को 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। उसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलॉट किए जाएंगे। इस बार गर्मी के मौसम के कारण मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदान का समय एक घंटा बढ़ाया गया है जो 19 जून को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक सम्पन्न होगा। यदि किसी कारणवश आवश्यक हुआ तो पुनः मतदान 21 जून को करवाया जा सकता है।

डा. जय कृष्ण आभीर ने आगे बताया कि नगर परिषद/ कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों का चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों की खर्च सीमा भी संशोधित की गई है। नगर पालिका के अध्यक्ष के लिए चुनाव खर्च की सीमा 10.50 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जो पहले 10 लाख रुपये थी। इसी तरह अध्यक्ष, नगर परिषद के चुनाव खर्च की सीमा 16 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जो पहले 15 लाख रुपये थी। इसी प्रकार, सदस्य नगर पालिका के लिए चुनाव खर्च की सीमा 2.25 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.50 लाख रुपये तथा सदस्य नगर परिषद के लिए 3.30 लाख रुपये से बढ़ाकर 3.50 लाख रुपये की गई है।

उपायुक्त ने बताया कि सभी उम्मीदवार अपने चुनावी-खर्च का लेखा बनाकर रखेंगे और चुनाव का परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर उसे प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। ऐसा न करने पर वह उम्मीदवार 5 वर्षों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन चुनावों का संचालन एम-2 टाईप ईवीएम के माध्यम से किया जाएगा। चुनावी उम्मीदवार का प्रिंट फोटोग्राफ बैलेट पेपर पर तथा अन्य ब्यौरे के साथ ईवीएम की बैलेटिंग यूनिट पर प्रदर्शित होगा। अध्यक्ष और सदस्य के लिए अनारक्षित वर्ग में चुनाव लडने वाले उम्मीदवार के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10वीं निर्धारित की गई है। अध्यक्ष और सदस्य के लिए चुनाव लडने वाली महिलाओं और अनुसूचित जाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आठवीं पास होना आवश्यक है। इसके अलावा, अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लडने वाली अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के लिए आठवीं कक्षा, जबकि सदस्य के पद का चुनाव लडने के लिए पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

## योग ऋषि रामदेव ने किया हांसी के योगी की योग पुस्तक का विमोचन

### योगी ने गुरुजनों को समर्पित की सफलता

» मदरलैंड संवाददाता

हांसी। भारत दुनिया की सबसे पुरानी और जीवित संस्कृति व सभ्यता है। इसकी जड़ें अत्यंत गहरी हैं और इन जड़ों के रूप में यहां के सिद्धांत हैं जो इसको अभी तक जीवित रखें हुए हैं। इस संस्कृति के मूल में है गुरु-शिष्य परंपरा और सिद्धान्त है आवश्यकता आविष्कार की जननी है।जिसने इसको समय के अनुसार परिवर्तन के साथ खड़ा रखा है। यहां की पीढ़ियों ने, समय की मांग व आवश्यकता के अनुसार ढल जाने की विशेषता और इस सिद्धांत की परम्परा से प्रवाहमान रहने की यहां की संस्कृति व सभ्यता को आज तक जिंदा रखा हुआ है। इसी को ही कृतार्थ करने में लगे हुए हैं जानकारी देते हुए वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि हिसार के ढाणा कलां के योगी विकास, जो योग, आयुर्वेद व भारतीय संस्कृति में अपना यथासंभव योगदान दे रहे हैं। पारम्परिक को प्रवाहमान रखना हो या उसको संशोधित करके वर्तमान स्वरूप में लेकर आना हो। उन्होंने स्वामी रामदेव जी के सानिध्य और अपने गुरुजनों के सहयोग से इसी कड़ी में आज गुरु-शिष्य परंपरा व आवश्यकता आविष्कार की जननी को कृतार्थ करते हुए समय व समाज की मांग के अनुसार उच्च शिक्षा यूजीसी नेट व आयुष मंत्रालय के योग सर्टिफिकेशन बोर्ड के पाठ्यक्रम पर आधारित पुस्तक ऽयोगः द योगा साइंसऽ का लेखन किया और गुरु-शिष्य परंपरा का पालन करते हुए आज योगऋषि स्वामी रामदेव जी के कर कमलों द्वारा इस पुस्तक के दूसरे संस्करण का विमोचन भी हुआ। स्वामी रामदेव के साथ भारत सरकार में सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में इस योग पुस्तक का विमोचन किया और योगी विकास को इस पुस्तक की सफलता के लिए आशिर्वाद प्रदान किया। योगी ने इस पुस्तक को अपने गुरुजनों को समर्पित किया। योगी ने स्वामी रामदेव जी, मंत्री आठवले जी, योगपीठ के केंद्रीय प्रभारी राकेश मित्तल, आचार्य तीर्थदेव, आचार्य चंदन, हरियाणा के पतंजलि प्रभारी ईश आर्य व पूरे पतंजलि परिवार व गुरुजनों का आभार प्रकट किया।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का एसडीएम ने लिया गोद

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनौंदा स्कूल में एनएमएमएस के 10 विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कनीना एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने कहा कि अभी तक विभिन्न जिले के 19 अधिकारियों को अलग-अलग स्कूल गोद लेने की बात कही गई है जिसमें उन्होंने धनौंदा स्कूल को गोद ले लिया है जिसकी आधिकारिक सूचना जल्द ही आने की संभावना है। तत्पश्चात स्कूल में विकास कार्यों की कोई कसर नहीं रहेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को एनडीए में सफलता पाने के गुर बताएं तथा कहा कि वे हर प्रकार से विद्यार्थियों की सहायता के लिए तत्पर हैं। एनडीए पास करने के लिए पुस्तक आदि का प्रबंध भी करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करने पर बल दिया। ताकि भविष्य में एनएमएमएस के विद्यार्थियों की संख्या 10 की बजाय 20 पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि विद्यालय के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अग्रणी है तथा मेहनत कर रहे हैं।



इस मौके पर जहां प्राचार्य कृष्ण सिंह और सतन कुमार आदि ने एसडीएम को बुक्का भेंट किया तथा समस्त स्कूल स्टाफ ने उन्हें समृति चिन्ह भेंट किया। उधर एसडीएम ने सभी 10 विद्यार्थियों जिनमें से 5 विद्यार्थी राजकीय माध्यमिक विद्यालय खरकड़ाबास के तथा 5 विद्यार्थी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनौंदा से है, सम्मानित किया। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक सतन कुमार ने बताया कि इन विद्यार्थियों को वादा किया गया था कि जितने विद्यार्थी एनएमएसएस में पास होंगे उतने ही उपहारों दिए जाएंगे। 5 विद्यार्थी पास हुए इसलिए 5-5 उपहार उन्हें भेंट किए गए। भविष्य में भी जितने अधिक विद्यार्थी पास होंगे उतने ही उपहार दिए जाएंगे तथा कुल्लू मनाली का टूर भी जल्द ही इन विद्यार्थियों का करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर जहां एसएमसी पदाधिकारी स्कूल स्टाफ सहित अभिभावक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## अर्निंग बाई लर्निंग पर जोर दे रही है सरकार -सुरेंद्र सिंह एसडीएम

» मदरलैंड संवाददाता



कनीना। कनीना एसडीएम सुरेंद्र ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनौंदा के पीसीए तथा ब्यूटी एवं वैलनेस के सभी विद्यार्थियों टूल किट वितरित करते हुए कहा कि वर्तमान में सरकार अनिंग बाई लर्निंग पर जोर दे रही है। एनएसक्यूएफ नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन योजना के तहत हरियाणा सर्व शिक्षा परियोजना पंचकूला द्वारा धनौंदा के स्कूल में 3 योजनाएं आईटी, पीसीए और ब्यूटी एवं वैलनेस चलाई जा रही है जिसमें नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को स्किल की जानकारी दी जाती है और उन्हें इस मौके पर टूल किट वितरित भी किए गए। विद्यार्थियों को टूल किट वितरित किए जिनके जरिए विद्यार्थी अर्निंग बाई लर्निंग के नियम का पालन कर सकता है। विद्यार्थी शिक्षा पाते हुए कुछ रोजगार कर सकता है। इस टूल की कीमत हजारों रुपये हैं तथा अलग अलग व्यवसाय के लिए सामान उपलब्ध है।

विस्तृत जानकारी देते हुए आईटी लोकेशनल टीचर प्रदीप कुमार ने बताया कि टूलकिट में ट्रेड से संबंधित सामान है जिस को प्रयोग करके विद्यार्थी पैसे कमा सकता है। इस मौके पर पीसीए के दसवीं के 21 तथा 12वीं के 6 विद्यार्थियों को आईटी के दसवीं के 16 तथा 12वीं के 37 विद्यार्थियों को, ब्यूटी एंड वैलनेस के तहत दसवीं के 21 तथा 12वीं के आरह विद्यार्थियों को टूल किट वितरित किये।

इस मौके पर पीसीए की वोकेशनल टीचर कविता, आईटी के वोकेशनल टीचर प्रदीप कुमार, ब्यूटी एंड वैलनेस की टीचर सीमा कुमारी के अलावा प्राचार्य कृष्ण कुमार यादव, वरिष्ठ प्रवक्ता सतन कुमार, प्राध्यापक राजवीर सिंह, एसएमसी के पदाधिकारी एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# कितनी उचित है यासिन मलिक को सजा?



के. विक्रम राव

स्वतंत्र कश्मीर के लिये मुजाहिद यासिन मलिक को कल (25 मई 2022) उम्रकैद हो गयी। अभियोजन के (सरकारी) वकील नील कमल ने फांसी की सजा मांगी थी। यासिन के वकील अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि 'गौर किया जाये कि यासिन ने 1994 से हिंसा तज दी थी।' आरोपी ने कहा उसकी आस्था गांधीवादी हो गयी है। मगर जज प्रवीण सिंह ने टोका कि 'चौराचौरी की हिंसा के बाद बापू ने आंदोलन वापस ले लिया था। हिंसा की भर्त्सना की थी। यासिन ने ऐसा नहीं किया। लिहाजा आजीवन कारावास।'

मगर यह सजा आंशिक है, केवल एक पक्ष में ही दी गयी है। यासिन के सहअभियुक्तों में डा. फारुख अब्दुल्ला, तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त आरवीएस पेरिशास्त्री, राजीव गांधी भी नामित होने चाहिये। कारण ? भारत सरकार की एक साजिशभरी हरकत ने इस भ्रमित भारतद्रोही (मगर कट्टर पाकिस्तान–विरोधी), प्रताप कालेज के स्नातक को आतंकवादी बना दिया। जम्मू–कश्मीर आजादी फ्रन्ट का सिरमौर बना दिया। हत्यारा बना दिया। कश्मीर घाटी में 1987 में राज्य विधानसभा का चुनाव था। एक पोलिंग बूथ पर यासिन तब मुस्लिम यूनाइटेड फ्रन्ट के प्रत्याशी मोहम्मद यूसुफ शाह का चुनाव एजेंट था। अमीर कदल विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी ने आधी रात के बाद यासिन को बताया कि ह्ब्लउसकी पार्टी का प्रत्याशी काफी बढ़त बनाये है। सुबह तक वह विजयी घोषित हो जायेगा। अतः अब घर जायें। आराम करें।ह्ब्ल सरकारी तंत्र पर यकीन कर इक्कीस–वर्षीय यासिन घर चला गया। सुबह उसने अखबार में पढ़ा कि फारुख अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस का प्रतिद्वंदी विजयी घोषित हो गया। अंतिम चक्र की मतगणना में उसके वोट उसकी जमानत बचाने लायक भी पर्याप्त नहीं थे। जीत का तो सवाल ही नहीं था। विधानसभा में फारुख अब्दुल्ल तथा राजीव–कांग्रेस को बहुमत मिल गया। मुझसे एक इन्टर्व्यू में (श्रीनगर 3 जनवरी 1991) को यासिन ने इस नाइंसाफी और फजीर्वाडा को सिलसिलेवार वर्णित कर बताया था। तब वह श्रीनगर में भारतीय वायुसेना के अधिकारियों की हत्या का अभियुक्त था। विशेष अनुमति पर सरकार ने फौजी हिरासत में यासिन से मुझे मिलाया था। मगर तबतक भारत के लोकतांत्रिक मतदान में उसकी आस्था नष्ट हो चुकी थी। प्रेस कांउसिल का सदस्य होने के कारण मैं ने अपने अध्यक्ष तथा सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज ने राजेन्द्र सिंह सरकारिया को यह घटना बतायी थी। इसके अलावा प्रेस कांउसिल की



जांच समिति में मेरे सहसदस्य तथा सम्पादक पत्रकार बीजी वर्गीस को भी इस इन्टर्व्यू के बारे में बता दिया था। वर्गीस इंडियन एक्सप्रेस, हिन्दुस्तान टाइम्स तथा टाइम्स आफ इंडिया के संपादक रह चुके थे। विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार को भी इस बारे में पता था। उसी दौर में वीपी सिंह सरकार के गृहमंत्री रहे मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबिया (महबूबा की अनुजा) का अपहरण हुआ था। पांच क्रूर आंतकवादियों की रिहाई के एवज में रुबिया मुक्त हुयी थी। नूरा कुश्ती के शक की सुई केन्द्रीय गृहमंत्री पर टिकी थी। अर्थात यासिन की बात वजनदार ही थी। भारत का सत्ता केन्द्र कश्मीरी आवाम को अब्दुल्ला–सल्तनत का गुलाम ही बनाये रखना चाहती थी। और इसीलिये यासिन ने हथियार उठा लिये, जो माओत्से तुंग ने पीड़ितों को सिखाया था। हिरासत में पूछा भी था मुझसे यासिन ने : ह्ब्लक्या विकल्प है हम पीड़ितों के लिये ?ह्ब्ल मेरा सवाल था ह्ब्लकब तक लड़ोगे ?ह्ब्ल वह बोला ह्ब्लआप अंग्रेजों से कब तक लड़ते रहे ?ह्ब्ल समझाने की कोशिश में मैंने कहा : ह्ब्लगोरे लोग सात समुंदर दूर थे। हम तो पहाड़ के नीचे है।ह्ब्ल वह नहीं माना। यासिन बोला पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी जंग चलेगी। फिर मैंने जानना चाहा कि ह्ब्लकश्मीर यदि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग हुआ था, तो आपके तीस करोड़ सहधर्मी भारत में किस आधार पर रह पायेंगे ?ह्ब्ल यासिन का उत्तर बड़ा स्पष्ट और साफ था : ह्ब्ल कश्मीरियों का कोई भी वास्ता इन हिन्दुस्तानी मुसलमानों से नहीं है। हमारी लड़ाई जुदा है।ह्ब्ल आकर मैंने दिल्ली और लखनऊ में सबको बताया। मगर कोई भी मिल्लत का आदमी अथवा जमात ने यासिन को मजहब का वास्ता देकर समझाने की तनिक भी कोशिश नहीं की।

यासिन मलिक त्रासद का शिकार रहा। अटल बिहारी वाजपेयी ने उसका पासपोर्ट जारी किया था। केन्द्रीय काबीना मंत्री जार्ज फर्नांडिस उससे मिले थे ताकि संवाद द्वारा समाधान निकले। सरदार मनमोहन सिंह ने यासिन को अपना राज्य अतिथि बनाया था। फिर बात क्यों नहीं बनी ? बेईमान मतदान प्रणाली जो जनमत से प्रवंचना करती है, वही एकमात्र कारण रही।

यह बात 1977 की है। केन्द्रीय चुनाव आयोग के अधिकारी मोरारजी देसाई के पास पूछने गये थे : ह्ब्लकश्मीर और बंगाल के विधानसभाई मतदान पर क्या आदेश है ? ह्ब्ल प्रधानमंत्री को पहले अचरज हुआ फिर आक्रोशित हुये। उनका सुझाव था : ह्ब्ल निर्बाध, निष्पक्ष चुनाव हो।ह्ब्ल नतीजन मार्क्सवादी कम्युनिस्ट बंगाल में और शेख अब्दुल्ला श्रीनगर में पूरे बहुमत से जीते। तभी शेख ने कहा भी : ह्ब्ल आजादी के बाद कश्मीर का यह पहला ईमानदार निर्वाचन हुआ।ह्ब्ल शेख और मोरारजी परस्पर विरोध खेमों में थे। उन्हें भलीभांति स्मरण रहा कि 1948 से तबतक (नेहरु युग से राजीव काल तक) चुनावी धांधली बड़ी आम बात थी। यासिन मलिक इसका जीवंत सबूत है। उसे पाकिस्तान धन देता रहा क्योंकि फारुख, मुफ्ती, उमर और महबूबा की भांति वह राजकोष से दूर–दूर ही था। कोर्ट में उसने अपनी हिंसक अपराधों को बेहिचक स्वीकारा है। राजीव गांधी के हत्यारों की भांति यासिन पर भी सरकार को कृपापात्र होना चाहिये।

यह पूछे जाने पर कि उसने शांति मार्ग क्यों नहीं अपनाया ? यासिन द्वारा दिये गये उत्तर पर अदालत को गौर करना चाहिये। यासिन ने कहा : ह्ब्लघाटी में बंदूक संस्कृति की इब्तिदा मुझसे हुयी है। हम चाहते है कि हमें सुना जाये।ह्ब्ल सभी कश्मीरी भलीभांति समझते है कि भारतीयों का उत्सर्ग याद रखना चाहिए कि : ह्ब्लजहां हमारा (हिन्दुस्तानियों का) लहू गिरा है, वह कश्मीर हमारा है।ह्ब्ल समझौते का आधार भी यही होगा।

## संपादकीय



### लुप्त हो रहे जीव

वनस्पति और जीव-जंतु ही धरती पर बेहतर और जरूरी पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं। वन्य जीव चूंकि हमारे मित्र भी हैं, इसलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। अब तक के शोधों से यह सामने आ चुका है कि धरती का पारिस्थितिकी तंत्र बेहद खराब हो चुका है। मानवीय दखल से दूर रहने के कारण और स्थानीय जनजातीय लोगों की भूमिका की वजह से सिर्फ तीन फीसद हिस्सा ही सुरक्षित रह गया है। ब्रिटेन स्थित स्मिथसोनियन एनवायरनमेंटल रिसर्च सेंटर के मुताबिक विश्व के केवल 2.7 फीसद हिस्से में ही अप्रभावित जैव विविधता बची है, जो बिल्कुल वैसी ही है जैसी पांच सौ वर्ष पूर्व हुआ करती थी। इन क्षेत्रों में सदियों पहले जो पेड़-पौधे और जीव पाए जाते थे, वे प्रजातियां आज भी हैं। जो अप्रभावित जैव विविधता वाला क्षेत्र बचा है, वह भी जिन-जिन देशों की सीमाओं के अंतर्गत आता है, उनमें से केवल 11 फीसद क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। अप्रभावित जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से अधिकांश इलाके उत्तरी गोलार्ध में आते हैं, जहां मानव उपस्थिति कम रही है, लेकिन अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ये जैव विविधता से समृद्ध नहीं थे। धरती पर जैव विविधता के अस्तित्व पर मंडराते संकट को लेकर शोधकताओं का कहना है कि अधिकांश प्रजातियां मानव शिकार के कारण लुप्त हुई हैं, जबकि कुछ अन्य कारणों में दूसरे जानवरों का हमला और बीमारियां शामिल हैं। वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ क्राइम रिपोर्ट 2020 के मुताबिक वन्यजीवों की तस्करी भी दुनिया के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ा खतरा बन कर उभरी है। रिपोर्ट के मुताबिक सर्वाधिक तस्करी स्तनधारी जीवों की होती है। वन्यजीव तस्करी में 22 फीसद तस्करी के मामले रेंगने वाले जीवों के और दस फीसद पक्षियों के होते हैं। जबकि पेड़-पौधों की तस्करी का हिस्सा 14.3 फीसद है। इंटरनेशनल यूनियन फार कंजर्वेशन आफ नेचर (आईयूसीएन) की वर्ष 2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले वक्त में इनके विलुप्त होने की संख्या और दर अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। पक्षियों की प्रजातियों की संख्या में गिरावट को भारत के संदर्भ में देखें तो भारत में जहां 14 फीसद प्रजातियों की संख्या में वृद्धि हुई है, वहीं छह फीसद प्रजातियों की संख्या स्थिर है, जबकि 80 फीसद प्रजातियां कम हुई हैं। इनमें से 50 फीसद प्रजातियों की संख्या में भारी गिरावट और 30 फीसद प्रजातियों में कम गिरावट दर्ज की गई है। सालाना पक्षी गणना में प्रतिवर्ष पक्षियों की संख्या और विविधता में गिरावट आ रही है, जिसका बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन और जंगलों का कटना है। उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में पक्षियों पर हुए शोध के नतीजे भी चौंकाने वाले हैं। वहां वन क्षेत्रों में मानवीय दखल, वनों की कटाई और तेजी से बढ़ते प्रदूषण के कारण पक्षियों की संख्या में 60 से 80 फीसद तक की कमी आई है। देहरादून स्थित सेंटर फॉर इकोलाजी, डवलपमेंट एंड रिसर्च (सेडार) और हैदराबाद स्थित सेंटर फार सेल्युलर एंड मालिक्यूलर बायोलाजी के शोधकर्ता यह साझा शोध वर्ष 2016 से हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों में कर रहे हैं।

# महान क्रन्तिकारी जननायक वीर विजय सिंह पथिक का राष्ट्र चिन्तन



डॉ. नाज परवीन

**महात्मा गांधी के किसान आन्दोलनों से बहुत पहले आपने देश में पहला विशाल किसान आन्दोलन ह्बिजौलिया आन्दोलनह्ब के रूप में खडा किया। जिसका उददेश्य मजबूती से किसान के शोषण और अन्याय के विरूद्ध अलख जगाना था। सन 1912 में राजधानी परिवर्तन और हार्डिंग पर बम काण्ड की गतिविधियों में रास बिहारी बोस, जोरावर सिंह, प्रताप सिंह, के साथ पथिक जी का भी नाम शामिल था जिससे अंग्रेजों से बचने में सफल हुए और फरार हो गए। पथिक जी रास बिहारी बोस के नेतृत्व में 1857 की तर्ज पर एक बडा आन्दोलन तैयार करना चाहते थे, जिसमें अंग्रेजों को उकसाने और राजाओं को अपनी तरफ विद्रोह में शामिल करना था, पथिक जी को राजस्थान का नेतृत्व संभालना था। लेकिन पथिक जी फिरोजपुर षडयन्त्र में अंग्रेजों की आंखों में पहले से चुभ रहे थे, जिसके लिए उन्हें भूमिगत होना पडा।**

गुर्जर इतिहास वीरता, शौर्य और अदम्य साहस से परिपूर्ण है। जमीन से जुडे गुर्जर समाज का इतिहास सवर्णिम अंक्षरों से रचा बसा है। राष्ट्र प्रेमी वंचितों एवं शोषितों के अग्रिम पंक्ति के नेता जिन्होंने भारत को कई भीतरी एवं बाहरी खतरों से बचाने में अपना बलिदान दिया, उस जुझारू समाज का दिवाकर ह्वीर गुर्जर, विजय सिंह पथिकह्ब का जन्म एक क्रान्तिकारी परिवार में 27 फरवरी 1882 में हुआ था।

बुलन्दशहर जिले के गांव गुठावली कलां का गुर्जर परिवार माटी से जुडा क्रान्तिकारी परिवार था। इनके दादा इन्द्र सिंह बुलन्दशहर में मालागढ़ रियासत में दीवान के पद पर थे, 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में दादा इन्द्रसिंह के शौर्य और बलिदान की गाथा में रमा इनका बचपन एक सशक्त योद्धा का निर्माण कर रहा था। योद्धा किसानों का, मजदूरों का और समाज के हाशिये पर खडे लोगों का। जिनके अधिकारों की बात करना उस दौर में कठिनतम कार्यों में से था।

अंग्रेजी हुकूमत के खौफ के आगे आम जनता जिन सवालों को उठाने से भय खाती थी, गुर्जर परिवार निडरता से सबका पक्ष रखता था। इनके बचपन में लोग इन्हें भूप सिंह के नाम से पुकारते थे, पिता हमीर सिंह गुर्जर को ब्रिटिश हुकूमत ने 1857 की क्रान्ति में योगदान देने के लिए गिरफतार कर लिया, इनकी मां कमल कुमारी पर इसका गहरा प्रभाव पडा, जिसका सीधा असर पूरे परिवारिक वातावरण पर देखा जा सकता था। बचपन देश की आजादी के सपनों ने सींचा, बडे हुए तो हाशिये पर खडे लोगों का जीवन सवारने में लग गये। घर-परिवार से पहले भारत को मजबूत राष्ट्र बनाने के स्वप्न में जुट गये, महान वीर गुर्जर विजय सिंह पथिक जी!

भारत के गौरव विजय सिंह पथिक अंग्रेजी हुकूमत के गहरे आलोचक थे, इसलिए युवावस्था में ही परिवार की जिम्मेदारी उठाने से ज्यादा देश में आजादी की वकालत की हिमाकत की, और जुड गये रास बिहारी बोस एवं शचीन्द्र नाथ सान्याल जैसे क्रान्तिकारियों के साथ। यह वह दौर था जब ब्रिटिश हुकूमत उन तमाम क्रान्तिकारी गतिविधियों को कुचलने में देर नहीं लगाती थी, जिनमें स्वतंत्रता की किरण नजर आने लगती थी। इसलिए सन 1915 में फिरोजपुर षडयन्त्र की घटना के पश्चात इन्होंने अपना असली नाम भूपसिंह से बदलकर विजयसिंह पथिक रख लिया, और इसी नाम से ना केवल भारत अपितु इग्लैण्ड की भी ब्रिटिश हुकूमत की आंखों में खटकते रहे। गरीब को गरीबी से बाहर निकालने का जो प्रण उन्होंने लिया वह उनकी विरासत की देन थी।

आजादी के इतने पहले यदि मजदूर, किसानों की समस्याओं को किसी ने फांक कर देखा, तो वो वीर गुर्जर विजय सिंह पथिक जी ही थे, जिनकी आंखों में हर वक्त मजबूर किसानों की तंगहाली दिखती थी, मजदूरों के शोषण और अन्याय को दूर करने की जददो जहद में हर वक्त तल्लीन रहते थे भूप सिंह गुर्जर जी। पथिक जी का स्वप्न था कि भारत को शोषण, अन्याय मुक्त बनाना है, वो भी तत्कालीन परिस्थितियों में जबकि आम जनमानस का जीवन अंग्रेजो के हाथों जकडा हुआ था, उनका अथक प्रयास जारी था।

महात्मा गांधी के किसान आन्दोलनों से बहुत पहले आपने देश में पहला विशाल किसान आन्दोलन ह्बिजौलिया आन्दोलनह्ब के रूप में खडा किया। जिसका उददेश्य मजबूती से किसान के शोषण और अन्याय के विरूद्ध अलख जगाना था। सन 1912 में राजधानी परिवर्तन और हार्डिंग पर बम काण्ड की गतिविधियों में रास बिहारी बोस, जोरावर सिंह, प्रताप सिंह, के साथ पथिक जी का भी नाम शामिल था जिससे अंग्रेजों से बचने में सफल हुए और फरार हो गए। पथिक जी रास बिहारी बोस के नेतृत्व में 1857 की तर्ज पर एक बडा आन्दोलन तैयार करना चाहते थे, जिसमें अंग्रेजों को उकसाने और राजाओं को अपनी तरफ विद्रोह में शामिल करना था, पथिक जी को राजस्थान का नेतृत्व संभालना था। लेकिन पथिक जी फिरोजपुर षडयन्त्र में अंग्रेजों की आंखों में पहले से चुभ रहे थे, जिसके लिए उन्हें भूमिगत होना पडा।

यकीनन हवाओं का रूख दूसरी ओर था, लेकिन पथिक जी का हौसला सदैव बुलन्द रहा, इसलिए अंग्रेजो से छुपते-छुपाते अपनी तैयारियों में कभी कमी नहीं होने दी। आगे जाकर लाहौर केस में भी उनका नाम उछला, तब भी वीर गुर्जर अंग्रेजों की आंखों में धूल झोकने में सफल रहे। ब्रिटिश हुकूमत से बचने के लिए उन्होंने राजस्थानी राजपूतों सा वेश धारण किया एवं चित्तौडगढ़ में रहने लगे। बिजौलिया से आये एक साधु सीताराम दास से वे बहुत प्रभावित हुए और उनके कहने पर ही बिजौलिया आन्दोलन का नेतृत्व संभाला। बिजौलिया उदयपुर रियासत का एक छोटा सा हिस्सा था, जहां किसानों पर घोर अन्याय किया जा रहा था। शोषण और अन्याय से पीडित किसानो को तंगदस्ती में भी मोटी रकम हुकूमत को मालगुजारी के रूप में देनी पडती थी।

बिजौलिया जाकर पथिक जी ने उन किसानों की हालत देखकर उन्हें इस अन्याय से मुक्ति का प्रण लेकर सन 1916 में आन्दोलन का नेतृत्व अपने हाथों में लिया और इतिहास को एक मजबूत आन्दोलनों की राह भी दिखाई। किसानों का आर्थिक शोषण इस हद तक था कि उनसे 84 प्रकार के कर वसूल किए जाते थे, युद्धकोष कर, साहूकारों का शोषण जैसी समस्याओं के कारण किसानों की कमर तोड कर रख दी थी। उन्होंने गांव-गांव में किसान पंचायत की कई शाखाऐं खोली।

किसानों की भूमि सुधार मांग, अधिभारों एवं बेगार से सम्बन्धित मुददों को समाज और सरकार के समक्ष रखने का सफल प्रयास किया। जमीन से जुडे इस जननायक के प्रयासो का परिणाम था, कि पंचायत ने भूमि कर न देने का निर्णय लिया। यह वह दौर था जब विश्व में रूसी क्रान्ति 1917 की खूब चचार्ऐं हो रही थी, समाज को साधने के महारथी जननायक पथिक जी ने आम-जनमानस को इस क्रान्ति से प्रेरित करके भारत में किसानों की शोषण से आजादी का बिगुल फूंका। जिसकी चचार्ऐं गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपने अखबार ह्प्रतापह्ब में जोर-शोर से की हैं।

पथिक जी ने किसानों के दर्द को बम्बई जाकर महात्मा गांधी को बतायी। गांधी जी ने वचन दिया कि यदि मेवाड की सरकार किसानों का दर्द दूर नहीं करती तो वे स्वयं बिजौलिया आन्दोलन का नेतृत्व संभालेंगे। गांधी जी ने महाराणा को पत्र भी लिखा, लेकिन कोई समाधान न निकला।

पथिक जी जननायक थे! उन्होंने जनता की बात, जनता के साथ रखने का निश्चय किया। तत्पश्चात वर्धा से राजस्थान केसरी नामक पत्र निकाला जो कि जनता में बहुत लोकप्रिय हो गया, लेकिन उनकी विचारधारा जमनालाल बजाज से मेल न खाई और वे वर्धा छोडकर अजमेर आ गए। जनता के नायक अपनी कोशिशों में धार लाने के लिए सन 1920 में अजमेर में ही राजस्थान सेवा संघ की स्थापना की, ताकि लोगों से जुडाव और भी ज्यादा हो सके। देखते ही देखते इस संस्था ने पूरे प्रदेश में अपनी शाखाऐं प्रसारित कर ली, और कई जनआन्दोलन का नेतृत्व किया। आगे चलकर अजमेर से पथिक जी का एक नया पत्र नवीन राजस्थान प्रकाशित हुआ। दिनों-दिन पथिक जी के प्रयासों से आन्दोलनों एवं सत्याग्रहों के माध्यम से किसानों की समस्याओं ने खूब जोर पकडा, जिसमें देशी राजाओं की निरंकुशता पर अंकुश लगाने का उन्होने पुरजोर प्रयास किया।

सन 1921 आते-आते उन्होंने राजस्थान सेवा संघ के माध्यम से बेगू, पारसोली, भिन्डर, बासी और उदयपुर के कई स्थानों में आन्दोलन का शंख बजाया। उत्तरप्रदेश में जन्में इस वीर ने राजस्थान के किसानों की जिम्मेदारी बडे शौक से निभायी, देखते ही देखते देश के कई हिस्सों में बिजौलिया आन्दोलन एक किसान शक्ति का सिंबल बन गया। पथिक जी ने जो स्वप्न किसानों की आखों में 1917 की रूस की क्रान्ति से देखा था, वह अब देश के कई हिस्सों में प्रेरणा का स्त्रोत बनने लगा।

# मोदी की कथनी और करनी में गजब की समानता



सुरेश हिन्दुस्थानी

जब कोई व्यक्ति पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्म पथ पर अग्रसर होता है तो विश्व समुदाय उसका अनुगामी हो जाता है। इस दायरे में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रखा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। ऐसा लगता है कि स्वतंत्रता के पश्चात देश में ऐसी पहली सरकार बनी है, जिस पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है, इसके विपरीत इसके पूर्ववर्ती सरकार के दामन पर भ्रष्टाचार के अनेक दाग लगे। भारत की जनता ने इस बात की उम्मीद ही छोड़ दी थी कि अब भारत में भ्रष्टाचार कभी समाप्त होगा, लेकिन वर्तमान केन्द्र सरकार ने इस धारणा को पूरी तरह से बदलकर रख दिया। वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी एक ऐसी बड़ी लकीर खींचने का अहर्निश साहस दिखा रहे हैं, जिसकी देश को दशकों से आवश्यकता थी। वर्षों तक विदेशों के समकक्ष दायित्व वालों के पीछे रहने वाला भारत आज उनके साथ गौरव के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। जो कहीं न कहीं भारत की शक्ति को प्रकट कर रहा है।

अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं पत्थर पर लकीर खींचता हूं, मक्खन पर नहीं। यह पंक्ति भले ही एक कहावत के तौर पर प्रचलित है, लेकिन इसके भावार्थ बहुत ही गहरे हैं। प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी ने जो कार्य किए हैं, वह आज मील के पत्थर के तौर पर स्थापित हुए हैं। वह चाहे तीन तलाक का मामला हो या फिर जम्मू-कश्मीर से धारा 370 के हटाने का मामला ही क्यों न हो, राजनीतिक दलों ने देश का जनमानस ऐसा बना दिया था कि इसके बारे में बात करने से भी पसीने छूट जाते थे। इतना ही नहीं जो राजनीतिक दल इसका राजनीतिक और आर्थिक लाभ उठा रहे थे, उन्होंने भी देश में इस प्रकार का डर का वातावरण पैदा किया कि धारा 370 को हटाने के बाद देश में गृह युद्ध के हालात पैदा हो सकते हैं, लेकिन यह केवल बातें ही सिद्ध हुईं। कौन नहीं जानता कि जम्मू कश्मीर में राजनीति करने वाले फारुक अबदुल्ला और मेहबूबा मुफ्ती ने किस प्रकार की भाषा बोली। उनकी वाणी से हमेशा यही प्रतीत होता था कि वह पाकिस्तान परस्त भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने कहा था कि कश्मीर में तिरंगा उठाने वाला कोई नहीं मिलेगा। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि तिरंगा कोई सामान्य कपड़ा नहीं है, जिसको उठाने की आवश्यकता हो। तिरंगा तो इस देश की आन बान और शान का प्रतीक है। इसके बारे में इस प्रकार की धारणा रखना, निश्चित ही देश भाव के साथ मजाक ही है। इस प्रकार भाषा पाकिस्तान के किसी व्यक्ति द्वारा बोली जाती तो समझ में आता है, लेकिन हमारे भारत के मुकुटमणि के बारे में ऐसा बोलना निश्चित ही देशद्रोहिता ही कही जाएगी। अब जम्मू कश्मीर में सुखद बयाी की अनुभूति कराने वाला दृश्य एपस्थित हो रहा है। जो मोदी सरकार की एक बड़ी लकीर के रूप में प्रमाणित हो रहा है।

इसी प्रकार लम्बे समय से निर्णय की प्रतीक्षा करते हुए राम मंदिर का मामला भी मोदी जी के कार्यकाल में सुखद परिणाम देने वाला रहा। वास्तविकता में इस मामले का हल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निकाला गया, लेकिन इसका श्रेय मोदी सरकार के कार्यकाल को ही दिया जा सकता है। यह सारे मामले वास्तव में पत्थर पर लकीर खींचने जैसे ही कहे जा सकते हैं। इसी कारण देश की जनता उनके इन साहसिक निर्णयों के साथ जुड़ती जा रही है। जबकि विपक्षी राजनीतिक दलों की कार्य संस्कृति के चलते जनता इतनी दूर हो गई है कि उनको अपने भविष्य को बचाने के लिए राजनीतिक चिंतन और मंथन की आवश्यकता होने लगी है। हम जानते हैं कि अभी हाल ही में कांग्रेस ने सत्ता पाने की चाह में राजस्थान के उदयपुर में चिंतन किया, जो वास्तव में ढाक के तीन पात वाला ही सिद्ध हुआ। यह वास्तविकता ही है कि कांग्रेस ने जिस प्रकार से मुस्लिम और ईसाई तुष्टिकरण का कार्य किया, उसके कारण निश्चित ही देश का राष्ट्रीय भाव के साथ विचार करने वाला बहुसंख्यक समाज उससे दूर होता चला गया। जबकि प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली में सबका साथ और सबका विकास वाली अवधारणा ही दिखाई देती है। अब तो केन्द्र सरकार ने अंत्योदय की अवधारणा पर कदम बढ़ाते हुए सबका विश्वास अर्जित करने का साहसिक प्रयास करने की ओर कदम बढ़ा दिया है, जिसके परिणाम भी अच्छे आएंगे, यह पूरा विश्वास भी है।

आज देश के विपक्षी राजनीतिक दल मोदी सरकार की कार्यशैली से इसलिए भी भयभीत से दिखाई देते हैं, क्योंकि दोनों की कार्यशैली में जमीन आसमान का अंतर है। जहां एक ओर देश की जनता मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा को पसंद कर रही है, वहीं कांग्रेस की भाषा को सुनकर दूर होती जा रही है। आज कांग्रेस की जो स्थिति दिखाई देती है, उसके लिए मोदी जिम्मेदार नहीं, बल्कि स्वयं कांग्रेस ही जिम्मेदार है, क्योंकि देश की जनता कांग्रेस के कार्यों से त्रस्त हो चुकी थी, तब जनता को साहस के साथ निर्णय लेने वाला दमदार नेतृत्व लेने वाले नायक की आवश्यकता महसूस हो रही थी, मोदी में यह सब दिखाई दिया। और जनता ने देश की बागडोर मोदी के हाथ में सौंप दी। मोदी ने अवसर पाकर ऐसे निर्णय लिए जो भाजपा के मुख्य केन्द्र बिन्दु थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े एक मामले का हुआ निपटारा, सामने आये दो नये मामले

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। शनिवार को खोदावन्दपुर थाना परिसर में जनता दरबार लगा, जिसमें पहले से आये तीन मामलों पर सुनवाई हुई. और एक मामले का निपटारा किया गया.शनिवार को भूमि विवाद से जुड़ें दो नये मामले भी सामने आये.जनता दरबार में अंचलाधिकारी अमरनाथ चौधरी एवं थानाध्यक्ष सुदीन राम ने दोनों पक्षों की बात सुनी और संबंधित दस्तावेज का निरीक्षण किया. सुनवाई के दौरान एक मामले का निपटारा कर दिया गया. जबकि अन्य मामलों की सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की गयी.मौके पर राजस्व अधिकारी कुमार रजनीश, राजस्व कर्मचारी अरुण कुमार समेत अन्य मौजूद थे.

### भूमि विवाद को लेकर सभी थानों में थानाध्यक्ष एवं सीओ द्वारा जनता दरबार में प्राप्त भूमि विवाद के कई शिकायतों का किया गया निष्पादन



मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। डीएम इनायत खान द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर भूमि विवाद के मामले को समय पर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के दिशा-निर्देश में नियमित रूप से प्रत्येक शनिवार को थानों में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। शनिवार को सभी थानों में जनता दरबार में भूमि विवाद के प्राप्त शिकायतों पर अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्षों द्वारा सुनवाई की गई। मौके पर कई भूमि विवाद के मामलों का निष्पादन भी किया गया। विधि व्यवस्था की समीक्षात्मक बैठक में लगातार थानों में जनता दरबार आयोजित करने का निर्देश दिया जाता है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत भूमि विवाद के मामलों का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें साथ ही साथ न्यायचित ढंग से समय पर निष्पादित कराने का निर्देश दिया गया।

### बथनाहाः जनता दरवार का आयोजन में एक मामले का हुवा निष्पादन




मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। बथनाहा ओपी थाना परिसर में हर शनिवार की भांति इस शनिवार भी जमीन संबंधित समस्याओं को लेकर अंचलाधिकारी संजीव कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े तीन नए आवेदन प्राप्त हुए शेष पूर्व से लंबित मामले चले आ रहे थे। उन सभी मामलों को जोड़कर शनिवार को एक फरियादि की फरीयाद का निष्पादन जनता दरबार में किया गया। सीओ की अध्यक्षता में बारी-बारी से दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि जनता दरबार में अंचल क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के लोग जमीन संबंधित विवाद को लेकर पहुंचे थे। सभी फरियादियों को इसी प्रकार जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं का समाधान मिल बैठकर सुलझाना चाहिए। इससे समाज में आपसी सौहार्द बना रहता है। मौके पर एसआई छोटेलाल चौहान, थाना मैनेजर कुमारी ऋतु, नागेश्वर यादव(समाजसेवी) सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बालूमाथ में बिजली चोरी के आरोप में 18 धराये, प्राथमिकी दर्ज



मदरलैण्ड संवाददाता, लातेहार। बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मियों द्वारा बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरपा पंचायत में छापामारी अभियान चलाकर अट्ठारह ग्रामीणों को चोरी की बिजली जलाते हुए पकड़ा है। छापामारी अभियान में लातेहार विद्युत विभाग के कनीय अभियंता एसके मंडल, बालूमाथ विद्युत केंद्र के कर्मी रूपनारायण साहू, बालो साव, अरुण साव रिंकेश कुमार, मुनेश्वर कुमार, उमेश यादव, अशोक कुमार, आदि शामिल थे। चोरी की बिजली जलाते पकड़े जाने वालों में मुरपा पंचायत निवासी राहुल कुमार, नानहू पासवान, मो० मजीद अंसारी, इलियास आलम, सरफुद्दीन मियां, दिनेश ठाकुर, रोहित ठाकुर, आदित्य यादव, शाहिद अख्तर, राजू साहू, मोहम्मद राजा अंसारी, सुरेश साहू, गोविंद साहू, अंबिका सोनी, कालीचरण यादव, मंटू शाह तथा विकास यादव शामिल है। विभाग ने इनके विरुद्ध बालूमाथ थाना में विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। और विभागीय आर्थिक दंड लगाया गया है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि जिनका बिजली कनेक्शन नहीं है। वह यथाशीघ्र बिजली कनेक्शन ले अन्यथा पकड़े जाने पर आर्थिक दंड लगाते हुए उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पूजा करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरा ऑटो दुर्घटनाग्रस्त, सात घायल, एक रिम्स रेफर



मदरलैण्ड संवाददाता, लातेहार। लातेहार जिला के बालूमाथ थाना क्षेत्र से सटे हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पातम टाटम जलप्रपात के समीप सतबहिनी धाम स्थल पर पूजा करने जा रहे। श्रद्धालुओं से भरा एक ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें एक महिला समेत सात लोग घायल हो गए। घायलों में हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सलैया ग्राम मैलम टोला निवासी बालेश्वर भुइयां, सुखदेव भुईयां, घुटारी भुईयां, बिगन भुईयां, फुलदेव भुइयां, बेबी देवी, भुनेश्वर भुईयां शामिल हैं। घायलों को आसपास ग्रामीणों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर चिकित्सक अशोक ओड़िया के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वही चिकित्सक के द्वारा घायल बालेश्वर भुईयां की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग दमदम स्थित सतबहिनी धाम पूजा करने जा रहे थे। कि इसी क्रम में दुर्घटना हो गई।

# पचौड़र बाजार में मही नदी पर पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होते ही पुनः विरोध शुरू



» मदरलैण्ड संवाददाता

सारण। प्रखंड के तरैया-अमनौर मुख्य सड़क पर पचौड़र बाजार में मही नदी पर महीनों बाद पुल का निर्माण कार्य शनिवार को पुनः प्रारंभ हुआ। निर्माण कार्य शुरू होते ही कुछ लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया और जबरन कार्य को बंद करवा दिया। सूत्रों की माने तो कुछ लोग पुल के स्टीमेट में छेड़छाड़ करना चाहते है जो संभव नही है। पुल की लम्बाई व चौड़ाई बढ़ाने तथा पुल को पश्चिम दिशा में करने पर अरे हुए है। जबकि पथ निर्माण विभाग के अभियंता तारकेश्वर दासी ने बताया कि महीनों से पुल का निर्माण कार्य बाधित था। गत दिनों तरैया सीओ व बीडीओ समेत अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुल स्थल की जमीन की मापी कराई गई और स्थानीय लोगों से आपसी सहमति के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। लेकिन कार्य प्रारम्भ होते ही कुछ लोग पुनः विरोध पर उतारू हो गये और कार्य को बंद करा दिये। अभियंता ने इसकी सूचना तरैया थाना पुलिस को दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुची तरैया थाने की पुलिस आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर मामला को शांत कराया। अभियंता ने बताया कि पुल स्टीमेट के अनुसार ही बनेगा। बाध्य होकर प्रशासनिक सहारा लेकर कार्य किया जायेगा।

पचौड़र बाजार के व्यवसायी व ग्रामीण पुल निर्माण विभाग से पुल का निर्माण जल्द कराने की मांग किये

पचौड़र बाजार के व्यवसायी व ग्रामीण पुल निर्माण विभाग के पदाधिकारियों से जल्द पुल निर्माण कराने की मांग की है। पुराने पुल तोड़कर नये पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ तो लोगों में बाढ़ व बरसात में हो रही परेशानी से निजात मिलने की उम्मीद जगी। लेकिन कुछ लोगों के विरोध के कारण पुल का कार्य अधर में लटकता नजर आ रहा है। इधर मानसून की भी शुरूआत होने को है और मानसून शूरू होते ही नदी के रास्ते बने डायवर्सन बंद हो जायेगा तो बाजार में पुल के उस पार से इस पार आना जाना भी मुश्किल हो जायेगा।

● पुल के स्टीमेट के विपरीत कार्य कराने पर तुले हुए है कुछ लोग, विरोध के कारण कार्य फिर हुआ बंद

# बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले नियोजकों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा-श्रम अधीक्षक



» मदरलैंड संवाददाता

मोतिहारी। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के पूर्व शनिवार को बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरूकता एवं चेतना जागृत करने तथा प्रथम स्तर पर आम जनमानस में बाल श्रम को समाज की एक कुरीति के रूप में प्रचारित करने को लेकर श्रम अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा विशेष धावा दल के माध्यम से पूर्वी चंपारण जिले के सभी प्रखंडों में जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई।श्रम अधीक्षक के द्वारा इस कार्य हेतु तीन टीम का गठन किया गया।इस कड़ी में संयुक्त श्रम भवन पूर्वी चंपारण से श्रम अधीक्षक के नेतृत्व में सहायक निदेशक,बाल संरक्षण इकाई ममता झा एवं जिला समादेष्टा, होमगार्ड डॉ अशोक कुमार प्रसाद के साथ बाल श्रम के विरुद्ध प्रचार प्रसार एवं जन जागरूकता हेतु धावा दल टीम-एक के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।यह जन जागरूकता अभियान विशेष धावा दल टीम के साथ समाहरणालय गेट तथा कचहरी चौक होते हुए बलुआ चौक से जनपुल चौक तक पूरे मोतिहारी शहर में चलाया गया।साथ ही रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक राकेश कुमार त्रिपाठी, जीआरपी थाना प्रभारी मोतिहारी रेलवे स्टेशन,आरपीएफ प्रभारी, रेलवे चाइल्ड लाइन मोतिहारी सिटीकार्ट मोतिहारी,वी-टू,वी-बाजार,वी- मार्ट,विष्णु मेगा मार्ट,संजय सिनेप्लेक्स के नियोजकों से बाल श्रमिकों को नियोजित नहीं किए जाने से संबंधित शपथ पत्र भरवाया गया और सभी को बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत प्रावधानों की जानकारी दी गई।श्रम अधीक्षक के द्वारा जिले के सभी दुकानों,प्रतिष्ठानों के नियोजकों से अपने परिसर में किसी भी बाल श्रमिक को नियोजित नहीं करने हेतु अपील की गई।उनके द्वारा बताया गया कि बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले नियोजकों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा तथा बाल श्रमिकों को नियोजित करने वाले नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में प्रति बाल श्रमिक बीस हजार रुपया की वसूली की कारवाई अलग से की जायेगी।श्रम अधीक्षक ने बताया कि यह अभियान 12 जून तक जारी रहेगा।

## फेना बेलाही में तारों का बना मकड़जालः

## कहीं खंभों पर लटक रहे तार तो कहीं खराब हैं पोल, स्थानीयों के शिकायत के बाद भी विभाग नहीं ले रहा सुध

» मदरलैण्ड संवाददाता







मो०मुस्ताक

अररिया। बथनाहा पंचायत के फेना बेलाही वार्ड 10 और 11 में बिजली की समस्या को लेकर स्थानीय लोग परेशान हैं। वहीं बिजली के खम्भों पर तारों के जाल बने हुए हैं। कहीं तार नीचे लटके हैं तो कहीं खम्भें जर्जर स्थिति में खड़े हैं। जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। स्थानीयों के शिकायत के बाद भी अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं।स्टेशन चौक से लेकर , बेलाही मुस्लिम बस्ती , जैसे स्थानों पर बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। यहां बिजली की केबिल नीचे लटकी हुई है। आने जाने वाले राहगीरों के ऊपर भी टूट कर गिर जाती है। बिजली के तार एवं खम्भा जर्जर स्थिति में हैं। आए दिन तार टूटते रहते हैं। स्थानीय लोग बिजली विभाग की लापरवाही से बेहद परेशान हैं। तारों के इस तरह लटकने से दुर्घटना का भय रहता है।

स्थानीय निवासी मो० मुस्ताक का कहना है कि फेना बेलाही में बिजली के तारों का जाल बना हुआ है। जिससे रोजाना केबिल स्पार्किंग होती रहती है। मेरे और ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय विद्युत कर्मियों से बार बार इसकी शिकायत किया गया । लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों के द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि अभी तक मरम्मत कार्य नही करवाया गया, ऐसे में यदि कोई दुर्घटना घटती हैं तो उसके जिम्मेदार बिजली विभाग के कर्मी ही होंगे।

**क्या कहते हैं सहायक अभियंता**

सहायक अभियंता कोमल कुमारी, ने बताया की मामला संज्ञान में आया हैं जाँच करवाते हैं।

# अमृत सरोवर में मछली पालन एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा दें-जिलाधिकारी

» मदरलैण्ड संवाददाता



मोतिहारी। जिलाधिकारी सह अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति पूर्वी चंपारण शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में शनिवार को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित जिला जल एवं स्वच्छता समिति की जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि नवाचार तकनीक अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सुखेत मॉडल के अनुरूप डंपिंग यार्ड एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सोख्ता,लीज फीट का निर्माण सुनिश्चित किया जाए ।विभाग द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु 95 ग्राम पंचायतों का लक्ष्य प्राप्त है ।जिसमें से 57 कार्य योजना ग्राम सभा के द्वारा पारित किया जा चुका है ।उन्होंने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य करें ।सभी मनरेगा पीओ को निर्देश देते हुए कहा कि अमृत सरोवर का गुणवत्तापूर्ण तेजी से कार्य प्रगति सुनिश्चित की जाए ।इन सरोवरों में मछली पालन एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा दें ।तालाब के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जीविका दीदी को एक-एक तालाब मुहैया कराने का निर्देश दिया गया ।उन्होंने कहा कि किन्नर समुदाय,दिव्यांग ग्रुप एवं कुष्ठ रोगियों के लिए एक-एक तालाब मुहैया कराया जाए ताकि उन्हें समाज में मुख्यधारा से जोड़ा जा सके ।कहा कि अपने जनप्रतिनिधि से समन्वय स्थापित कर बाढ़ आपदा अंतर्गत तत्काल सुरक्षा हेतु तटबंध का निर्माण करें ।प्रधानमंत्री आवास योजना के समीक्षा के क्रम में उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश देते हुए कहा कि प्रथम किस्त के अनुरूप द्वितीय किस्त का भुगतान दस दिनों के अंदर यथाशीघ्र सुनिश्चित किया जाए ।मिशन मोड में एक ही प्रकार का कॉलोनी मॉडल पीएम आवास का निर्माण कराएं ।पेयजल निश्चय योजना की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर नल जल योजना से छूटे हुए पंचायतवार वार्ड स्तर पर सूची तैयार कर ग्राम सभा में पारित कर नल जल योजना को शत प्रतिशत यथाशीघ्र कार्य पूर्ण किया जाए ।ताकि कोई भी घर नल जल योजना से वंचित न रह सके ।गार्जियंस ऑफ चंपारण पुराने वृक्ष के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी बीडीओ को निर्देश दिया गया कि मुखिया के साथ समन्वय स्थापित कर पुराने वृक्षों की सुरक्षा हेतु मिट्टीकरण,गोद भराई,रक्षाबंधन,पानी की व्यवस्था जैसे कार्य सुनिश्चित किया जाए ।इस वित्तीय वर्ष में मनरेगा द्वारा जिले भर में सात लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है ।उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन हरियाली अंतर्गत कार्य को गंभीरता से लें तथा अपने कर्तव्य एवं दायित्व का ससमय निर्वहन करना करें ।इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पत्रकार सुभाष हत्याकांड में एकजुट हुए जिले के सभी पत्रकार, न्याय की मांग को लेकर पत्रकारों का आंदोलन जारी, आंदोलन को देख पुलिस प्रशासन भी हरकत में

» मदरलैण्ड संवाददाता






बेगूसराय। पिछले दिनों बखरी परिहारा के पत्रकार सुभाष कुमार की निर्मम हत्या की घटना में जिले के सभी पत्रकार एकजुट हैं. पत्रकारों ने पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी जिला प्रशासन को दिया है. इस कड़ी में 27 मई से समाहरणालय के समक्ष पत्रकारों का दो दिवसीय धरना प्रदर्शन व अनशन कार्यक्रम शुरू हुआ. जो शुक्रवार की संध्या तक चला. धरना कार्यक्रम में पत्रकारों के अलावा कई जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता भी सरीक हुए. जिसमें मुख्य रुप से पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह व निवर्तमान डिप्टी मेयर राजीव कुमार भी शामिल रहें. धरना कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष डॉ शालीग्राम सिंह ने कहा कि बेगूसराय जिला में इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई. पत्रकार सुभाष का हत्याकांड पुलिस व अपराधी की गठजोड़ को दशार्ता है. सुभाष की हत्या लगभग आठ दिन पहले अपराधियों ने गोली मारकर कर दी, परंतु पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धड़े बैठी है. उन्होंने इस हत्याकांड के नामजद सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, आगामी 30 दिनों की अंदर स्पीडी ट्रायल करके हत्यारों को सजा दिये जाने, पीड़ित परिवार को बीस लाख रुपये मुआवजा देने एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की. उन्होंने इस तरह की घटना की पुनरावृति नहीं होने देने की चेतावनी पुलिस प्रशासन को दी. साथ ही मांगें पूरी होने तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रखने की बात कहीं. कार्यक्रम में डॉ एस पंडित के अलावे वरिष्ठ पत्रकार महेश भारती, प्रो संजय कुमार, संतोष कुमार राय, पवन बंधु, श्रीकृष्ण मिश्रा, मोहम्मद आरीफ, शिवम कुमार, अमित कुमार, संतोष कुमार, जितेन्द्र कुमार, पंकज कुमार झा, केशव भारद्वाज, सुमित वत्स, अजय शास्त्री, अविनाश भट्ट, अंशु, अवधेश कुमार, अभिमन्यु कुमार, कृष्ण बल्लभ उर्फ पप्पू, मोहम्मद मुमताज, गुलशन कुमार, नंदकिशोर सिंह, अरुण कुमार मिश्रा समेत अनेक लोग शामिल थे.

वहीं दूसरी ओर पत्रकारों के आंदोलन करने से पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गयी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकार सुभाष हत्याकांड के मुख्य आरोपी नीतेश कुमार के द्वारा खगड़िया के चित्रगुप्तनगर थाना में आत्मसमर्पण कर देने की बात सामने आयी है. इस घटना के एक अन्य आरोपी बाबूल कुमार ने भी बेगूसराय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है. जबकि इस कांड के शेष बचें दो नामजद दो अभियुक्तों के घर पर पुलिस प्रशासन का बुलडोजर चला है.

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। समेली प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय नवाबगंज में 28 मई 2022 को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। इसका मकसद स्कूली छात्राओं को माहवारी के दौरान साफ सफाई के महत्व को समझाना है। जिससे वे अनजाने में किसी जानलेवा बीमारी के चपेट में ना आ जाए। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका ललिता कुमारी, मीना मंच के संयोजिका रतन प्रिया, शिक्षिका प्रियंका कुमारी के द्वारा बच्चियों के हाथ में लाल निशान बनाकर छात्राओं को पीरियड्स के दौरान किन बातों का ध्यान रखना है। किसी तरह की समस्या का कारण क्या है। गांव में रहने वाली बच्चियां एवं महिलाएं आज भी इससे जुड़ी कई जरूरी जानकारी से अनजान रहने के कारण उन्हें हेपेटाइटिस बी, सर्वाइकल कैंसर, योनि संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियों की तरफ धकेल सकता है। तथा मानसिक रूप से भी परेशान कर सकता है आदि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मृत्युंजयम् ने बताया कि प्रतिवर्ष विद्यालय में इस दिवस के मौके पर एक माहौल बनाने की कोशिश की जाती है जिससे महिलाओं और बच्चियों को गंभीर और जानलेवा बीमारी से बचाया जा सके।

### मॉडल स्टेशन मुख्य मार्ग जर्जर



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार मॉडल स्टेशन का इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है। स्टेशन के मुख्य मार्ग सीधा कटिहार के मंगल बाजार और न्यू मार्केट फल पट्टी जैसे बरे बाजार से जुड़ता है। मगर एक दशक से स्टेशन रोड के दो मुख्य सड़क है। एक बाटा चौक सड़क मार्ग और दूसरा पार्सल गेट मुख्य मार्ग आज इन दोनों सड़कों की स्थिति बहुत ही जर्जर हो चुकी है। इसी मुद्दे को लेकर युवा राजद के बिहार प्रदेश सचिव आशु पांडे ने कटिहार डीआरएम से मुलाकात की। उन्होंने यह कहा यह दोनों सर के शहर के लिए बहुत ही अहम है। चाहे व्यापार के माध्यम हो या एजुकेशन के लिए हो या सौंदर्य करण के लिए इन सड़कों का निर्माण होना चाहिए। सड़क में गड्ढे होने के कारण कई यात्रियों की एक्सीडेंट होती रहती है। कटिहार डीआरएम ने सारी बातें सुनने के बाद आशु पांडे को आश्वासन दिया कि जल्द ही हम इन सड़कों का निर्माण करेंगे और इसके लिए हम जल्द टेंडर निकालेंगे। इस अवसर मकबूल फिदा हुसैन, मुतुर्जा कुरेशी, सोनू पांडे, ताहिर हुसैन, दीपक, मुकेश खुशनूर उपस्थित रहे।

### आंगनवाड़ी केंद्र में किया गया पोषाहार राशि का वितरण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। फलका प्रखंड क्षेत्र के सोहथा उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर 8 में मिनी आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 150 में पोषाहार राशि का वितरण किया गया बता दें कि सरकार के द्वारा 3 से 6 वर्ष बच्चों एवं बच्चियों को पोशाक खरीदने के लिए रू400 दर से प्रत्येक मिनी आंगनवाड़ी केंद्र 20 बच्चे लाभान्वित होंगे। वही इस संबंध में वार्ड सदस्य ललन कुमार ने बताया कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा जनप्रतिनिधि एवं अभिभावकों को केंद्र तक पहुंचने के लिए तथा अपनी उपस्थिति किरक रखने के लिए अहान किया है। छात्र छात्राओं के बीच पोशाक राशि दिए जा रहे हैं। छात्र छात्राओं को पोशाक राशि मिलने से काफी खुशी है वार्ड सदस्य ललन कुमार ने बताया कि सभी छात्र छात्राओं को एवं अभिभावकों को कहा कि सरकार के द्वारा जो राशि दिए गए हैं सभी बच्चे अपना अपना पोशाक बना ले ताकि सरकार के सपनों को साकार हो सके। वही इस अवसर पर आंगनवाड़ी सेविका अनुपम कुमारी एवं महिला पर्यवेक्षिका श्वेता किरण एवं अभिभावक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सालमारी ओपी में तोड़-फोड़ मामले में दो को गिरफ्तार कर भेजा जेल




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। आजमनगर थाना क्षेत्र के बघौरा पंचायत अंतर्गत परिस्तया गांव में छात्रा हत्या कांड मामले के बाद उपद्रवियों ने सालमारी ओपी पर हमला कर तोड़–फोड़ की वारदात को अंजाम दिया था। जहां पुलिस कर्मी घायल हुए थे। पुलिस जीप को क्षतिग्रस्त कर दिया गया उक्त मामले में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दो नामजदों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पूछे जाने पर बताना हुआ कि अन्य को फोटो वीडियो के आधार पर चिन्हित करने की कोशिश जारी होना बताया जिनको गिरफ्तार कर जेल भेजा गया वो सालमारी ओपी क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिसके नामों को गोपनीय रखा गया है। सार्वजनिक नहीं किया गया।

### अरिहाना में अमृत सरोवर का विधायक नें किया शिलान्यास



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के अरिहाना पंचायत अंतर्गत हाड़ाधार पोखर के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शिलान्यास प्राणपुर विधायक निशा सिंह नें किया। इस दौरान क्षेत्र के जिला पार्षद मुनावर आलम, स्थानीय मुखिया विजय प्रकाश केवट सहित मनरेगा पीओ सत्येंद्र कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक नें कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवर का निर्माण होना है। इन सरवरों के निर्माण से जल संरक्षण को बल मिलेगा। योजना की जानकारी देते हुए मनरेगा पीओ सत्येंद्र कुमार नें बताया कि इस दौरान पीटीए अमित कुमार, मनरेगा सचिव कपिल शर्मा, वार्ड सदस्य हलधर केवट, पंचायत समिति सदस्य शीला देवी, घनश्याम यादव, फूल कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## लाखों रुपये से हो रहे सरकारी नाला निर्माण कार्य में जेई कर रहे हैं गुणवत्ता मानकों की अनदेखी

### बीडीओ करेंगे जांच आजमनगर में हो और जेई की पोस्टिंग

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। आजमनगर प्रखंड के दनिहां पंचायत स्थित ख्वाजानगर में सरकारी टकसाल से राशि खर्च कर

जल निकासी हेतु नाला का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

निर्माण स्थल पर सूचना पट नहीं लगाए जाने के कारण इस बात की जानकारी लोगों को नहीं मिल पा रही कि योजना किस मद से और कितनी राशि खर्च कर कार्य किया जा रहा है। जिस पंचायत में लाखों रुपये खर्च कर नाला निर्माण कार्य किया जा रहा है। उक्त पंचायत के जेई प्रिंस कुमार हैं। जब स्थानीय ग्रामीणों ने इनसे कार्य में अनियमितता की शिकायत की तो कहा नाला ऐसे हीं बनता है।

तो क्या यह मान लिया जाए कि जेई की गैर मौजूदगी में गुणवत्ता हींन ईंट और निर्धारित मानकों की सामग्री का उपयोग नहीं करते हुए नाला निर्माण कार्य हो रहा है। जो सरकारी टकसाल से निकली राशि के दुरुपयोग को बयां करती है। यहां विभागीय सूत्रों की मानें तो उक्त योजना 15वीं वित्त योजना मद की राशि से की जा रही है। क्या 28 पंचायत वाले आजमनगर प्रखंड में और जेई की आवश्यकता है। तो इस पर जिला प्रशासन को संज्ञान लेने की आवश्यकता महशूस की जा रही जनप्रतिनिधियों की भी मांग है। कि आजमनगर प्रखंड में और जेई की पोस्टिंग की जानी चाहिए। ताकि जेई पर कार्य क्षेत्र का दवाब कम होने से कार्य में और पारदर्शिता होगी।

*कहते हैं जेईः- *

इस बाबत पंचायत के जेई प्रिंस कुमार ने कहा नाला निर्माण कार्य मैं अपने संरक्षण में करवा रहा हूँ। 15वीं वित्त योजना से हो रहा है। पूछे जाने पर निर्माण कार्य आप की अनुपस्थिति में हो रहा कहाँ तक उचित जवाब मिला बोल्ड आवाज में हुआ 5 से 6 पंचायत के प्रभार में हैं। कहाँ-कहाँ नजर रखेंगे। जांच करेंगे गुणवत्ता मानकों की अनदेखी पाए जाने पर एमबी बुक नहीं करूंगा।

***कहते हैं बीडीओः-***

इस बाबत बीडीओ सुनील कुमार मिश्रा ने कहा नाला निर्माण स्थल निरीक्षण के बाद हीं कुछ कह पाना संभव होगा। मीडिया से जानकारी प्राप्त हुई। नाला निर्माण कार्य स्थल की जांच करेंगे।

## छात्रा हत्या कांड मामले में एसपी ने की एसआईटी गठित

» मदरलैण्ड संवाददाता

● पांच अनुभवी दारोगा हैं टीम में शामिल जो करेंगे मामले की परत दर परत जांच



कटिहार। आजमनगर थाना क्षेत्र के पस्तिया में नाबालिग के घर से गायब होने के 24 घंटे बाद गांव के हीं रहने वाली जेल जा चुकी अभियुक्त के घर से छात्रा का शव बरामद होने पर परिजनों ने अपहरण कर के दुष्कर्म के बाद हत्या करने का आरोप लगाये जाने के बाद क्षेत्र के लोगों का गुस्सा भड़क गया था। मामले को ले कर बीते गुरुवार को सालमारी-कॉलेज चौक में कुछ नेतृत्व कताओं के नेतृत्व में परिजनों के साथ ग्रामीणों ने शव को बीच सड़क पर रख सड़क जाम कर, टायर जला पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग करने पर एसपी कटिहार जीतेन्द्र कुमार ने मामले की परत दर परत जांच कर वास्तविकता को सामने लाने की जिम्मेदारी जिले के पांच थानों के पुलिस पदाधिकारी को सौंपी है। बता दें इस पांच सदस्यीय एसआइटी टीम गठित कर मामले की तह-तक पहुंच दोषियों को सजा दिलाने को लेकर गठित की गई है। बारसोई डीएसपी प्रेमनाथ राम ने बताया कि पुलिस कप्तान कटिहार द्वारा छात्रा हत्या कांड के उद्भेदन को लेकर गठित एसआईटी टीम में बरारी थानाध्यक्ष शादाबुल हक, आबादपुर थानाध्यक्ष इजहार आलम, बलिया बेलौन थानाध्यक्ष संजय कुमार पांडेय, सालमारी ओपीध्यक्ष विजय कुमार, बारसोई थानाध्यक्षअरविंद कुमार शामिल किया गया है। साथ उद्भेदन की जिम्मेदारी सोंपी गयी है। क्षेत्र के लोगों ने एसपी के इस पहल की सराहना करते हुए। न्याय मिलने की बात कह रहे हैं। इसमें बता दें दारोगा शदाबुल हक और इजहार आलम सालमारी ओपी क्षेत्र की आबो हवा से पूरी तरह वाकिफ हैं। तो निश्चय हीं मामला उद्भेदन के रास्ते गठित एसआईटी टीम को बहुत हद तक अपेक्षित मदद मिलेगी।

## सीएसपी संचालक को गोली मार लूट कांड में मामला दर्ज तमंचा बरामद

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। सालमारी ओपी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुकुरिया पंचायत के दरियापुर रेल लाइन के पास सीएसपी संचालक अजीत कुमार कर्मकार एवं उसके फुफेरे भाई करण कुमार कर्मकार पर तीन नकाब पोस अपराधियों ने बीते शुक्रवार की देर शाम गोली मार कर बैग, लैपटॉप, एक मोबाइल, टैब लेकर फरार होने पर अज्ञात के खिलाफ केश दर्ज किया गया है। बैग में पांच लाख नगद राशि होने की बात कही गयी थी। इस बाबत पुलिस को दिए आवेदन में बताया गया है। कि प्रत्येक दिन की तरह नौरंगा चौक से बीते शुक्रवार की रात लग-भग 8.30 बजे दुकान बंद कर बघौर हाट अपने घर जा रहे थे। तभी दरियापुर के पास पहले से घात लगा बैठे तीन लोगों द्वारा हमला करने के साथ गोली चला दी इस में अजीत कुमार के बांह में गोली लगी वहीं दूसरी गोली करण कुमार के जांघ में लगने के कारण उसने साहस का परिचय देते हुए अपराधियों से भिड़ गया। इस दौरान एक अपराधी से देशी पिस्टल छीनने में सफल रहा।

इस बीच तीनों अपराधी मौका पा कर बैग, मोबाइल, टैब, लैपटॉप ले कर कुछ दूरी पर खड़ी बाइक में सवार हो कर फरार हो गया। सालमारी ओपी अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया मामला दर्ज कर अपराधियों की शिनाख्त कर गिरफ्तार करने की कोशिश जारी है। शीघ्र मामले का उद्भेदन करने के साथ अपराधियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। घटना में अपराधियों द्वारा प्रयुक्त एक देशी कट्टा तीन खोखा मिलने की बात है।

## खरीफ महाअभियान के तत्वावधान में फलका कृषि कार्यालय में खरीफ महोत्सव का हुआ आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। खरीफ महाअभियान के तत्वावधान में फलका कृषि कार्यालय में कृषकों की ननउपस्थिति में खरीफ महोत्सव का आयोजन 28 मई को किया गया। महोत्सव का शुभारंभ सोहथा उत्तरी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि चांदना झा एवं भंगहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि प्रीति पटेल एम एल सी प्रतिनिधि संजय झा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम पुकार पासवान ने अपने संबोधन में खरीफ मौसम में विभिन्न फसलों की उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने को लेकर इस योजना का शत प्रतिशत लाभ किसानों को देने की बात कही। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत लाभ उठा रहे लाभुकों को केवाईसी अपडेट कराने पर जोर दिया ताकि किसानों को समुचित लाभ मिल सके। मौके पर उपस्थित कृषि वैज्ञानिक ने कहा किसान खेती के बदलते स्वरूप व वैज्ञानिक विधि से खेती कर आत्मनिर्भर बन सकता है वहीं फसल का बेहतर उत्पादन फसल के रोगों से बचाव इस प्रकार हो इससे संबंधित कई जानकारी किसानों को दिया।

कृषि महोत्सव में उपस्थित किसानों ने कई समस्याओं से अवगत कराते हुए उनसे उपाय के तरीकों की जानकारी कृषि वैज्ञानिक से प्राप्त किया। इस मौके पर रहटा पंचायत के सरपंच चंदन मंडल, ,कृषि सलाहकार जितेंद्र कुमार, अखिलेश मोदी, मनोज कुमार, एवं सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## घरेलू विवाद सहित मामलों के निपटारा हेतु ग्राम कचहरी का हुआ आयोजन



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कोढ़ा प्रखंड के राजवाड़ा पंचायत भवन प्रांगण में सरपंच ताजबून खातून व उपसरपंच शंभू कुमार चौबे की संयुक्त अध्यक्षता में ग्राम कचहरी का आयोजन किया गया. आयोजित ग्राम कचहरी में वादी व प्रतिवादी की मौजूदगी में कुल 05 मामलों पर सुनवाई की पहल शुरू की गई. मौके पर उपसरपंच शंभू कुमार चौबे ने बताया कि पंचायत क्षेत्र से पारिवारिक विवाद, मारपीट, फौजदारी, बटवारा सहित कई मामलों को लेकर आवेदन आए हुए हैं, जिसमें आज कुल पांच मामलों का दोनों पक्षों की मौजूदगी में सुनवाई की जा रही है. साथ ही नए आए कई मामले की सुनवाई को लेकर अगली तारीख निर्धारित की गई है. बताया पंचायत क्षेत्रों में शांति व्यवस्था कायम रहे, इसको लेकर प्रत्येक शनिवार को ग्राम कचहरी का आयोजन किया जाता है. जिसमें दोनों पक्षों को ध्यान में रखते हुए फैसला सुनाया जाता है. इस अवसर पर न्याय सचिव बिभा कुमारी , सरपंच प्रतिनिधि आजाद अलि, पूर्व समिति प्रतिनिधि उदय सिंह सहित दर्जनों फरियादी मौजूद रहे।

## पत्नी की तलाश में एक युवक पहुंचा कटिहार, एसपी को आवेदन देकर पत्नी को ढूंढने का लगा रहा गुहार



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। पटना से एक युवक अपनी पत्नी को ढूंढने के लिए कटिहार पहुंचा। एसपी को आवेदन देकर पत्नी को ढूंढने का लगाया गुहार। दरअसल पटना के रहने वाले विशाल कुमार को 2021 में मुस्कान कुमारी से प्रेम हो गया। प्रेम परवान चढ़ा और दोनों एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाने लगे। इसी दौरान 2022 जनवरी में दोनों घर से भाग कर गुजरात पहुंच गए। जहां युवक नौकरी पकड़ लिया और वही किराए के मकान में दोनों हंसी खुशी रहने लगे। 5 महीनों तक दोनों एक दूसरे के साथ ही रह रहे थे। इसी दौरान मुस्कान को किसी प्रकार की बीमारी थी। जिसे इलाज के लिए विशाल डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने कहा कि इस बीमारी को समाप्त करने के लिए ऑपरेशन करना होगा। इस दौरान मुस्कान ने अपने पति को कहा कि उन्हें वह घर भेज दे। वह वहां अपने बुआ के पास रहकर अपना इलाज कराएंगे। पत्नी की बात सुनकर युवक ने उसे गुजरात से पटना वापस भेज दिया। पटना पहुंचने के बाद 3 मई तक युवक की बातचीत अपनी पत्नी से होती रही। इसके पश्चात युवक की पत्नी का मोबाइल स्विच ऑफ आने लगा। इस दौरान युवक ने अपने दोस्त और पत्नी की बुआ से भी बात किया लेकिन उसका पता नहीं। बाद में युवक गुजरात से पटना पहुंचा जहां काफी छानबीन करने के बाद उन्हें पता चला कि वह कटिहार के पवई के रहने वाले अब्दुल राजा के साथ उनके घर पहुंच गए। जानकारी मिलने के बाद 3 दिन पूर्व युवक कटिहार पहुंचा और अपनी पत्नी को ढूंढने पवई पहुंचा। लेकिन उन्हें उनकी पत्नी वहां नहीं मिली। बाद में युवक ने एसपी जितेंद्र कुमार को आवेदन देकर अपनी समस्या बताएं। जहां युवक की बात सुनकर एसपी के द्वारा उनकी पत्नी को ढूंढने को लेकर आश्वासन दिया गया।

## सालाना उर्स के मौके पर मजार पर अकीदत के साथ की गयी चादरपोशी



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। हर वर्ष की भांति इस.वर्ष भी मनिहारी पीर पहाड़ स्थित पीर मजार पर अकीदत के साथ स्थानीय प्रशासन की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी कुमार सिध्दार्थ एवं एसडीपीओ मनोज कुमार ने पीर मजार पर चादरपोशी कर अमन चैन की दुआ मांगी। स्थानीय विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने भी चादरपोशी कर क्षेत्र की आम आवाम के लिए अमन चैन व सुखमय जीवन की कामना की। कहा कि उक्त मजार विभिन्न मजहवों, मताबलंबियों की एकता का अव्दितीय मिशाल है। यहाँ दूर दराज के क्षेत्रों सहित पड़ोसी सूबे, बंगाल, झारखंड, सहित नेपाल से भी जायरीन इबादत और मन्नतें मांगने आते हैं। मान्यता है यहाँ अपनी फरियाद लेकर आने वालों की मन की मुरादें पूरी होती हैं। विधायक ने कहा कि इसे तीर्थ स्थल के रुप मे विकसित किये जाने का प्रस्ताव उनके व्दारा सरकार को दिया गया है। बरारी के पूर्व विधायक नीरज यादव ने भी चादर पोशी कर अपनी श्रध्दा निवेदित की। मनिहारी ट्रक एसोसिएशन के व्दारा भी मजार पर चादरपोशी कर श्रध्दा निवेदित की गयी। इस मौके पर बड़ी संख्या मे दूर दराज से आये श्रध्दालु नर- नारियों से मजार क्षेत्र अटा पड़ा था। प्रशासन की ओर जायरीनों की सहुलियात की हर संभव इन्तजाम की गयी है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मजार शरीफ के खादिम मोहम्मद मंजर सफी, वार्ड पार्षद मोहम्मद मन्नान, मोहम्मद मुस्ताक, रज्जी इमाम, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद अंसार, अहमद खान, समाजसेवी शुभम पोद्दार, वार्ड पार्षद गुलाब चौधरी, अंगद ठाकुर, हारून रशीद, आदि मौजूद रहे

## समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डंडखोरा में डिजिटल एक्सरे का हुआ शुभारंभ !

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। डंडखोरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डंडखोरा में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा डिजिटल एक्स-रे की व्यवस्था दिया गया बताते चलें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से ग्रामीण लोग अपनी बीमारी को लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते हैं बिहार सरकार के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र की विधि व्यवस्था को लेकर एक अच्छी पहल की है जिससे लोगों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ अच्छा मिल सके वही डिजिटल एक्स- रे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्था देने से अब लोगों को परेशानी होने से बचेंगे लेकिन पहले व्यवस्था नहीं होने से बाजार की ओर जाना पड़ता था जिससे लोगों को काफी कठिनाई होती थी इसी क्रम में चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि डिजिटल एक्स-रे डॉक्टर के द्वारा लिखे गए एक्स-रे जांच सरकार के द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर पर किया जाएगा जिससे लोगों को काफी फायदा होगा वही मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. शशिकांत कुमार, डॉ. मीनू भारती, डॉ. प्रतिज्ञा, बीएचएम अनवर आलम, सीनियर टेक्निशियन एमडी तौकीर आलम, जूनियर टेक्नीशियन दीपक कुमार आदि स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**संक्षिप्त समाचार**

## मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार जेल



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मटियरिया थाना क्षेत्र के शेरपुर बैरिया टोला गांव से मारपीट के दो आरोपियों को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को छापेमारी कर उनके घर से गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया है कि थाना क्षेत्र के शेरपुर बैरिया गांव से पूर्व में मारपीट कांड संख्या 56 / 21 के आरोपी अभयानंद यादव व धीरेंद्र यादव को उनके घर से गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि उक्त कांड में कुल 16 आरोपी है जिसमें चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अभी भी 12 अभियुक्त फरार चल रहे है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तलाश जारी है।

## जमीनी विवाद को लेकर जनता दरबार में दो मामलों की हुई सुनवाई



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। शनिवार को मटियरिया थाना परिसर में भूमि विवाद से संबंधित जनता दरबार मे कई मामलों की हुई सुनवाई। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आयोजित जनता दरबार में कई मामलों पर सुनवाई की गई। जिसमें डरौल पंचायत से रुस्तम अंसारी ,फारुख शेख, सुलमान अंसारी वगैरा बनाम असलम अंसारी के मामले की सुनवाई करते हुए कृषि पदाधिकारी द्वारा आदेश दिया गया कि खाता संख्या 17 खेसरा 383 रकबा 3 बीघा 12 कट्ठा 17 धूर जमीन पर दोनो पक्षों को तत्कालीन जोत अबाद से रोक लगाते हुए दोनों पक्षों को उच्च न्यायालय वाद दायर करने की बात कही गई। वहीं स्थानीय थाना को विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 की कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई। जबकि दूसरा जमीनी विवाद लाल बेबी खातून माधोपुर बनाम मोती लाल महतो की मामले की सुनवाई की गई। बाकी मामलों के पक्ष विपक्ष मौके पर उपस्थित नहीं होने के कारण सुनवाई अगले जनता दरबार मे करने की बात कही गई। जनता दरबार में क्षेत्रीय लोगों के अलावा मटियरीया थानाध्यक्ष संजय कुमार भी उपस्थित रहे।

## टीईटी प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष बने संजय कुमार रजक



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही प्रखंड संसाधन केंद्र मनसाही में टीईटी प्रारंभिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में संघ के जिलाध्यक्ष अनीश कुमार की अध्यक्षता में टीईटी शिक्षकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मनसाही प्रखंड इकाई का गठन किया गया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष के पद पर संजय कुमार रजक, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ,सचिव कमल कुमार, कोषाध्यक्ष मोहम्मद इसराफिल, प्रवक्ता परवेज आलम, संगठन मंत्री रंजन विश्वास पाल को चयनित किया गया। इस मौके पर टीईटी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अनीश कुमार ने बताया कि सभी प्रखंड में संगठन का विस्तार किया जा रहा हैं, इसी कड़ी में मनसाही प्रखंड के संगठन का विस्तार किया गया।प्रखंड अध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से संजय कुमार रजक को चुना गया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार रजक मनसाही प्रखंड कमेटी के सदस्यों के साथ समन्वय बनाकर आगे का कार्यक्रम करेंगे,साथ ही टीईटी प्रारंभिक शिक्षक के जो भी समस्या होगा उनका निदान करने का प्रयास किया जाएगा अगर किसी भी शिक्षकों को किसी भी प्रकार की परेशानी हो हमसे संपर्क कर उनके समस्या का समाधान किया जाएगा।इस अवसर पर जिला महासचिव सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर राम, जिलाध्यक्ष अनीश कुमार,मनिहारी प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार यादव, जिला सचिव हीरालाल साह,धर्मेंद्र कुमार ,पवन कुमार, कुंदन कुमार, कमल घोष आदि मौजूद थे।

## मंडल कारा का जिला जज ने किया औचक निरक्षण




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मंडल कारा का शनिवार को जिला जज सह चेयरमैन डीएलएसए बलराम दुबे द्वारा औचक निरक्षण किया गया। इस कर्म में डीएलएसए अध्यक्ष श्री दुबे जेल के अंदर बंद कैदियों से मिलकर उनकी समस्याओं को भी सुना। वही जेल में घूमकर कैदियों की मूल भूत समस्याओं के साथ कैदियों के खाने पीने के साथ साथ मेडिकल सुविधाओं की स्थिति के अलावा जेल के अंदर साफ सफाई आदि का भी जायजा लेते हुए कई दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर डीएलएसए अध्यक्ष बलराम दुबे के साथ डीएलएसए सचिव राजेंद्र कुमार सिन्हा, सीजेएम रंजीत प्रसाद के अलावा जेल सुप्रीटेंडेंट बिपिन कुमार, जेलर राजेश कुमार मिश्रा सहित पैनल अधिवक्ता प्रियंका कुमारी, यशश्वी कुमार , ट्रेनर महिमा केजरीवाल के साथ डीएलएसए लिपिक आशिस कुमार झा, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

## जांच के बाद पकड़े जाने पर होगी एफआईआर, लगेगा जुर्माना



- पक्का मकान चार पहिया तीन पहिया वाहन व ढाई एकड़ भूमि वाले राशन कार्ड धारी 10 जून तक करें सरेंडर
- राशन उठाव वाले घरों की सूची लेकर हर घर मोहल्ले जाएगी जांच टीम
- जांच के बाद अवैध रूप से रखे राशन कार्ड धारियों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कार्यवाही की जाएगी साथ ही बाजार मूल्य के समतुल्य राशि भी वसूल की जाएगी।

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

बेतिया। बगहा अनुमंडल के भितहा में शनिवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 को धरातल पर उतारने के लिए जिला और अनुमंडल प्रशासन की तरफ से राशन कार्ड धारियों के लिए 10 बिंदुओं पर जांच करने का निर्णय लिया गया है।10 में से किसी एक अहर्ता को पूरा करने वाले परिवार द्वारा राशन कार्ड धारी होना या राशन का उठाव करना गैर कानूनी माना जाएगा अगर ऐसे राशन कार्ड धारी पकड़े जाते हैं तो उनके उपर एफआईआर किया जाएगा साथ ही जुमार्ना भी वसूल की जाएगी। अनुमंडल प्रशासन की तरफ से राशन कार्ड सरेंडर करने की तिथि 10 जून रखी गई है। 10 जून के बाद अनुमंडल से गठित की गई टीम पीडीएस दुकानदारों से राशन लेने वाले सभी पंचायतों की गांव मोहल्ले में जाकर जांच की जाएगी। बगहा अनुमंडल प्रशासन ने सूचित किया है कि जिसके पास निम्नलिखित धन संपदा है वह अपना राशन कार्ड सरेंडर कर दें नहीं तो जांच उपरांत उनके उपर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी जुमार्ना भी वसूल किया जाएगा। मोटर चालीत तीन पहिया, चार पहिया वाहन मशीन चालीत तीन पहिया चार पहिया कृषि उपकरण ढाई एकड़ से ज्यादा कृषि योग्य भूमि, गृहस्थी परिवार के किसी भी एक सदस्य का मासिक आय ₹10000 से अधिक है।आयकर दाता है। व्यवसायिक कर दाता हैं। जिस मकान में रहते हैं उस मकान में 3 कमरे से अधिक छतनुमा मकान है। तो वह सरकार द्वारा मिलने वाले सस्ते व मुफ्त राशन लेने के योग्य नही है। वैसे लाभूको को चेताया गया है कि वे अपना राशन कार्ड निर्धारित समय से पूर्व आपूर्ति कार्यालय अन्यथा रे्रि४स्र्स्र@ह्न्ू.ङ्क्च पर कार्ड सरेंडर का आवेद सहित राशन कार्ड व आधार कार्ड की छाया प्रति भेज कर भी सरेंडर कर सकते है। बैधनाथ गुप्ता ग्राम बैरतवा पोस्ट मच्छहा के निवासी ने खाद आपूर्ति कार्यालय भितहा में अपना राशन कार्ड सरेंडर किया। वही भितहा थाना के चकुदार मुतुर्जा अंसारी ने अपना राशन कार्ड सरेंडर किए। यह जानकारी खाद आपूर्ति कार्यालय के कार्यपालक सहायक अभिषेक राय ने कहा कि अभी तक 13 लोगो ने सरेंडर किया हैं।

## साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार और लौरिया सीओ संजय कुमार द्वारा लगाया गया जनता दरबार



» **मदरलैण्ड संवाददाता**

- जनता दरबार में छाया रहा भुमि विवाद, ऑन द स्पॉट कई मामलों का हुआ समाधान

बेतिया। साठी जनता दरबार में शनिवार को भूमि विवाद का मामला छाया रहा अंचलाधिकारी लौरिया संजय कुमार सिआई रविन्द्र कुमार और राजस्व अधिकारी नरकटियागंज सबीना ने बारी-बारी से फरियादियों की कागजात का बारीकी से जांच की और कुछ का समाधान ऑन द सपोर्ट किया गया जबकि कुछ मामले में दोनों पक्षों को अगली तारीख दी गई जिसमें बहुअरवा सेमरी साठी मुशहरवा बसंतपुर पंचायत के लोग शामिल रहे मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष उदय कुमार ने भूमि विवाद के मामले में दोनों पक्षों से आपसी सहमति बनाए रखने की बात कही और सहमति से मामले को सुलझा ने पर बल दिया जनता दरबार में थानाध्यक्ष के साथ दरोगा अरविंद सिंह जमादार लाल बहादुर राम भूपेश सिंह थाना लेखक सह जमादार जैय शंकर पटेल के साथ साठी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र उपाध्याय लौरिया के उप प्रमुख मौजूद रहे।

## सीओ व थानाध्यक्ष ने लगाया जनता दरबार



» **मदरलैण्ड संवाददाता**

बेतिया। ठकराहा खेती के समय में बढ़ते भूमि विवाद के मामलों से जहां एक ओर अधिकारी परेशान हैं तो वही पूर्व के जमीनी विवाद मामलों का निपटारा करना प्रशासन के लिये चुनौती बन गया है। शनिवार को थाना परिसर में भूमि विवाद मामले के निष्पादन के लिए थानाध्यक्ष व अंचलाधिकारी द्वारा जनता दरबार का आयोजन कर आधा दर्जन भूमि विवाद मामले का निष्पादन किया गया। जहां सीओ राहुल कुमार ने बताया कि ठकराहा थाना परिसर में आयोजित भूमि संबंधी जनता दरबार में ठकराहा थानाध्यक्ष अजय कुमार के साथ भूमि विवाद मामले के निष्पादन किया गया। जिसमें आधा दर्जन भूमि विवाद मामले पर सुनवाई की गई। जिसमें दो मामले का निष्पादन मौके पर ही किया गया। कुछ मामले को अगले शनिवार के लिए समय सीमा निर्धारित किया गया। सीओ ने बताया कि थाना क्षेत्र के वर्तमान में आवेदक द्वारा जिस विपक्षी द्वारा भूमि रोक लगाया जा रहा है।इसकी सुनवाई करते हुए विपक्षी को अगले जनता दरबार में उपस्थित होने के लिए नोटिस भेजा जाएगा। जिनके भूमि का पैमाइश कर अगले जनता दरबार में इस पर सुनवाई होगी। ठकराहा थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि जब से जनता दरबार लगाया जा रहा है तो भूमि विवाद के मामले में कमी आएगी।

## गांव-गांव तक पहुंचाएं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

» **मदरलैण्ड संवाददाता**



बेतिया। ठकराहा प्रखंड जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड कार्यकारिणी की शुक्रवार को कोईरपट्टी पंचायत के मनरेगा भवन में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सिंगल दीप गड्डी ने की। जबकि संचालन जिला महासचिव विनोद कुशवाहा,जितेंद्र कुशवाहा राजेश कुशवाहा, ओम प्रकाश साही ने संयुक्त रुप से किया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन को मजबूत और धारदार बनाने पर चर्चा की गयी। जनता दल यूनाइटेड के विधान परिषद सदस्य भीखम साहनी ने सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव में जाकर आमलोगों तक पहुंचाने की बात कही।उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कार्यकताओं से कही। जिला सचिव जितेंद्र कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में लोहिया और कपूरी की छवि दिखती है। इनके द्वारा किए गए कार्य को पूरे दुनिया में सराही जाती है। सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि नीतीश कुमार जाति धर्म से ऊपर उठकर समाजवादी विचारधारा की राजनीति करते हैं। समाज के हर वर्गों के उत्थान के लिए हमेशा सोचते हैं। प्रदेश के निर्देश के आलोक में सभी प्रखंडों में प्रखंड प्रभारियों के नामों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में शिक्षक राजेंद्र कुशवाहा व शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने जमींदारी बांध बनवाने के लिए और मलाही टोला बांसी नदी पर बन रहे पुल निर्माण में अधूरे काम को पूरा कराने के लिए भी विधानसभा परिषद सदस्य से बात कही गई। बैठक में मुखिया रुपेश चौधरी,जिला प्रवक्ता विनोद कुशवाहा,जिला महासचिव ओमप्रकाश शाही,जिला महासचिव जितेंद्र कुशवाहा, जिला सचिव अधिवक्ता राजेश कुशवाहा,सुभाष चौहान, भोला कुशवाहा के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## रौतारा थाना प्रांगण में जनता दरबार का हुआ आयोजन

» **मदरलैण्ड संवाददाता**



कटिहार। रौतारा थाना प्रांगण में भूमि विवाद मामलों के निपटारा हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया. आयोजित जनता दरबार में सर्वप्रथम पूर्व से लंबित मामलों पर सुनवाई शुरू की गई. मौके पर कुल दो मामलों पर सुनवाई शुरू हुई. जिसको लेकर प्रभारी अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार मंडल ने बताया कि भूमि विवाद मामले के निपटारा हेतु शुनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया है. बताया जनता दरबार में आए मामलों की इंट्री कर सुनवाई की पहल शुरू की गई है, वहीं जनता दरबार की अध्यक्षता थानाध्यक्ष नितेश कुमार व प्रभारी अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार मंडल ने संयुक्त रुप से किया. मौके पर वादी व प्रतिवादी की मौजूदगी में क्षेत्रों से आए मामलों के निष्पादन कि पहल की गई. बताया क्षेत्रों में भूमि विवाद मामलों के निपटारे हेतु थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है.इस अवसर पर दर्जनों फरियादी मौजूद रहे।

## फलका में जेवलर्स व्यवसायी का स्कार्पियो चोरी मामला दर्ज

» **मदरलैण्ड संवाददाता**

कटिहार। मदरलैंड संवाददाता,कटिहार।फलका थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव के दुर्गा मंदिर के समीप जेवलर्स व्यसायी विवेक कुमार के दरवाजे से अज्ञात चोरों ने स्कार्पियो वाहन चोरी कर ली है पीड़ित व्यसायी ने फलका थाना में आवेदन दे कर मामला दर्ज कराया है दिए आवेदन कहा कि दुर्गा मंदिर के समीप पकड़िया गांव परमानंद राम के घर भाड़े पर रहता हूं फलका में स्वर्ण व्यवसाय करता हु गुरुवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे रात में नरहिया से आकर अपना स्कार्पियो जिसका नम्बर बीआर11पी ए 6641 है मकान मालिक के दरवाजे खड़ी कर के सोने चले गये सुबह जब उठा तो दरवाजे पर स्कार्पियो नही था जब अपने ड्रावर राजा को फोन किया कि तुम गाड़ी ले गये हो तो उन्होंने कहा कि गाड़ी हम नही लाये है ततपश्चात गाड़ी को काफी खोजबीन किया कही पता नही चला मुझे विश्ववास है कि अज्ञात चोर ने मेरी गाड़ी चोरी कर ली है।

# बेतिया पुलिस द्वारा एयरटेल पेमेन्ट बैंक लुट कांड का किया गया सफल उदभेदन 7 अपराधकर्मी गिरफ्तार

### बेतिया पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर दी गई जानकारी

» **मदरलैण्ड संवाददाता**



बेतिया। दिनांक 23.05.22 को फिनो एयरटेल पेमेन्ट बैंक सुप्रिया रोड में लूट की घटना घटित हुई थी. जिस संबंध में बेतिया नगर थाना कांड सं0-379/2022 दिनांक-23.05.22 धारा-392 भा0द0वि0 विरुद्ध तीन अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध दर्ज हुई थी। इस कांड के उदभेदन हेतु अनुमंडलपुलिसपदाधिकारी सदर बेतिया के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। दल द्वारा तकनिकी एवं मानवीय अनुसंधान के तहत कार्रवाई करते हुए दिनांक 28.05.22 की सुबह में त्वारित कार्रवाई एवं इस कांड में सफल उदभेदन करते हुए लूट की घटना में लूटी गयी मोबाईल लूट की घटना में प्रयुक्त की गई मोटर साईकिल, पाँच आग्नेयास्त्र 13 (तरह) जिंदा कारतूस सहित अन्य अपराध की योजना बनाते हुए कुल सात (07) अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद हथियार एवं कारतूस तथा लूटी गई मोबाईल एंव अन्य बरामद समानों के संदर्भ में बेतिया नगर थाना कांड सं0-397 / 22 दिनांक 28.05.22 धारा-412/399 / 402 भा0द0वि0 एवं 25(1-b)/26/35 आर्मस एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया हैं।

**लूट कांड में कुल सात अभियुक्तों को हुई गिरफ्तारी:-**

1. मनीष कुमार उम्र करीब 28 वर्ष पेठ उदय नारायण सिंह सा० बस स्टैण्ड वार्ड नं०-28 थाना नगर बेतिया जिला प० चम्पारण, बेतिया
2. बिक्की कुमार उम्र करीब 24 वर्ष पे० सुनिल सिंह सा० चेलाभार थाना मझौलिया जिला प चम्पारण, बेतिया वर्तमान पता खिरियाघाट थाना नगर बेतिया जिला प० चम्पारण, बेतिया
3 जितेश कुमार उम्र करीब 24 वर्ष पे० प्रदीप श्रीवास्तव सा० फतुआ थाना छौडादानो जिला पूर्वी चम्पारण मोतिहारी।
4 बाबू लोहार उम्र करीब 24 वर्ष पे० राजेन्द्र शर्मा सा० जितपुर मटियांरिया वार्ड नं02 माना+ जिला प० चम्पारण बगहा। हाल मोकाम गंडक कॉलोनी बेतिया।
5. जय प्रकाश कुमार उम्र करीब 23 वर्ष पे० सजय प्रसाद सा० बढ़ा बरवत थाना मुफतिल बेतिया जिला प० चम्पारण, बेतिया
6 रिशु कुमार उम्र करीब 20 वर्ष मे० संतोष जायसवाल सा० न्यू बस स्टैण्ड वार्ड नं0-36 थाना नगर बेतिया जिला प० चम्पारण, बेतिया।
7. अंजली किन्नर उम्र करीब 21 वर्ष पे० संजय सिंह सा० गंगा पिपल थाना चिरैया जिला पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी।

**लुट कांड में शामिल अपराधियों के पास से बरामद समान :-**

1. बैंक कर्मी से लूटी गई दो मोबाईल सेट
2. लूट की घटना में प्रयुक्त काला रंग का प्लस मोटर साइकिल
3. घटना कारित करते समय अपराधकर्मी द्वारा पहना हुआ कपड़ा।
4. घटना में प्रयुक्त दो अर्थ स्वचालित पिस्टल
5. घटना में प्रयुक्त तीन देशी कट्टा (कुल-05 आग्नेयास्त्र)
6. तेरह (13) जिंदा कारतूस
7. लूट हुई रकम नगद-9000/-नौ हजार रुपया

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी**

1. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर बेतिया श्री मुकुल परिमल पाण्डेय
2. पुलिस उपाधीक्षक श्री सद्दाम हुसैने
3. पु०नि० सह थानाध्यक्ष राकेश कुमार भाष्कर नगर थाना बेतिया
4. पु०अ०नि० राजीव कुमार रजक, प्रभारी जिला आसूचना इकाई बेतिया।
5. पुनि० अरबिन्द कुमार, जिला आसूचना इकाई बेतिया।
6. पु0अ0नि0 मुमताज आलम, नगर थाना बेतिया।
7. पु0अ0नि0 अनिरुद्ध कुमार पंडित, नगर थाना बेतिया।
8. स०अ०नि० पंकज कुमार, नगर थाना बेतिया।
9. सिपाही बब्लू कुमार, कमलेश कुमार, रविन्द्र कुमार, राज कुमार, हितेश कुमार, तकनिकी शाखा
10. सिपाही अजय कुमार एवं नगर थाना बेलिया रिर्जव गार्ड सशस्त्र बल

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


# एलन मस्क बोले, आयातित कार बेचने की अनुमति नहीं, भारत में टेस्ला का नहीं लगेगा संयंत्र



नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका की प्रसिद्ध इलेक्ट्रिक कार निमार्ता कंपनी टेस्ला के भारत में आगमन को लेकर अटकले चल रही है। इस बीच, टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने भारत में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट नहीं लगाने का संकेत दिया है। उन्होंने ट्वीट किया कि जब तक कंपनी को पहली बार दक्षिण एशियाई देश में इंपोर्टेड कारों को बेचने और सर्विसिंग की अनुमति नहीं दी जाती है, तब तक वहां कार प्लांट स्थापित नहीं हो सकता है। इस संबंध में एक शख्स ने ट्विटर पर मस्क से टेस्ला की भारत में प्लांट लगाने की योजना पर सवाल किया था।

अरबपति कारोबारी मस्क ने ट्विटर पर इस पोस्ट के जवाब में कहा, टेस्ला ऐसे किसी भी स्थान पर प्रोडक्शन प्लांट नहीं लगाएगी, जहां हमें पहले से कार बिक्री और कार सर्विसिंग की अनुमति नहीं है। यूजर ने यह पूछा था, टेस्ला के बारे में क्या? क्या टेस्ला भविष्य में भारत में प्लांट लगाएगी? एलन मस्क की इस प्रतिक्रिया से पता चलता है कि भारत और टेल्सा के बीच देश में मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने पर अभी गतिरोध जारी है।

मस्क ने पिछले साल अगस्त में कहा था कि अगर टेस्ला इंपोर्टेड वाहनों के साथ पहली बार सफल होती है, तो वह भारत में एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित कर सकती है। उन्होंने कहा था कि टेस्ला भारत में अपने व्हीकल लॉन्च करना चाहती है, लेकिन भारत में इंपोर्ट ड्यूटी दुनिया में किसी भी बड़े देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। वर्तमान में, भारत 40,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक लागत, बीमा और माल ढुलाई (सीआईएफ) मूल्य वाली पूरी तरह से इंपोर्टेड कारों पर 100 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी और इस अमाउंट से कम लागत वाली कारों पर 60 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी लगाता है। रोड ट्रांसपोर्ट और हाईवे मिनिस्टर नितिन गडकरी ने पिछले महीने कहा था कि अगर टेस्ला भारत में अपने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स का निर्माण करने के लिए तैयार है, तो कोई समस्या नहीं है, लेकिन कंपनी को चीन से कारों का इंपोर्ट नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर एलन मस्क भारत में निर्माण के लिए तैयार हैं तो कोई समस्या नहीं है। भारत आओ, निर्माण शुरू करो, भारत एक बड़ा बाजार है, वे भारत से एक्सपोर्ट कर सकते हैं।

एक शख्स ने मस्क से ट्विटर पर उनके प्रोजेक्ट स्टारलिंक को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने कहा कि स्टारलिंक का सस्ता और तेज इंटरनेट पूरी दुनिया को मुहैया कराने का विजन बहुत ही शानदार है। उन्होंने मस्क से सवाल किया कि भारत में इसके इस्तेमाल को लेकर क्या अपडेट है। इसके जवाब में मस्क ने कहा कि वह अभी सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं।

# लगातार दूसरे सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी रही

- सेंसेक्स 632 अंक उछलकर 54,884 पर बंद
- निफ्टी 182 अंक चढ़कर 16,352 पर बंद

मुंबई, एजेंसी। बीते सप्ताह उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे सप्ताह बढ़त के साथ बंद होने में कामयाब रहे। सप्ताह के शुरूआती तीन दिनों में दबाव रहने के बाद आखिरी दो दिनों में बाजार में तेजी लौटती दिखी और सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को बाजार बढत के साथ बंद हुए। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक बाजारों में तेजी तथा अमेरिका में अनुकूल खुदरा आय के बीच निवेशकों ने खरीदारी की। विदेशी निवेशकों की बिकवाली में गिरावट से घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद मिली। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बीएसई का 30 शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स 459.46 अंक की तेजी के साथ 54,785.85 पर खुला और 37.78 की मामूली गिरावट के साथ 54,288.61 पर बंद हुआ! वहीं एनएसई का निफ्टी 112.15 की तेजी के साथ 16,378.30 पर खुला और 51.45 अंक गिरकर 16,214.70 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 132.18 अंक बढ़कर 54,420.79 पर खुला और 236 अंक गिरकर 54,052.61 पर बंद हुआ। निफ्टी 41.15 अंक बढ़कर 16,255.85 पर खुला और 89.55 अंक की गिरावट के साथ 16,125.15 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 326.98 अंक बाढ़कर 54,379.59 पर खुला और 303.35 अंक की गिरावट के साथ 53,749.26 पर बंद हुआ। निफ्टी 98.2 अंक बढ़कर 16,223.35 पर खुला और 99.35 अंक फिसलकर 16,025.80 पर बंद हुआ।

वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और एचडीएफसी तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे शेयरों के लाभ में जाने से गुरुवार को सेंसेक्स 353.1 अंक चढ़कर 54,102.36 पर खुला और 503.27 अंक की बढ़त के साथ 54,252.53 पर बंद हुआ। निफ्टी 104.1 अंक बढ़कर 16,129.90 पर खुला और 144.35 अंक की मजबूती के साथ 16,170.15 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 500.05 अंक चाढ़कर 54,752.58 पर खुला और 632.13 अंक उछलकर 54,884.66 पर बंद हुआ। निफ्टी 159.2 अंक बढ़कर 16,329.35 पर खुला और 182.30 अंक चढ़कर 16,352.45 पर बंद हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र ने पीएम-कुसुम योजना की फर्जी वेबसाइट को लेकर किया आगाह

नई दिल्ली, एजेंसी। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने पीएम–कुसुम योजना के नाम पर संचालित की जा रहीं फर्जी वेबसाइट को लेकर लोगों को सजग करते हुए उन्हें किसी भी गैर–सत्यापित लिंक को क्लिक नहीं करने की सलाह दी है। एमएनआरई प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम–कुसुम) योजना को क्रियान्वित कर रहा है। इस योजना में सौर पंप लगाने और कृषि कार्यों के लिए लगे पंप को सौर ऊर्जा मुहैया कराने के लिए सब्सिडी दी जाती है। मंत्रालय ने कहा कि पीएम–कुसुम योजना के तहत पंजीकरण करने का दावा करने वाली कुछ फर्जी वेबसाइट संचालित होने की जानकारी सामने आई है। ये फर्जी वेबसाइट योजना से लाभ पाने की इच्छा रखने वाले लोगों से पैसे इकट्ठा करने में लगी हुई हैं। मंत्रालय ने लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि व्हाट्सऐप या एसएमएस के जरिये भेजे गए किसी भी पंजीकरण लिंक को क्लिक करने के पहले उसका सत्यापन जरूर करें। एमएनआरई ने पहले भी सार्वजनिक सूचना देकर लोगों से पंजीकरण शुल्क के नाम पर पैसे न जमा करने की सलाह दी थी। इस बारे में मिलीं शिकायतों के आधार पर संबद्ध पक्षों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई है। मंत्रालय ने कहा है कि पीएम–कुसुम योजना के तहत पात्रता की जांच और पूरी प्रक्रिया की जानकारी उसकी वेबसाइट एमएनआरई डॉट जीओवी डॉट आईएन से जुटाई जा सकती है।

### आरबीआई ने एमयूएफजी बैंक पर लगाया 45 लाख का जुमार्ना

मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जापान के एमयूएफजी बैंक पर 45 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। आरबीआई की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक स्विफ्ट से संबंधित परिचालन नियंत्रण के समयबद्ध कार्यान्वयन और उसे मजबूत करने को लेकर जारी निदेर्शों का अनुपालन नहीं करने की वजह से कार्रवाई की गई है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जांच में यह पाया गया कि बैंक कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस)/अकाउंटिंग सिस्टम और स्विफ्ट (सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन) मैसेजिंग सिस्टम के बीच स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) स्थापित करने में विफल रहा। गौरतलब है कि एमयूएफजी बैंक ने 1953 में अपनी शाखा मुंबई में खोली थी। इस बीच आरबीआई ने वार्षिक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई के बही–खाते का आकार वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 8.46 प्रतिशत बढ़ गया। वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 2021–22 में उसकी आय 20.14 प्रतिशत बढ़ी, जबकि खर्च 280.13 प्रतिशत बढ़ गया।

### चीन की प्लास्टिक प्रसंस्करण मशीनों पर डंपिंग रोधी शुल्क नहीं लगेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने कहा है कि चीन की प्लास्टिक प्रसंकरण मशीनों पर डम्पिंग रोधी शुल्क नहीं लगाया जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने चीन से इन मशीनों की कथित डंपिंग के खिलाफ जांच की थी और फरवरी में इन पर शुल्क लगाने की सिफारिश की थी। वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला राजस्व विभाग की तरफ से जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, केंद्र सरकार ने डीजीटीआर के अंतिम निष्कर्षों पर विचार करने के बाद सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने का फैसला किया है। डीजीटीआर जहां आयात होने वाली वस्तुओं पर डम्पिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करता है, वहीं राजस्व विभाग शुल्क लगाने को लेकर अंतिम निर्णय लेता है। इसके अलावा एक अन्य ज्ञापन में विभाग ने कहा कि सरकार ने यूरोपीय संघ, जापान, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से मेलामाइन के आयात पर भी डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिशों को अस्वीकार कर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की भाषा में डंपिंग शुल्क तब लगाया जाता है जब कोई देश या कंपनी अपने घरेलू बाजार में किसी उत्पाद की कीमत से कम मूल्य पर किसी वस्तु का निर्यात करती है। इससे आयातक देश के घरेलू उद्योग को नुकसान का सामना करना पड़ता है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.23 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई, एजेंसी। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मई को समाप्त सप्ताह में 4.23 अरब डॉलर बढ़कर 597.509 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार यह वृद्धि विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में हुई बढ़ोतरी के कारण हुई है। इससे पूर्व 13 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.676 अरब डॉलर घटकर 593.279 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का कारण विदेशी मुद्रा आस्तियों में वृद्धि होना है जो कुल मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण घटक है। आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 3.825 अरब डॉलर बढ़कर 533.378 अरब डॉलर हो गई। डॉलर में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा भंडार में रखे जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसी गैर–अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि अथवा मूल्यह्रास के प्रभावों को शामिल किया जाता है।

# टाटा एआईए लाइफ ने स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान लॉन्च किया

TATA AIA LIFE INSURANCE

चंडीगढ़ः :टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए), जो पिछले साल के अपने मजबूत फंड प्रदर्शन और बोनस ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक है) ने टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान लॉन्च किया। यह प्लान, एक नॉन-लिंक्ड, प्रतिभागी जीवन बीमा बचत प्लान हैलाइफ इन्शुरन्स सेविंग प्लान के लॉन्च की घोषणा की। टाटा एआईए लाइफ स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान सर्वोत्तम कोटि के नियमित और लगातार आय विकल्पों के साथ कई ऐसी नई सुविधाएं प्रदान करता है जिससे उपभोक्ता अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित कर सकेंगे और दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए धन सृजन में सक्षम हो सकेंगे। निम्नलिखित अद्वितीय और इंडस्ट्री की सर्वप्रथम विशेषताएं इसे हर निवेश पोर्टफोलियो के लिए जरूरी बनाती हैं। स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी, वेंकी अय्यर ने कहा, 'महामारी की स्थिति से बाहर निकलने के बाद, भू - राजनीतिक मुद्दों, बढ़ती मुद्रास्फीति, आय अनिश्चितता आदि के बीच आर्थिक परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है। इन स्थितियों में, उपभोक्ता जीवन की गुणवत्ता और प्रमुख वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति के बीच संतुलन पसंद करते हैं। हमारा अनोखा प्रस्ताव, 'टाटा एआईए स्मार्ट वैल्यू इनकम प्लान' उपभोक्ताओं और उनके परिजनों को अपनी सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं के साथ सशक्त बनाएगा।

# जिन बैंक खातों का नहीं कर रहे इस्तेमाल, उन्हें तत्काल बंद कर दे

## धोखाधड़ी और आर्थिक नुकसान से बच सकते

नई दिल्ली, एजेंसी। आजकल लगभग सारा वित्तीय लेनदेन बैंकों के माध्यम से ही हो रहे है। बैंक में अकाउंट खुलवाना आजकल बहुत आसान हो गया है। इसकारण ज्यादातर लोगों के एक से अधिक बैंक खाते हैं। बहुत-से लोग अपने एक या एक से अधिक बैंक खातों का उपयोग धीरे-धीरे कम करते हैं और एक समय ऐसा आता है जब इनका प्रयोग करना बिलकुल छोड़ देते हैं। अधिकतर लोग उपयोग में न लाए जा रहे बैंक खाते को बंद नहीं करवाते हैं। उन्हें लगता है कि ऐसा करना जरूरी नहीं है। हालांकि, उनका यह सोचना गलत है, ऐसा बैंक खाता, जिसका प्रयोग नहीं किया जा रहा है, उस बंद नहीं कराने से न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि कई बार इसतरह के खातों को माध्यम बनाकर धोखाधड़ी भी की जाती है। इसलिए जिन खातों को काम में नहीं लिया जा रहा, उन्हें बंद जरूर करा देना चाहिए।

ज्यादातर बैंक खातों में मंथली एवरेज बैलेंस रखना होता है। यह 500 रुपये से लेकर 20,000 रुपये तक हो सकता है। जीरो बैलेंस वाले खाते में भी अगर तीन महीने तक पैसे न डाले जाए, तब वह सेविंग अकाउंट में बदल जाता है। मिनिमम बैलेंस न रखने पर बैंक आपके खाते से अपनी पॉलिसी के हिसाब से पैसे काट सकता है। इस तरह आपको बिना वजह ही आर्थिक चपत लगती है। इसकारण खाते को बंद कराना ही अच्छा है। बैंक डेबिट कार्ड और एसएमएस चार्जेज वसूलते हैं। डेबिट कार्ड फीस सालाना 100 रुपये से 1000 रुपये तक हो सकती है। इसी तरह अलग-अलग बैंक एसएमएस चार्जेज भी वसूलते हैं। अगर आप अपने अकाउंट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं, तब भी आपको ये फीस चुकानी ही होगी। इसलिए काम में न लिए जा रहे अकाउंट को बंद कराकर इन चार्जेज से छुटकारा पाना ही सही है।

अगर आप आयकरदाता हैं, तब आपको अपने इसतरह के बैंक अकाउंट जरूर बंद कराने चाहिए, जिनका आप प्रयोग नहीं कर रहे हैं। आरटीआर दाखिल करते वक्त आयकर विभाग को अपने सभी बैंक खातों की जानकारी आयकर दाता को देनी होती है। इसके लिए बैंकों से स्टेटमेंट निकलवानी होती है। अगर आप किसी खाते का प्रयोग नहीं कर रहे हैं, तब भी उसकी स्टेटमेंट आपको बैंक से लेनी होगी। यह बिना बात का ही झंझट है, जिसे इसतरह के अकाउंट को बंद करके टाला जा सकता है।

वे अकाउंट्स, जिनका प्रयोग नहीं किया जा रहा है वे धोखाधड़ी करने वाले लोगों के निशाने पर रहते हैं। इसतरह के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें अपराधियों ने ऐसे बैंक अकाउंट का प्रयोग कर पैसों का लेनदेन किया जिनका प्रयोग लंबे समय से नहीं किया जा रहा है।

# मारुति सुजुकी ला रही 3 नई सीएनजी कारें

## कई पॉपुलर कारों के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल पेश किए

नई दिल्ली, एजेंसी। मारुति सुजुकी कंपनी जल्द ही भारत में स्विफ्ट सीएनजी, ब्रेजा सीएनजी और बलेनो सीएनजी जैसे कारें लाने की तैयारी में है। मारुति सुजुकी ने इस साल भारत में अपनी कई पॉपुलर कारों के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल पेश किए और इन्हें सीएनजी ऑप्शन में भी पेश किया है। इनमें मारुति सिलेरियो सीएनजी, मारुति वैगनआर सीएनजी, मारुति डिजायर सीएनजी और मारुति अर्टिगा सीएनजी हैं।

नई सिलेरियो सीएनजी की माइलेज तो बेहद जबरदस्त है। अब हैचबैक सेगमेंट में मारुति सुजुकी अपनी दो धांसू कारों स्विफ्ट और बलेनो को सीएनजी मॉडल को लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसके माइलेज के मामले में जबरदस्त होने की पूरी संभावना है। कंपनी ने फिलहाल इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, लेकिन माना जा रहा है कि इस साल के आखिर तक सीएनजी कारों की बंपर डिमांड को देखते हुए ये कारें भी लॉन्च हो सकती है। मारुति सुजुकी इस साल अपनी बेस्ट सेलिंग कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा का नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल लाने की तैयारी में है और इसका लोगों को बेसब्री से इंतजार है। जहां नई ब्रेजा में ढेर सारे कॉस्मेटिक बदलाव और लेटेस्ट फीचर्स के साथ ही अडवांस टेक्नॉलजी देखने को मिलेगी, वहीं सबसे खास बात यह सामने आ रही है इसमें सेफ्टी फीचर्स पर भी जोर दिया जाएगा और इस एसयूवी के सीएनजी वेरिएंट्स भी आएंगे। अगर ब्रेजा सीएनजी लॉन्च हुई तो मार्केट में हंगामा होना तय है, क्योंकि लोगों को नया विकल्प मिलेगा और इससे टाटा नेक्सॉन और ह्यूंदै वेन्यू की बिक्री पर असर पड़ना तय है।

आने वाले समय में मारुति सुजुकी की इन अपकमिंग कारों के बारे में और भी जानकारियां आएंगी और हम आप तक पहुंचाएंगे। बता दें कि भारत में पेट्रोल और डीजल के दामों में भले थोड़ी राहत की खबर आई है, लेकिन जब भी पैसे बचाने की बात होती है तो लोगों की जेहन में एक बार सीएनजी कारों का खयाल जरूर आता है। इसकी सबसे बड़ी वजह सीएनजी सस्ती होना और ज्यादा माइलेज है।

# सेल्टॉस लांच होगी किआ सेल्टॉस फेसलिफ्ट के रूप में

## साल आखिर में या अगले साल होगी पेश



नई दिल्ली, एजेंसी। पॉपुलर मिडसाइज एसयूवी सेल्टॉस किआ सेल्टॉस फेसलिफ्ट के रूप में लॉन्च होगी। कंपनी इसकी तैयारी में है। इसे साल आखिर में या अगले साल की शुरूआत तक इंडियन मार्केट में पेश किया जा सकता है।

अपकमिंग किआ सेल्टॉस फेसलिफ्ट के बारे में तरह-तरह की बातें चल रही हैं कि सेल्टॉस का अपडेटेड अवतार बेहतर लुक और फीचर्स के साथ ही काफी सारी नई खूबियों के साथ आएगी। लॉन्च के बाद से सेल्टॉस को अब तक अपडेट नहीं किया गया है, ऐसे में टाटा और महिंद्रा समेत अन्य कंपनियों की मिडसाइज एसयूवी से मुकाबले को आने वाले समय में सेल्टॉस का बेहतर रूप लोगों को आकर्षित करने की कोशिश में होगा। इस साल की शुरूआत में किआ सेल्टॉस फेसलिफ्ट की स्कैंडिनाविया जैसे ठंडे प्रदेश में टेस्टिंग के दौरान झलक दिखी थी और फिर यह तस्वीर वायरल हो गई थी। पूरी तरह कवर्ड सेल्टॉस फेसलिफ्ट की लीक तस्वीर के मुताबिक इसमें नई फ्रंट ग्रिल, नया हेडलैंप और नए फ्रंट बंपर के साथ ही एक्सटीरियर फीचर्स में काफी कुछ नया देखने को मिल रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अपकमिंग किआ सेल्टॉस फेसलिफ्ट में बेहतर इंटीरियर के साथ ही काफी हाई टेक फीचर्स देखने को मिलेंगे। 2023 किआ सेल्टॉस फेसलिफ्ट में नया डैशबोर्ड, नए डिजाइन की स्टीयरिंग व्हील, बेहतर टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम और अपडेटेड कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी समेत कई खास स्टैंडर्ड और सेफ्टी फीचर्स दिखेंगे। किआ सेल्टॉस फेसलिफ्ट के इंजन और पावर की बात करें तो इस पॉपुलर एसयूवी में बेहतर इंजन लगा हो सकता है। इसमें 2.0 लीटर 4 सिलिंडर पेट्रोल इंजन देखने को मिल सकता है, जो कि 146बीएचपी की पावर और 179एनएम टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा। अपकमिंग सेल्टॉस फेसलिफ्ट को अडवांस मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ पेश किया जा सकता है।

# निवेशकों ने ग्लोबल स्टॉक्स में 20 अरब डॉलर निवेश किए

मुंबई, एजेंसी। अमेरिकी बाजारों में गिरावट की वजह से भारत सहित पूरे वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव हावी है। अब अमेरिकी बाजारों से कुछ अच्छी खबर आ रही है। एक रिपोर्ट में बैंक ऑफ अमेरिकी के हवाले से यह बात कही गई है। बैंक ऑफ अमेरिका ने कहा है कि 25 मई को समाप्त सप्ताह में निवेशकों ने ग्लोबल स्टॉक्स में लगभग 20 अरब डॉलर निवेश किए हैं। यह पिछले 10 हफ्ते में सबसे ज्यादा है। ईपीएफआर ग्लोबल डेटा के हवाले से यह बात कही गई है। रिपोर्ट के मुतबिक बॉन्ड फंड से आउटफ्लो 5.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसका असर ये रहा कि इस हफ्ते इक्विटी में सुधार दिखा। ग्लोबल स्टॉक्स सात हफ्तों की गिरावट के बाद बढ़त में देखने को मिले। वहीं मुद्रास्फीति, उच्च ब्याज दरों के बारे में चिंता, चीन के कमजोर आर्थिक दृष्टिकोण और यूक्रेन में युद्ध की चिंताओं के बीच निवेशक फिर से खरीदारी करते दिखे। फेडरल रिजर्व के मिनटों के सुझाव के बाद डॉलर एक महीने के निचले स्तर पर आ गया।

बाजार के निवेश रणनीतिकारों का कहना है कि बाजार के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि अमेरिकी बाजार में कमजोरी अब थमती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि फेड के मिनट्स के मुताबिक साल के अन्त में रेट हाइक नहीं होंगे। यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुस्ती के संकेत है। लिहाजा फेड का रुख बाजार के अनुमानों के मुताबिक थोड़ा कम सख्त होगा। वहीं भारतीय बाजारों में एफपीआई की बिकवाली से बाजारों में कमजोरी थमती दिख सकती है।

# आरबीआई ने कहा- डिजिटल करेंसी के फायदे और नुकसान पर विचार जारी



मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वह देश में एक डिजिटल मुद्रा की शुरूआत के फायदे और नुकसान पर विचार कर रहा है। आरबीआई ने कहा कि वह डिजिटल मुद्रा की शुरूआत के लिए क्रमिक नजरिया अपनाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2022-23 का बजट पेश करते हुए कहा था कि केंद्रीय बैंक एक भारतीय डिजिटल मुद्रा की शुरूआत करेगा। आरबीआई ने हाल ही में जारी 2021-22 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि आम बजट 2022-23 में सीबीडीसी (केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा) की शुरूआत की घोषणा की गई थी। इसके तहत आरबीआई अधिनियम, 1934 में एक उपयुक्त संशोधन को वित्त विधेयक, 2022 में शामिल किया गया है वित्त विधेयक, 2022 को अधिनियमित किया गया है, जो सीबीडीसी की शुरूआत के लिए एक कानूनी ढांचा मुहैया कराता है। वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि रिजर्व बैंक भारत में एक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा की शुरूआत की तैयारी कर रहा है। सीबीडीसी के डिजाइन को मौद्रिक नीति, वित्तीय स्थिरता और मुद्रा तथा भुगतान प्रणालियों के कुशल संचालन के घोषित उद्देश्यों के अनुरूप होना चाहिए। इसमें आगे कहा गया कि रिजर्व बैंक भारत में सीबीडीसी की शुरूआत के फायदे और नुकसान पर विचार कर रहा है और इसे लाने के लिए एक क्रमिक नजरिया अपनाया जाएगा।

# ओला बनाएगी किफायती इलेक्ट्रिक कार! संयंत्र स्थापित करने कर रही भूमि की तलाश

नई दिल्ली, एजेंसी। पेट्रोल-डीजल का आसमान छूती कीमतों के विकल्प के रूप में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर को सफलतापूर्वक स्थापित करने के बाद ओला इलेक्ट्रिक अब देश में अपनी दूसरी फैसिलिटी स्थापित करने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तमिलनाडु बेस्ड इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी अब अपने इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर बिजनेस पर फोकस करने जा रही है। कंपनी नए प्लांट के लिए जमीन की तलाश कर रही है, जहां वह ओला इलेक्ट्रिक कारों का निर्माण करेगी साथ ही अपने ईवी के लिए बैटरी भी बनाएगी। इससे पहले ओला इलेक्ट्रिक के एक अधिकारी ने पुष्टि की थी कि आगामी इलेक्ट्रिक कार एक नई फ्यूचर फैक्ट्री में बनाई जाएगी।

ओला इलेक्ट्रिक ने नए प्लांट के लिए लगभग 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। अब तक, ओला इलेक्ट्रिक अपने घरेलू आधार तमिलनाडु के अलावा उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना में राज्य सरकारों के साथ बातचीत कर रही है। एक महीने के भीतर अंतिम फैसला होने की संभावना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हो सकता है कि नई फैसिलिटी तमिलनाडु के अलावा किसी अन्य राज्य में भी खोली जा सकती है। ओला इलेक्ट्रिक कथित तौर पर नए प्लांट की जमीन के लिए कई राज्य सरकारों के साथ बातचीत कर रही है। इसे ईवी फोर-व्हीलर फैक्ट्री के लिए लगभग 1,000 एकड़ जमीन की जरूरत है, जो फ्यूचर फैक्ट्री से लगभग दोगुनी है, जहां यह एस1 प्रो इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाती है।



ओला इलेक्ट्रिक ने तमिलनाडु के कृष्णागिरी में फ्यूचर फैक्ट्री की स्थापना की थी, जो दिसंबर 2020 से काम कर रही है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी माना जाता है। ओला इलेक्ट्रिक ने पिछले साल 15 दिसंबर से अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर की डिलीवरी शुरू की थी। ईवी निमार्ता अब भारत का प्रमुख दोपहिया निमार्ता है, जिसकी हर महीने 10,000 से अधिक इकाइयां बिकती हैं। ओला इलेक्ट्रिक के सीईओ और संस्थापक भाविश अग्रवाल ने इससे पहले इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर स्पेस में कंपनी की योजना का खुलासा किया था। उन्होंने कॉन्सेप्ट इलेक्ट्रिक कार की फोटो भी शेयर की थी। शेयर की गई इमेज से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ओला इलेक्ट्रिक संभवतः पहले बैटरी इलेक्ट्रिक हैचबैक पर काम करेगी, जो कि एक किफायती ईवी हो सकती है। ओला फिलहाल अपकमिंग इलेक्ट्रिक व्हीकल के डिजाइन पर काम कर रही है। इलेक्ट्रिक कार का अगले दो साल में उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।

# आईपीएल के खिताबी मुकाबले में आज होगा गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला, रात 8 बजे से होगा मैच

अहमदाबाद, एजेंसी। आईपीएल के 15 वें सत्र में रविवार को यहां होने वाले खिताबी मुकाबले में गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स की टीम आमने-सामने होगी। दोनो ही टीमें फाइनल में जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में गुजरात जहां पहली बार आईपीएल खेल रही है वहीं राजस्थान ने एक बार आईपीएल खिताब जीता है। गुजरात की टीम के पास कई शानदार खिलाड़ी हैं पर उसे अगर इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो राजस्थान के जोस बटलर पर अंकुश लगाना है। इस सत्र में बटलर ने अब तक सबसे ज्यादा रन बनाये हैं और वह एक मैच विजेता के तौर पर सामने आये हैं। गुजरात ने इस सत्र में कई बड़ी टीमों को हराया है परन्तु इस बार मुकाबला आसान नहीं है। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन जीत का यह अवसर हाथ से जाने नहीं देंगे। पंद्रह साल पहले आईपीएल में जीता का करिश्मा राजस्थान दोहराना चाहेगी। दूसरी ओर गुजरात का लक्ष्य जीत हासिल कर नया इतिहास रचना रहेगा। आईपीएल की शुरुआत में किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि गुजरात यहां तक पहुंचेगी। ऐसे में हार्दिक और मुख्य कोच आशीष नेहरा के लिए जीत एक बड़ी उपलब्धि रहेगी। नीलामी के बाद गुजरात टीम को पहले ही दौड़ से बाहर मान लेने वाले जानकारों को भी हार्दिक करारा जवाब देना चाहेंगे।



टीम के पास बल्लेबाजी में हार्दिक के अलावा राहुल तेवतिया और डेविड मिलर जैसे बल्लेबाज हैं। लंबे समय बाद फिट होकर फॉर्म में लौटे हार्दिक ने बतौर कप्तान अपने को साबित किया है। कप्तानी का दबाव लिए बिना ही वह बल्लेबाजी में भी बेहतर बनकर उभरे हैं। वहीं मिलर के भी लय हासिल करने से टीम का हौसला बढ़ा है। तेवतिया ने अपने प्रदर्शन से दिखाया है कि उन्होंने शारजाह में जो पांच छक्के लगाये थे वह तुक्का नहीं था। टीम के पास राशिद खान जैसा शानदार स्पिनर है। विकेटकीपर बल्लेबाज रिधिमान साहा ने भी इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर कई अहम पारियां खेली हैं।

गुजरात की टीम को अपने घरेलू मैदान के साथ ही प्रशंसकों का भी साथ मिलेगा। वहीं दूसरी ओर अनुभवी खिलाड़ियों वाली टीम राजस्थान का लक्ष्य इस खिताब को जीतकर टीम को पहली बार खिताब जिताने वाले दिवंगत शेन वार्न को समर्पित करना रहेगा। टीम के कप्तान सैमसन इसलिए, जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगे बटलर जैसे बल्लेबाजों के फार्म में होने से टीम का हौसला बढ़ा हुआ है। टीम के पास

बल्लेबाजी में जहां बटलर , सैमसन , रियान पराग , देवदत्त पडिक्कल के अलावा शिमरोन हेटमायर जैसे ऑलराउंडर हैं। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो ट्रेंट बोल्ट , प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा अनुभवी रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल जैसे स्पिनर हैं। चहल इस मैच में अधिक से अधिक विकेट लेकर पर्पल कैप पर कब्जा करना चाहेंगे।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

गुजरात टाइटंस : हार्दिक पांड्या (कप्तान), अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, गुरकीरत सिंह, बी साई सुदर्शन, शुभमन गिल, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मैथ्यू वेड, रहमानुल्ला गुरबाज, रिद्धिमान साहा, अल्जारी जोसेफ, दर्शन नालकंडे, लॉकी फर्ग्युसन, मोहम्मद शमी, नूर अहमद, प्रदीप सांगवान, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, वरुण आरोन और यश दयाल।

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, शिमरोन हेटमायर, देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा, युजवेंद्र चहल, रियान पराग, केसी करियप्पा, नवदीप सैनी, ओबेद मैकॉय, अनुनय सिंह, कुलदीप सेन, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, तेजस बरोका, कुलदीप यादव, शुभम गढ़वाल, जेम्स नीशाम, नाथन कूल्टर-नाइल, रेसी वान डेर डुसेन, डेरिल मिशेल और कॉर्बिन बॉश।

# आईपीएल के समापन समारोह में कार्यक्रम पेश करेंगे रणवीर , एआर रहमान

## झारखंड का छऊ नृत्य पेश करेंगे कलाकार

अहमदाबाद, एजेंसी। आईपीएल के 15 वें सत्र में यहां रविवार को मोटेरा स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के खिताबी मुकाबले से पहले एक भव्य समापन समारोह होगा। इसी कारण फाइनल मैच आधा घंटा देरी से रात 8.00 बजे से खेला जाएगा। समापन समारोह करीब 45 मिनट का होगा। आईपीएल में साल 2018 के बाद पहली बार समापन समारोह हो रहा है। इस समारोह में मशहूर संगीतकार एआर रहमान और अभिनेता रणवीर सिंह भी कार्यक्रम पेश करेंगे। इसके आलावा झारखंड के छऊ नृत्य के कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। प्रभात कुमार महतो के नेतृत्व में 10 सदस्यीय छऊ नृत्य टीम 24 मई को ही गुजरात के लिए रवाना हो गई थी। महतो की टीम ने भूटान, संयुक्त अरब अमीरात और चीन जैसे कई देशों में अपनी कला का प्रदर्शन किया है। बीसीसीआई इस यात्रा के लिए हर खर्च का भुगतान कर रही है। प्रभात महतो का ग्रुप छऊ नृत्य के सबसे प्रसिद्ध रूपों में से एक मानभूम छऊ पेश करेगा।



समापन समारोह में बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली, सचिव जय शाह सहित सहित पदाधिकारी भी रहेंगे। इसके साथ ही भारतीय टीम के कुछ पूर्व कप्तानों के उपस्थित रहने की भी संभावना है। समारो में भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में टीम इंडिया की पिछली 75 सालों की यात्रा को भी दिखाया जाएगा। फाइनल मुकाबले के दौरान पहली पारी के दूसरे टाइमआउट के समय फिल्म लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर भी लॉन्च होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रजत प्लेऑफ में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने

अहमदाबाद, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र के दूसरे क्वालिफायर मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलूर (आरसीबी) के रजत पाटीदार ने 58 रन बनाकर एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। इससे पहले रजत ने लखनऊ सुपरजायंटस के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में भी 112 रन बनाये थे। इसी के साथ ही रजत आईपीएल के प्लेऑफ नॉकआउट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। पाटीदार ने प्लेऑफ में कुल 170 रन बनाए। वहीं प्लेऑफ में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर हैं। वॉर्नर ने साल 2016 आईपीएल में कुल 190 रन बनाए थे। पाटीदार ने अपने शानदार प्रदर्शन से विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा और मुरली विजय को पीछे छोड़ दिया है। साहा ने साल 2014 में प्लेऑफ में कुल 156 रन बनाए थे जबकि विजय ने भी 2012 में 156 रन बनाये थे। वहीं एलिमिनेटर और क्वालिफायर दोनों में 50 रनों से ज्यादा बनाने वाले रजत दूसरे भारतीय हैं। रजत से पहले सुरेश रैना ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

### आईपीएल में विजेता को मिलेंगे 20 करोड़

अहमदाबाद, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र में रविवार को गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खिताबी मुकाबला होगा। इसमें विजेता टीम को 20 करोड़ रुपए जबकि हारने वाली टीम को 13 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिलेगी। वहीं दूसरे क्वालिफायर में राजस्थान रॉयल्स के हाथों हारने वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को तीसरे स्थान पर आने के कारण सात करोड़ की राशि मिलेगी। वहीं चौथे नंबर पर रही लखनऊ सुपर जांयट्स को 6.50 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसके अलावा शानदार प्रदर्शन कर पर्पल और ऑरेंज कैप जीतने वाले खिलाड़ियों को 15-15 लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं टूर्नामेंट के इमर्जिंग खिलाड़ी को 20 लाख रुपए का इनाम मिलेगा। आईपीएल की शुरुआत साल 2008 में हुई थी तब विजेता रही टीम राजस्थान रॉयल्स को 4.8 करोड़ रुपए मिले थे। आज यही इनामी राशि बढ़कर पांच गुना हो गयी है।

### किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं होने के कारण सफल रहे : तेवतिया

अहमदाबाद, एजेंसी। गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर राहुल तेवतिया ने कहा टीम की सफलता का कारण किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर न होते हुए एक ईकाई की तरह प्रदर्शन करना रहा है। गुजरात टीम ने पहली बार आपीएल खेलते हुए 14 मैचों में से 10 जीत के साथ ही आसानी से खिताबी मुकाबले में जगह बनायी। उससे क्वालिफायर मुकाबले में राजस्थान रायल्स के खिलाफ रोमांचक जीत दर्ज भी दर्ज की। आईपीएल शुरू होने के पहले सभी ने टीम को कमजोर आंका था पर उससे सभी को गलत साबित कर दिया। तेवतिया ने कहा, हमारी टीम एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है बल्कि पूरी टीम प्रदर्शन करती है और यही हमें अलग बनाती है। टीम का माहौल बहुत ही शांत और आरामदेह है और इसी ने हमें इस तरह का प्रदर्शन करने में सहायता की है, इसके साथ ही प्रशंसकों का सहयोग भी टीम को मिला है तेवतिया ने इस सत्र में मिलर के प्रदर्शन की भी तारीफ की है। उन्होंने कहा, मिलर ने दिखाया है कि वह समय आने पर क्या कर सकता है। पहले उन्हें कोई अवसर नहीं दिया गया था। तेवतिया ने कहा कि रविवार को होने वाले फाइनल के लिए वह टीम में अधिक बदलाव नहीं चाहते हैं।

### धोनी ने कहा था स्वाभाविक रूप से गेंदबाजी करो : पलानी

नई दिल्ली, एजेंसी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के थ्रोडाउन विशेषज्ञ कौंडप्पा राज पलानी ने कहा है कि जब उन्होंने पहली बार टीम के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को देखा तो वह उन्हें देखते ही रहे। इसपर धोनी ने कहा कि मुझे देखना बंद करो और अपने स्वाभाविक तरीके से गेंद फेंको। पलानी ने कहा कहा, यह धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद का पहला कैंप था।

# आईपीएल के 15 वें सत्र में बने कई रिकार्ड

अहमदाबाद, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र में कई नये रिकार्ड बने है। यह सत्र बड़े शॉट के लिए याद रखा जाएगा। इस सत्र में 1000 से अधिक छक्के लगे हैं। वहीं अब तक 8 शतक लगे हैं। इससे पहले साल 2016 में सबसे अधिक 7 शतक लगे थे। इसके अलावा 2008, 2011 और 2012 में भी 6-6 शतक लगे थे। इस सत्र की बात की जाए, तो राजस्थान से खेल रहे इंग्लैंड के ओपनर बल्लेबाज जोस बटलर ने सबसे अधिक 4 शतक लगाए हैं। इसी के साथ ही बटलर एक सत्र में सबसे अधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल ने भी इस सत्र में 2 शतक लगाये हैं जबकि लखनऊ के क्विंटन डिकॉक और आरसीबी के रजत पाटीदार ने एक-एक शतक लगाया है। इस सत्र में 2 गेंदबाजों पर 30 या उससे अधिक छक्के लगे हैं। यह पहली बार हुआ है। आरसीबी के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर सबसे अधिक 31 छक्के लगे। वहीं आरसीबी से ही खेल रहे लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा पर भी 30 छक्के लगे। इससे पहले साल 2018 में ड्वेन ब्रावो पर सबसे अधिक 29 छक्के लगे थे।





पेरिस में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।

# आरेंज कैप बटलर को मिलना तय

अहमदाबाद, एजेंसी। राजस्थान रॉयल्स के आईपीएल फाइनल में पहुंचते ही उसके बल्लेबाज जोस बटलर को सबसे ज्यादा रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप मिलना तय हो गयी है। बटलर ने आरसीबी के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर मैच में नाबाद 106 रन की शतकीय पारी खेली थी। इस प्रकार उसके कुल रनों की संख्या बढ़कर 824 हो गयी हैं। उन्होंने आइपीएल के इस सीजन में चार शतक लगाए हैं।




इस तरह से उन्होंने आइपीएल 2022 की आरेंज कैप अपने नाम कर ली है। अभी भी उनके पास अपने रनों की संख्या को बढ़ाने और डेविड वार्नर से आगे निकलने का अवसर होगा। एक सत्र में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में साल 2016 में विराट कोहली 973 रनों के साथ पहले नंबर पर जबकि इसी साल 848 रनों के साथ डेविड वार्नर तीसरे नंबर पर थे। वहीं बटलर इस 15 वें सत्र में 824 रन बनाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं ऐसे में खिताबी मुकाबले में उनके पास उनके पास डेविड वार्नर को पीछे छोड़ने का अवसर रहेगा।

वहीं सबसे ज्यादा विकेट के मामले में पर्पल कैप को लेकर दो स्पिन गेंदबाजों युजवेंद्र चहल 26 और वानिंदु हसरंगा के बीच अच्छा मुकाबला है। आरसीबी के खिलाफ मैच में चहल नहीं ले पाये जबकि हसरंगा ने एक विकेट लिया। इस प्रकार उनके विकटों की संख्या भी बढ़कर चहल के बराबर ही 26 हो गयी। चहल के नाम भी 26 विकेट हैं पर कम इकोनामी के कारण पर्पल कैप पर अभी हसरंगा का कब्जा बना हुआ है। गुजरात टाइटंस के चहल के पास खिताबी मुकाबले में हसरंगा को पीछे छोड़ने का अवसर है। आरसीबी के बाहर होने से हसरंगा की संभावनाएं समाप्त हो गयी हैं पर चहल के पास फाइनल में विकेट लेकर नंबर एक पर आने का अच्छा अवसर है।

# स्टर्लिंग ने वाइटैलिटी ब्लास्ट टी20 टूनामेंट में खेली धमाकेदार पारी

लंदन, एजेंसी। आयरलैंड के बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने वाइटैलिटी ब्लास्ट टी20 टूर्नामेंट के अपने डेब्यू मैच में ही बर्मिंघम बीयर्स की ओर से खेलते हुए लगातार पांच छक्के लगाये। स्टर्लिंग ने 51 गेंद में ही 119 रनों की तूफानी पारी खेली। यह उनके टी20 करियर की सबसे बड़ी पारी भी है। इस दौरान उन्होंने 46 गेंदों में ही शतक बना दिया। उन्होंने यह रिकार्ड नॉर्थेंट्स स्टीलबैक्स के खिलाफ बनाया। स्टर्लिंग ने इस पारी में स्टीलबैक्स के गेंदबाज जेम्स सेल्स के एक ही ओवर में लगातार 5 छक्के लगाये जबकि अंतिम गेंद पर चौका लगाकर कुल 34 रन बनाये। स्टर्लिंग ने 119 रन की पारी में 9 चौके और 10 छक्के लगाये। स्टर्लिंग की तेज पारी से बर्मिंघम बीयर्स ने वाइटैलिटी ब्लास्ट टूर्नामेंट जीत लिया है।



बर्मिंघम ने बारिश से बाधित मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 207 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ने शुरूआत दो विकेट सस्ते में ही गंवा दिये इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरे स्टर्लिंग ने मैच का रुख अपनी ओर कर दिया। उन्होंने सैम हैन के साथ तीसरे विकेट के लिए 71 गेंद में 170 रन की साझेदारी कर अपनी टीम की जीत तय कर दी।

# कर्ण भी आरसीबी को जीत नहीं दिला पाये

अहमदाबाद, एजेंसी। आईपीएल के 15 वें सत्र में एक बार फिर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को झटका लगा है। उसके पहली बार खिताब जीतने का सपना फिर टूट गया है। आईपीएल की शुरूआत से ही आरसीबी की टीम अब तक तीन बार फाइनल में पहुंची है पर हर बार उसे हार का सामना करना पड़ा है। इस बार टीम के पास लकी चार्म के तौर पर कर्ण शर्मा भी था पर तब भी बात नहीं बनी। कर्ण अब तक जिस भी टीम में रहे हैं वह खिताब जीती है। इसी को देखते हुए आरसीबी को भी इस बार खिताब जीतने की उम्मीद थी।



कर्ण ने पिछले 6 साल में 4 ट्रॉफी जीती है। वह अभी तक आईपीएल में बैंगलोर से पहले जिस टीम का भी हिस्सा थे, वह चैंपियन बनी हैं। आईपीएल में कर्ण शर्मा की पहली टीम सनराइजर्स हैदराबाद थी। साल 2016 में जब हैदराबाद चैंपियन बनी तो वह उस टीम का हिस्सा थे। साल 2017 में कर्ण मुंबई इंडियंस में शामिल हुए और टीम विजेता बन गई। साल 2018 से 2021 तक वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के साथ थे और इस दौरान सीएसके ने दो बार खिताब जीता।

# एशियाई खेलों के स्थगित होने को भी अवसर की तरह लेगी टीम : सविता

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा है कि हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के स्थगित होने को भी टीम एक अवसर की तरह लेगी क्योंकि अब उसे तैयारियों के लिए और अधिक समय मिलेगा। सविता के अनुसार जिस प्रकार टोक्यो ओलंपिक के एक साल के लिए स्थगित होने के बाद टीम ने लाभ उठाया था वैसा ही इस बार भी होगा। टोक्यो ओलंपिक खेल भी साल कोविड-19 महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित होने के बाद आयोजित किये गये थे।



सविता ने कहा, ह्यहम इन खेलों के स्थगित होने से एक बार फिर इस तरह निपटेंगे कि हम इसे एशियाई खेलों के लिए ट्रेनिंग और बेहतर तैयार होने के अवसर के रूप में लेंगे ह्व उन्होंने कहा, ह्यओलंपिक के एक साल के लिए स्थगित होने से हमें सुधार करने का काफी समय मिला था और निजी तौर पर मैं कोच यानेक शॉपमैन के साथ काम करूंगी जिन्होंने गोलकीपर के रूप में मेरे अंदर आए सुधार में अहम भूमिका निभाई है ह्व हाल के समय की सबसे सफल गोलकीपर में शामिल सविता जुलाई में होने वाले एफआईएच विश्व कप से पहले यूरोप में एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगी। सविता ने कहा, ह्यटोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने से सभी का हमारे प्रदर्शन पर ध्यान गया है। पहले सिर्फ पुरुष टीम से उम्मीदें होती थी लेकिन अब लोग महिला टीम से भी उम्मीद करते हैं कि अगर हम किसी टूर्नामेंट में हिस्सा लें तो शीर्ष तीन में जगह बनाएं और यह खेल के लिए अच्छा है ह्व

# जीत के बाद बटलर ने वार्न को याद किया

अहमदाबाद, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र में राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर सात विकेट से जीत के साथ ही भावुक हो गये। अब रविवार को खिताबी मुकाबले में टीम गुजरात टाइटंस का मुकाबला करेगी। जीत के बाद राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज जोस बटलर ने दिवंगत पूर्व कप्तान शेन वॉर्न को याद करते हुए कहा कि वार्न आज गर्व का अनुभव कर रहे होंगे। गौरतलब है वार्न की कप्तानी में ही राजस्थान ने साल 200 में हुए पहले आईपीएल खिताब को जीता था। इसके 14 साल बाद अब टीम के पास एक और खिताब जीतने का अवसर है। वॉर्न का इसी साल मार्च में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

मैच जीतने से उत्साहित बटलर ने कहा, ह्यमैं इस सत्र में बेहद कम उम्मीदों के सहारे आया था। सत्र सीजन के बीच में ही खराब फॉर्म के कारण मुझ पर थोड़ा दबाव जरूर आया था पर उस समय कुमारा संगाकारा की मिली सलाह से मुझे सहायता मिली। उन्होंने मुझे पिच पर ज्यादा से ज्यादा समय बिताने के लिए कहा. उनकी यह सलाह काम आई और मुझे फॉर्म वापस मिल गया। फाइनल में पहुंचना काफी सुखद ह्व बटलर ने वॉर्न के याद करते हुए कहा, ह्य वॉर्न राजस्थान रॉयल्स के लिए काफी महत्व रखते हैं। उन्होंने



अपनी कप्तानी में टीम को पहला सत्र जिताया था। हम उन्हें बहुत याद करेंगे, पर मुझे भरोसा है कि वह आज हमें बहुत गर्व के साथ देख रहे होंगे ह्व

बटलर के अलावा राजस्थान टीम के कप्तान संजू सैमसन ने भी वॉर्न को याद किया। मैच जीतने के बाद संजू ने कहा, इस मैदान पर पहले गेंदबाजी के दौरान तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी। ऐसे में टॉस लाभदायक साबित हुआ। बटलर जैसे खिलाड़ी का टीम में होना हमारे लिए लाभ की बात है। अब हमें खिताब के लिए केवल एक जीत चाहिये।

# ऋषभ अगर 100 टेस्ट खेलते हैं तो इतिहास बनाएंगे : सहवाग

मुंबई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि अगर युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत 100 टेस्ट खेल लेते हैं तो यह एक बड़ा रिकार्ड होगा। ऋषभ टीम में पदार्पण के बाद से ही अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के बल पर सबकी नजरों में रहे हैं। उन्होंने अब तक 30 टेस्ट मैचों में 40.85 की औसत से 1920 रन बनाए, जिसमें चार शतक और नौ अर्धशतक शामिल हैं। मार्च में श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की घरेलू श्रृंखला में इस बल्लेबाज ने 120.12 की स्ट्राइक रेट से 185 रन बनाए, जिसमें 28 गेंदों में अर्धशतक शामिल है। सहवाग ने कहा, अगर वह 100 से अधिक टेस्ट खेलता है, तो



उसका नाम हमेशा के लिए इतिहास की किताब में दर्ज हो जाएगा। अब तक केवल 11 भारतीय क्रिकेटरों ने यह उपलब्धि हासिल की है और हर कोई उन 11 नामों को याद कर सकता है।

सहवाग स्वयं टेस्ट क्रिकेट में सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने 82.23 के आश्चर्यजनक स्ट्राइक रेट से 49.34 के औसत से 8586 रन बनाए। वहीं एकदिवसीय मैचों में उन्होंने 35.05 की औसत और 104.33 के स्ट्राइक रेट के साथ 8273 रन बनाए हैं। सहवाग के अनुसर टी20 प्रारूप अधिक लोकप्रिय और आकर्षक होने के बाद भी टेस्ट क्रिकेट भविष्य में खेल का अंतिम प्रारूप बना रहेगा।

# बॉडी की स्ट्रेंथ बढ़ाने के व्यायाम

व्यायाम करना सेहत के लिए बेहद आवश्यक माना गया है। व्यायाम आपको निरोगी बनाने के साथ-साथ आपकी बॉडी का स्टेमिना और स्ट्रेंथ भी बढ़ती है। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे व्यायाम के बारे में बता रहे हैं जो आपकी अपर बॉडी की स्ट्रेंथ को बढ़ाने का काम करते हैं-

**पुल अप्स :** अपर बॉडी स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए पुल अप्स का अभ्यास करना एक काफी अच्छा व्यायाम साबित हो सकता है। इसका अभ्यास करने के लिए आप थोड़ी ऊंचाई पर फिट रॉड को पकड़ें और सिर्फ अपने हाथों के जोर पर अपने शरीर को ऊपर की तरफ लेकर जाएं। इस एक्सरसाइज के दौरान आपके शरीर का सारा भार आपके कंधों पर होता है।

**पुश अप्स :** अपर बॉडी को बेहतर बनाने के लिए पुशअप्स की प्रैक्टिस भी अवश्य करनी चाहिए। आप शुरूआत नॉर्मल पुशअप्स या वॉल पुशअप्स से कर सकते हैं। जब एक से दो महीने में आप रोजाना इसका अभ्यास करने से अभ्यस्त हो जाएंगे तो आप कई तरह के पुशअप्स जैसे क्लोज पुशअप्स, वाइडर पुशअप्स व क्लैप पुशअप्स आदि का अभ्यास करें। इससे आपकी अपर बॉडी पर ज्यादा प्रभाव डालते हैं।

**बेंच प्रेस व चेस्ट प्रेस :** अगर आप जिम जाते हैं तो आपने इसका अभ्यास वहां पर अवश्य किया होगा। बेंच प्रेस का अभ्यास करने के लिए आप सबसे पहले बेंच पर लेट जाएं और फिर रॉड पर दोनों तरफ करीबन 5-5 किलो वेट लगाकर करीबन दस रैप के तीन सेट करें। आप बेंच प्रेस की तरह ही चेस्ट प्रेस का भी अभ्यास भी किया जाता है, लेकिन इसमें आप रॉड के स्थान पर डम्बल का इस्तेमाल करें।



# फायदेमंद मखाना



मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। मखाने में प्रोटीन की अच्छी मात्रा पाई जाती है।मखाने में एल्केलाइड नामक तत्व पाया जाता है। सूखे मेवे में शामिल होने वाले मखाना को, भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया में इस्तेमाल में किया जाता है। इनमें सोडियम, कैलोरी और फैट की मात्रा कम होती है। अगर आप मखाने को नियमित तौर पर अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो आपको कई रोगों से छुटकारा मिलने के साथ ही अनगिनत स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। मखाने खाने से लंबे वक्त तक पेट भरे होने का असहास होता है जिसकी वजह से अनहेल्दी चीजों के लिए क्रेविंग नहीं होती।

### वेट लॉस

मखाने में एथेनोल नामक एक तत्व पाया जाता है। जो हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता हैं। मखाना कमल के बीच से प्राप्त होता है। जो मोटापे को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है।

### हार्ट

मखाने को हार्ट के लिए बहुत लाभदायक माना जाता है। मखाने में एल्केलाइड नामक तत्व पाया जाता है, जिसमें कुछ खास पोषक तत्व होने से ये हार्ट के लिए अच्छा माना जाता है।
sमखाने खाने हार्ट के लिए फायदेमंद माने जाते हैं।

### प्रोटीन

मखाने में प्रोटीन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। मखाने खाने से प्रोटीन की कमी को पूरा किया जा सकता है। मखाने प्रोटीन के साथ-साथ शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मदद कर सकता है।

### मसूड़ों

मखाने में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल प्रभाव पाए जाते हैं। मखाने में पाए जाने वाले यह दोनों गुण मसूड़े संबंधित सूजन और बैक्टीरियल प्रभाव के कारण होने वाली सड़न को रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं।

### कब्ज

मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर के गुण पाए जाते हैं जो पेट की समस्या गैस, अपच की समस्या को कम करने में मदद कर सकता है। मखाने में फाइबर के साथ-साथ आयरन, कैल्शिय के तत्व भी पाए जाते हैं।

# 20 से 30 की उम्र में अपनाएं ये टिप्स



20 से 30 साल की उम्र में हमारा स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक होता है।जिस कारण त्वचा पर भी हमेशा ग्लो रहता है। लेकिन हम भूल जाते हैं कि अगर अभी त्वचा की देखभाल नहीं की, तो आगे चलकर ढीली त्वचा, बेजान व रूखी त्वचा जैसी परेशानियां हो सकती हैं। जो लोग 20 से 30 साल की उम्र में यहां बताए जा रहे टिप्स अपना लेते हैं, जिंदगीभर उनकी त्वचा में चमक और जवानी रहती है।

### हाइड्रेशन है सबसे जरूरी

त्वचा को बिल्कुल दोषरहित बनाने के लिए हाइड्रेशन सबसे जरूरी है। जो कि त्वचा को रूखा होने से बचाता है और नमी प्रदान करता है। इसके लिए 20 से 30 साल की उम्र के लोगों को रोजाना 3 लीटर के आसपास पानी पीना चाहिए। इसके साथ ही हफ्ते में 1 से 2 बार चेहरे पर हाइ-ड्रेशन मास्क भी लगा सकते हैं।

### मॉश्चराइजर सभी के लिए

ऑयली स्किन वाले लोगों को लगता है कि उन्हें मॉश्च-राइजर की जरूरत नहीं है। लेकिन ऐसा नहीं होता। चाहे आपकी स्किन ड्राई हो या ऑयली या फिर नॉर्मल। हर किसी के लिए मॉश्चराइजर जरूरी है, जो स्किन को चम-कदार बनाए रखने में मदद करता है।

### सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं क्या?

बुढ़ापे तक त्वचा को चमकदार बनाने के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। क्योंकि, इससे ना सिर्फ सूरज की हानिकारक किरणों से सुरक्षा मिलती है, बल्कि त्वचा को पोषण भी बना रहता है।

### मसाज भी करना चाहिए

ग्लोइंग स्किन के लिए सही ब्लड सर्कुलेशन बहुत जरूरी है। जिससे त्वचा को पर्याप्त पोषण मिलता है। 20 से 30 साल की उम्र में आप नियमित रूप से चेहरे पर मसाज करें या फिर आप किसी प्रोफेशनल की मदद भी ले सकते हैं। जो आपको मसाज करने का सही तरीका व आपकी त्वचा के लिए जरूरी प्रॉडक्ट्स का चुनाव करने में भी मदद करेगा।

# जंक फूड के बजाए अपनाएं ये हेल्दी स्नैक्स

भोजन के बीच में स्नैकिंग अच्छा है या खराब? ये बार-बार पूछा जानेवाला सवाल है जिसे लोग स्वास्थ्य विशेषज्ञ या न्यूट्रनिशनिस्ट से जानना चाहते हैं। कहा जाता है कि ये बहुत कुछ आपके ऊपर निर्भर है। अगर आप सचमुच भूखे हैं, या फूड का हेल्दी और छोटा हिस्सा दिन भर खाते हैं, तो ये नुकसानदेह नहीं है लेकिन इसके पीछे अगर इमोशनल इटिंग (बिना भूख के खाने लगना) आपकी मंशा है, और आप सैचुरेटेड फैट, नमक या शुगर में अधिक डिब्बाबंद फूड को लालसा पूरी करने के लिए चुनते हैं, तो स्नैकिंग आपकी जिंदगी का दुश्मन हो सकता है।

### स्नैकिंग आपके लिए कब हो सकता है नुकसानदेह?

न्यूट्रिशनिस्ट रियान फरनाडो कहते हैं, स्नैकिंग आपके लिए उस वक्त तक नुकसानदेह नहीं है जब तक कि आप गैर सेहतमंद सामग्री का सेवन न करें। उसके बजाए ये आपको देर तक भरा रखने में मदद कर सकता है और गैर सेहतमंद फूड्स के प्रति आपकी लालसा को कम करता है। खाने के विकल्पों में सचेत नहीं रहने पर गलत स्नैक को हम चुन सकते हैं और उसके नतीजे में वजन बढ़ सकता है और कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। लेबल पर दिखाई देनेवाले अधिकतर हेल्दी प्रोडक्ट्स अक्सर खराब फैट और शुगर में अधिक होते हैं। स्नैक के विकल्प जैसे चिप्स में पोषण मान नहीं होता है लेकिन फैट्स, सोडियम और अधिक कैलोरी में भरपूर होता है

### भोजन के बीच में हमें स्नैकिंग की इच्छा क्यों होती है?

न्यूट्रिशनिस्ट का कहना है कि मौजूदा पोषक तत्वों की कमी या आपकी डाइट में खास पोषक तत्वों के अभाव की वजह से ये हो सकता है। मिसाल के तौर पर, अगर आपको चॉकलेट खाने की इच्छा है, तो आपके शरीर में मैग्नीशियम की कमी हो सकती है, जिसकी पूर्ति नट्स, सीड्स और फलों से होने की संभावना है। उनका कहना है कि जेनेटिक्स भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने कुछ हेल्दी स्नैक्स के सुझाव दिए हैं जो खराब स्नैक्स का विकल्प हो सकते हैं और आपके वजन कम करने में मदद कर सकते हैं।



- कैंडी या चॉकलेट के बजाए फल
- चिप्स के बजाए पॉपकॉर्न
- बिस्कुट के बजाए मूंगफली का मक्खन टोस्ट

# भीगी हुई मूंगफली के स्वास्थ्य लाभ



**विटामिन और मिनरल्स से भरपूर मूंगफली के कई स्वास्थ्य लाभ हैं। ये नट्स बीटा सिटोस्टेरॉल से भरपूर होते हैं, जो आपको कैंसर से सुरक्षित रख सकते हैं। इसमें आयरन, फोलेट, कैल्शियम और जिंक की भी अच्छी मात्रा होती है, जो आपके शरीर के लिए जरूरी है। आइए, जानते हैं रोजाना भीगी हुई मूंगफली खाने के कुछ और कारण।**

➡ यूएसडीए द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 100 ग्राम मूंगफली में 567 किलो कैलोरी,16 ग्राम कार्बोहाइड्रेट ,9 ग्राम आहार फाइबर, 4 ग्राम चीनी, 26 ग्राम प्रोटीन, 49 ग्राम कुल फैट होता है।

➡ मूंगफली में कार्डियोप्रोटेक्टिव गुण होते हैं, जो आपको विभिन्न दिल संबंधी समस्याओं से सुरक्षित रखते हैं। मूंगफली का यह कार्डियोप्रोटेक्टिव गुण लंबे समय में दिल रोग के जोखिम को कम करने में मदद करता है और शरीर में खून परिसंचरण में भी सुधार करता है।

➡ अगर आप कमर दर्द से परेशान हैं, तो मूंगफली को गुड़ के साथ भिगोकर खा सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक मूंगफली खाने से कमर दर्द से राहत मिल सकती है।

➡ मूंगफली बीटा-सिटोस्टेरॉल से भरपूर होती है, जो कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करता है। यह ट्यूमर, विशेष रूप से स्तन कैंसर के विकास को भी रोकता है। शोध के मुताबिक हफ्ते में तीन बार किसी भी रूप में मूंगफली खाने से कैंसर का खतरा 58 फिसदी तक कम हो जाता है।

➡ मूंगफली प्रोटीन, वसा और फाइबर का एक अच्छा मिश्रण है। इन पोषक तत्वों के कारण, मूंगफली मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देती है और लंबे समय तक पेट को भरा रखती है। मूंगफली खाने से आपको भूख कम लगती है और आप खाना कम खाते हैं जिसकी वजह से वजन कम करने में मदद

# सिरदर्द की समस्या दूर करे बड़ी इलायची

### सिरदर्द

बड़ी इलायची सिरदर्द की समस्या से राहत दिलाने में मददगार मानी जाती है। इतना ही नहीं इसको खाने से शरीर दर्द और थकावट को भी दूर किया जाता है। अगर आपके शरीर में कहीं भी दर्द है तो आप इसे पीस कर शहद के साथ सेवन कर सकते हैं।

### मुंह की दुर्गंध

मुंह की दुर्गंध को दूर करने के लिए बड़ी इलायची को लाभकारी माना जाता है। मुंह की बदबू को दूर करने के लिए आप बड़ी इलायची को चबा-चबा कर खाएं, इससे मुंह की बदबू दूर हो सकती है।



### स्किन

स्किन के लिए भी बड़ी इलायची काफी फायदेमंद मानी जाती है। बड़ी इलायची का सेवन करने से मुंहासों की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। इतना ही नहीं ये त्वचा को चमकदार बनाने में भी मदद कर सकती है।

### कैंसर

कैंसर के खतरे को कम करने के लिए बड़ी इलायची काफी मददगार मानी जाती है। बड़ी इलायची में एंटी-ऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं। जो कैंसर कोशिकाओं को विकसित नहीं होने देते हैं। और कैंसर जैसी बीमारी को दूर रखने में मदद कर सकते हैं।

# बरसात के मौसम में कैसा हो भोजन

**बरसात का मौसम आने वाला है| ये सीजन लोगों में खुशहाली लेकर आता है| हर किसी को यह मौसम काफी लुभाता है| बरसात के दिनों में चाय व गरमागरम पकौडे का सेवन करने का अलग ही मज़ा होता है। इस मौसम में हमें अवश्य अपने खाने पीने का ध्यान रखना चाहिए वरना फूड पॉइजनिंग, पीलिया, हैजा जैसी घातक बीमारियां हमें घेर लेती हैं। आज हम आपको बता रहे हैं कि बरसात के मौसम में किस तरह का भोजन खाना चाहिए| आइए जानें -**

▸▸ बारिश के मौसम में ऐसे भोजन का सेवन करना चाहिए जो विटामिन सी, विटामिन ई, सेलेनियम, जिंक, आयरन, कॉपर, फॉलिक एसिड, बी कॉम्प्लैक्स से भरपूर हो। ऐसा भोजन खाने से आप फिट रहेंगे।

▸▸ इस मौसम में लौकी, टिंडा, परवल, जिमीकंद, ग्वार फली, करेला, ब्रोकली, आंवला आदि सब्जियां खानी चाहिए। ये सब्जियां आपको हैल्दी बनाएंगी।

बरसात के दिनों में थोड़ी मात्रा खाने की खानी चाहिए। इससे आपको ज्यादा भूख भी नहीं लगेगी और आपका पेट भरा भरा रहेगा।

▸▸ बरसात के दिनों में आप अदरक, लहसन, काली मिर्च, जीरा, हींग, हल्दी और धनिया खा सकते है। इससे आपका डाइजेस्टिव सिस्टम हैल्दी रहेगा और आपका इम्म्यून सिस्टम हैल्दी रहेगा।

▸▸ अगर आप बरसात के मौसम में पत्तेदार सब्जियों का सेवन करते हैं तो इसे अच्छी तरह से पानी से वॉश कर लें क्योंकि कीटाणु इस मौसम में सब्जियों को घेर लेते है।

▸▸ हमेशा इस मौसम में घर पर बना खाना ही खाएं। सुबह का खाना पड़ा हुआ अवॉइड करें।

# स्किन के लिए फायदेमंद सेंधा नमक



### पिंपल्स और ब्लैकहेड्स में उपयोगी

अगर आप पिंपल्स और ब्लैकहेड्स से परेशान है तो आपके लिए सेंधा नमक काफी उपयोगी साबित हो सकता है। इसके लिए आपको सेंधा नमक में नींबू के रस की कुछ बूंदे मिलाने है और इसका पेस्ट बना लेना। इसके बाद इस पेस्ट का इस्तेमाल आप अपने पिंपल्स और ब्लैकहेड्स पर करें। आपको दो हफ्ते के अंदर पिंपल्स और ब्लैकहेड्स से राहत मिलने लगेगी।

### स्किन के ड्राइनस दूर करने में

अगर आपकी स्किन ड्राई हो गई है तो आप सेंधा नमक का प्रयोग कर अपने त्वचा पर ग्लो ला सकते हैं। इसके लिए ऑलिव ऑयल में सेंधा नमक मिलाएं और पेस्ट बना ले। इसके बाद इसे स्क्रबर के जैसे अपने स्किन पर प्रयोग करें। इससे आपके स्किन की ड्राइनस दूर हो जाएगी।

### टैनिंग दूर करने में

आपका स्किन अगर टैन हो गया है तो आप सेंधा नमक और शहद का प्रयोग कर एक पेस्ट बना लें। इसके बाद इस पेस्ट को स्क्रबर के जैसे हफ्ते में दो दिन उपयोग करें। इससे आपके चेहरे पर टैनिंग गायब हो जाएगी।

### ऑयली स्किन के लिए उपयोगी

अगर आप अपने ऑयली स्किन से परेशान है तो आप सेंधा नमक ओटमील को मिलाकर एक पेस्ट बना लें। फिर इसमें नींबू का रस और बादाम का तेल मिला लें। अब इसका प्रयोग आप अपने स्किन पर करें आपका ऑयली स्किन की समस्य बहुत जल्द ही दूर हो जाएगी।

# खाली पेट शहद-लहसुन खाने के फायदे

**शहद और लहसुन अपने एंटी-बायोटिक और एंटी-बैक्टीरियल गुणों की वजह से जाने जाते हैं. आयुर्वेद में तो लहसुन को औषधि माना गया है। लहसुन में एलिसिन और फाइबर की मौजूदगी के कारण कई तरह के पोषक तत्व प्रदान करता है। इसमें एंटिफंगल और एंटीऑक्सिडेंट जैसे गुण भी होते हैं।**

लहसुन में इसमें विटामिन बी 1, बी 6 और सी के साथ-साथ मैंगनीज कैल्शियम, तांबा, सेलेनियम और कई अन्य खनिज होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, सुबह खाली पेट लहसुन खाने के बहुत फायदे होते है। इससे आपको डायबिटीज कंट्रोल करने, इम्युनिटी सिस्टम मजबूत बनाने, कैंसर से बचने आदि में मदद मिलती है।

शहद भी एक एंटीबायोटिक की तरह काम करता है और शरीर को डिटॉक्स करके हर तरह के इंफेक्शन को भी खत्म कर सकता है। साथ ही इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करता हैं। शहद में डूबे हुए लहसुन के सेवन से आप कई बीमारियों से भी बच जाते हैं।



### डायरिया से बचाने में सहायक

अगर आपको बार-बार डायरिया की समस्या हो रही है, तो इस पेस्ट का सेवन काफी फायदेमंद साबित हो सकता हैं। इसका सेवन करने से आपका पाचन तंत्र ठीक ढंग से काम करता हैं। जिसके कारण आपको पेट संबंधी किसी भी प्रकार का संक्रमण नहीं होता हैं।

### गले की खराश करता है दूर

इस मिश्रण का सेवन करने से आपको कई फायदे होते हैं जिनमें गले की खराश भी शामिल है. इसका कार यह है कि इनमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते है। जिसके कारण इसका सेवन करने से आपके गले में खराश और सूजन से आपको आराम मिल सकता है।

### दिल को स्वस्थ रखने में सहायक

लहसुन और शहद के पेस्ट का सेवन करना आपके दिल के लिए काफी फायदेमंद हैं। इसका सेवन करने से आपके दिल की धमनियों में जमा फैट बाहर निकल जाता है। जिसके कारण ब्लड सर्कुलेशन ठीक ढंग से होने लगता हैं। जो दिल के लिए फायदेमंद हैं।

# 'टैनिंग' से हैं परेशान, तो करें केसर का उपयोग!

यह खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ इससे त्वचा को भी कई लाभ होते हैं। चलिए जानते हैं केसर का यूज करके स्किन की कई परेशानियों से छुटकारा पाया जा सकता हैं।

धूप के कारण से त्वचा पर 'टैनिंग' की परेशानी हो जाती है। इसके लिए भी केसर का यूज किया जा सकता है। केसर और दूध का पेस्ट बनाकर 'स्किन' पर लगाएं जिससे 'टैनिंग' की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

केसर 'एंटीऑक्सीडैंट' से भरपूर होता है। इसका यूज करके बालों को स्वस्थ और चमकदार बनाया जा सकता है।

इसमें 'एंटीबैक्टीरियल' गुण पाएं जाते हैं, जिससे चेहरे के कील-मुंहासों की परेशानी दूर करने में मदद करते है। इसके लिए केसर के 10 रेशे और 5-6 तुलसी की पत्तियां लीजिए और इन दोनों का 'पेस्ट' बना लीजिए। इसे कुछ देर के लिए मुंहासों पर लगा कर रखें और फिर चेहरा धो लीजिए। क्या आपके चेहरे पर चोट लगने के बाद निशान पड गए हैं, तो आप केसर का यूज करके इन्हे दूर कर सकते हैं। इसके लिए दो छोटे चम्मच केसर को पानी में भिगोएं और पेस्ट तैयार कीजिए। अब इसमें कुछ बूंदे नारियल तेल की मिलाकर घाव पर लगाना चाहिए। हर रोज ऐसा करने से बेहद जल्दी घाव भर जाता है और उसके निशान भी कम हो जाएंगे।

# टेस्टी और प्रोटीन से भरपूर एग सैंडविच



इस यूनिक एग डिश को सुबह के मील और शाम के मील में लिया जा सकता है। खुली ब्रेड सैंडविच को प्रोटीन से भरपूर अंडे के साथ-साथ पोषक तत्वों से भरपूर पीली शिमला मिर्च और लाल शिमला मिर्च के साथ बनाया जाता है। बच्चों के लिए, आप पनीर मिला सकते हैं या इसे भी छोड़ना चुन सकते हैं।

**2-मिनट में स्टेप-बाय स्टेप एग सैंडविच रेसिपीः**

**स्टेप 1 :** एक मिक्सिंग बाउल में दो एग तोड़ें और कम से कम एक मिनट के लिए फेंटे।

**स्टेप 2 :** कटा हुआ प्याज़, पीली शिमला मिर्च, लाल शिमला मिर्च, ताज़ा धनिया पत्ती, कटी हुई हरी मिर्च, स्वादानुसार नमक, काली मिर्च पाउडर और थोड़ा दूध डालें, सब कुछ एक साथ मिलाएं।

**स्टेप 3 :** ब्रेड के दो स्लाइस लें, ब्रेट के सेंटर को काटें।

**स्टेप 4 :** एक पैन में थोड़ा बटर गरम करें, बाहरी ब्रेड कट-आउट को तवे पर रखें, ब्रेड के बीच में एग का मिश्रण भरें।

**स्टेप 5 :** इसके ऊपर एक पनीर का टुकड़ा रखें और ब्रेड के बीच के हिस्से को बंद करें जिसे हमने स्टेप 3 में काटा था। एक बार ब्रेड नीचे की तरफ से ब्राउन हो जाए, इसे पलटें और दूसरी तरफ भी पकाएं।

**स्टेप 6 :** दोनों तरफ से पक जाने के बाद, इसे मनचाहे आकार में काट लें और गरमागरम सर्व करें।

## आज की रेसिपी

# लौकी और केले की खीर



**सामग्री :**

- 800 gms फुल फैट दूध
- 400 ग्राम लौकी (छिलकर और साफ किया हुआ), कद्दूकस
- 2 केला, कद्दूकस
- 30 ग्राम खोया
- 20 ग्राम बादाम, टुकड़ों में कटा हुआ
- 10 ग्राम चिरौंजी
- 10 ग्राम काजू (क्रश)
- 90 ग्राम ब्राउन शुगर
- 1 टी स्पून इलायची पाउडर
- 25 ग्राम घी
- 8/10 केसर के रेशे

**विधि :**

▸▸ लौकी को साफ करके कददूकस कर लें. पके हुए केले को भी छील लें. बादाम को स्लाइस करें और काजू को क्रश करें.

▸▸ अब एक पैन में घी गरम करें और काजू और बादाम को भूनें. गार्निश के लिए कुछ अलग रखें.

▸▸ ब्राउन होने पर कद्दूकस की हुई लौकी डालें और धीमी आंच पर 8/10 मिनट तक पकाएं।

▸▸ इसमें दूध डालें और जब उबलने लगे तो आंच कम कर दें और इसे 25 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं. इसे बीच बीच में चलाते रहें.

▸▸ अब इसमें चीनी और खोया मिलाएं और इलायची पाउडर और केसर डालें और 2/3 मिनट तक पकाएं.